सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:07

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 29 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,454 |
| निफ्टी | 24,008 |
| सोना 96416 | चांदी 97,684 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



लारा बोले-टेस्ट क्रिकेट को कोहली की जरूरत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 12 मई 2025 | 30 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 133, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# वहां से गोली चले, तो यहां से गोला चलाएं

## प्रधानमंत्री के तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 'वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा'। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। वहीं, पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। भारत का संदेश बिलकुल साफ है कि अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। वहीं, जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई बातचीत नहीं**



### पहलगाम हमले के 8 दिन बाद ही तय हो गया था आतंकियों का अंजाम : डॉ. एस जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 1 मई को ही अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की थी। विदेश मंत्री ने अमेरिका को भारत के दो टूक संदेश में कह दिया था, 'हम पाकिस्तान में आतंकवादियों पर हमला करेंगे, और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।' इसके अलावा भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी पाकिस्तान को बेनकाब करने की पूरी तैयारी कर ली है।

### ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं : सरकार

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे 'नए सामान्य' की तरह स्वीकार करना होगा। वहीं, भारतीय वायुसेना ने रविवार को लोगों से कहा है कि वे अटकलें न लगाएं। यह भी कहा है कि बिना जांची-परखी खबरों को न फैलाएं।

### दोनों देशों के एनएसए के बीच नहीं हुई वार्ता

**सूत्रों** ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच न तो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) और न ही विदेश मंत्रियों के स्तर पर कोई वार्ता हुई है। सिर्फ दोनों देशों के सेना संचालन महानिदेशकों के बीच सीमित स्तर पर संवाद हुआ। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद का जवाब निर्णायक सैन्य कार्रवाई से ही दिया जाएगा। यह एक नए भारत का स्वरूप है, जहां बातचीत नहीं परिणाम दिए जाते हैं।

## भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन तीन उद्देश्यों को किया पूरा

### सैन्य उद्देश्य

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा था कि मिट्टी में मिला देंगे। भारत ने बहावलपुर, मुरिदके और मुजफ्फराबाद में मौजूद आतंकी शिविरों को पूरी तरह तबाह कर दिया। यह एक स्पष्ट सैन्य संदेश था- आतंक का स्रोत कहीं भी हो, भारत उसे नष्ट कर देगा।

### राजनीतिक उद्देश्य

**भारत** ने पहली बार सिंधु जल संधि को सीमा पार आतंकवाद से जोड़ दिया है। अब यह संधि तब तक निलंबित रहेगी, जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता। यह एक मजबूत और निर्णायक कूटनीतिक संदेश है।

### मनोवैज्ञानिक उद्देश्य

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि घुस के मारेंगे। भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर हमला किया और उसकी रणनीतिक रीढ़ को हिला दिया। यह सिर्फ भौतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी पाकिस्तान को झटका देने वाली कार्रवाई थी। (अनंत ज्ञान)

## ऑपरेशन सिंदूर में मारे पाक के 35-40 जवान



डीजीएमओ राजीव घई व अन्य ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग करते हुए।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डीजीएमओ राजीव घई ने रविवार मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि 9 और 10 मई की रात को भी पाकिस्तान ने एयरफील्ड और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की। थलसेना और वायुसेना की समेकित वायु रक्षा प्रणाली की वजह से हर हमले को नाकाम कर दिया गया। भारत की गोलाबारी में पाकिस्तान की सेना के 35-40 जवान मारे गए। डीजीएमओ ने बताया कि सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की।

सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आईं, लेकिन हमने गहन विचार-विमर्श किया, हमें एहसास हुआ कि इनमें से कुछ आतंकी केंद्र अब मौजूद नहीं हैं। हमने तय किया था कि हम केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाएंगे और आम नागरिकों के साथ-साथ दूसरे नुकसान को रोका जाएगा। खुफिया एजेंसियों ने नौ आतंकी शिविरों के बारे में पुष्टि की। इनमें से कुछ पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में थे, जबकि कुछ अन्य पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे। मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा का केंद्र है। पिछले कई वर्षों में यहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को ट्रेनिंग मिली है। (अनंत ज्ञान)

### 100 से अधिक आतंकी ढेर

सेना के अधिकारियों ने तस्वीरों के साथ विस्तार से बताया कि स्ट्राइक से पहले के हालात कैसे थे और सेना की कार्रवाई के बाद का मंजर कैसा है। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से कुछ आतंकी ठिकाने खाली हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के लिए सोच-विचार कर नौ आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। कंधार विमान अपहरण में शामिल रऊफ अजहर जैसे हाई वैल्यू टारगेट यानी वांटेड आतंकी को भी खत्म कर दिया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### संजय राउत ने उठाए सीजफायर पर सवाल



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर पर सरकार को घेरते हुए इसकी टाइमिंग पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समझौता ऐसे समय किया गया जब पाकिस्तान को सबक सिखाने का सुनहरा अवसर था। इसके साथ ही उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। राउत ने कहा कि इस समझौते से भारतीय सेना का मनोबल गिरा है और यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इशारे पर लिया गया। उन्होंने पूछा, ट्रंप का इस मामले से क्या लेना-देना है? राउत ने यह भी आरोप लगाया कि यह समझौता उस वक्त हुआ जब एक पाकिस्तानी मिसाइल दिल्ली की ओर बढ़ रही थी और उसे हरियाणा में गिराया गया। उन्होंने दावा किया कि गुजरात भी निशाना बन सकता था। (अनंत ज्ञान)

### पुणे के जितेंद्र ने फतह किया माउंट मकालू



**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे के पर्वतारोही जितेंद्र गवारे (42) ने शनिवार को सुबह माउंट मकालू पर्वत शिखर फतह किया। मकालू शिखर 8,485 मीटर ऊंचा दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इतनी ऊंची पर्वत चोटी पर चढ़ाई करने वाले जितेंद्र गवारे महाराष्ट्र के पहले पर्वतारोही बन गए हैं। इसके साथ ही, गवारे उन चुनिंदा भारतीय पर्वतारोहियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने नेपाल हिमालय की सभी आठ हजार मीटर ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की है। उन्हें महाराष्ट्र सरकार द्वारा शिव छत्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। जितेंद्र की यह जीत केवल सहास की जीत ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र में पर्वतारोहण के इतिहास में एक स्वर्णिम क्षण है। (अनंत ज्ञान)

### जयपुर में भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**जयपुर।** जयपुर में बस्सी थाना पुलिस ने मोहनपुरा पुलिया के पास दौसा से जयपुर की तरफ राजमार्ग पर लावारिस हालत में खड़ी एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध पिकअप से कुल 2075 किलो विस्फोटक जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल श्यामलाल ने रात करीब 2:30 बजे मोहनपुरा पुलिया के पास आगरा रोड पर स्थित अंशिका चाय की दुकान के सामने एक लावारिस पिकअप खड़ी होने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच के दौरान पाया कि पिकअप में 63 कार्टन और 10 प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## इस्लामाबाद तक सुनाई दी ऑपरेशन सिंदूर की धमक

### रक्षा मंत्री बोले- यह सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, भारत की सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की सैन्य कार्रवाई अब सिर्फ सीमित जवाब नहीं, बल्कि पाकिस्तान के भीतर तक असर दिखा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को एक अहम बयान देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ कर दिया है कि भारत अब आतंक के ठिकानों को सीमा पार भी नहीं बख्शेगा। उन्होंने कहा, 'इस ऑपरेशन की धमक रावलपिंडी और इस्लामाबाद तक सुनी गई है।' उन्होंने आगे कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि यह सिर्फ आतंकियों के खिलाफ नहीं था, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ था जो उन्हें पनाह देते हैं। उन्होंने कहा, 'जिन संगठनों ने भारत मां के माथे से सिंदूर मिटाया भारतीय सेना ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है।' उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने सिर्फ सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं रहकर पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए। भारत की यह कार्रवाई पूरी तरह टारगेटेड थी। इसमें आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप की तारीफ करते नहीं थक रहे पाक के पीएम शरीफ

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। बड़बोले ट्रंप की ओर से किए जा रहे ट्वीट पर पाकिस्तान तारीफ करते नहीं थक रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय एक्स पर पोस्ट पर अमेरिका व ट्रंप का आभार जता रहे हैं। बता दें कि ट्रंप ने रविवार सुबह कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के साथ मिलकर कश्मीर के मुद्दे का हजार साल बाद हल निकालने की कोशिश करेंगे। इसके बाद पाकिस्तान के शरीफ ट्रंप की तारीफों के पुल बांधने में जुटे हुए हैं। शरीफ ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के अग्रणी नेतृत्व और वैश्विक शांति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाने में बड़ी भूमिका निभाने के उनके सबसे मूल्यवान प्रस्ताव के लिए उनका बहुत आभारी हूं। (अनंत ज्ञान)

## बिल्डर को धमकाने के मामले में 20 साल बाद बरी हुआ छोटा राजन



**मुंबई।** केंद्र अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उस समय झटका लगा, जब एक विशेष कोर्ट ने दो दशक बाद गैंगस्टर छोटा राजन को एक बिल्डर को धमकाने के मामले में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह आरोप साबित करने में असफल रहा, क्योंकि गवाहों की गवाही में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। हालांकि, छोटा राजन अब भी तिहाड़ जेल में ही रहेगा। वह अभी मुंबई के क्राइम रिपोर्टर ज्योतिर्मय डे की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष का सबसे विश्वसनीय गवाह भी इस बात को लेकर निश्चित नहीं है कि फोन पर बिल्डर को धमकी देने वाला व्यक्ति वास्तव में छोटा राजन ही था। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### हिमाचल कैडर के 24 अफसर इधर से उधर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्रदेश प्रशासनिक सेवा से जुड़े 24 प्रशासनिक अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए हैं और रविवार शाम को उनके कार्यालय की तरफ से इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

2007 बैच के एचपीएएस अधिकारी नरेश ठाकुर को हिमाचल पावर कारपोरेशन का निदेशक (पर्सनल एंड फाइनेंस) नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव और परिवहन के अतिरिक्त आयुक्त के रूप में कार्य कर रहे थे। एचएएस अधिकारी चेतना खड़वाल को राज्य सूचना आयोग में सचिव बनाया गया है। विकास शुक्ला को कुल्लू से सुजानपुर का एसडीएम पद पर नियुक्ति दी है। डॉ. भावना को अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष योग्यजन सशक्तिकरण विभाग में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। सिरमौर के नए एसडीएम बनें पंकज शर्मा को बंजार से बदलकर कफोटा (सिरमौर) का एसडीएम बनाया है। हर्ष अमरेंद्र सिंह को शिमला में एसडीएम संजय को शिमला में सहायक निपटारा अधिकारी और प्रदीप कुमार को कांगड़ा में सहायक निपटारा अधिकारी नियुक्त किया गया है। निशांत तोमर को रामपुर से बंजार का एसडीएम नियुक्त किया गया है। लाहौल-स्पीति के संकल्प गौतम को अब बैजनाथ का एसडीएम और देवी चंद को बैजनाथ से शिमला में उपायुक्त का सहायक आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं मनोज कुमार-तीन (एचपीएएस 2020) को लाहौल-स्पीति के उदयपुर से स्थानांतरित कर ऊना नगर निगम का संयुक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है। डॉ. संजय भागवती को शिमला के जिला पर्यटन विकास अधिकारी पद से शहरी विकास विभाग में संयुक्त निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा और भी अधिकारी बदले गए हैं।

### हरीश गज्जू को प्रदेश कृषि व ग्रामीण विकास बैंक के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त जिम्मा

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अतिरिक्त सचिव हरीश गज्जू को प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। 2011 बैच के ज्ञान सागर नेगी को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया गया है और डॉ. सोनिया ठाकुर को ग्रामीण विकास के अतिरिक्त निदेशक के पद पर नियुक्त है। सरकार ने 2012 बैच के जगन ठाकुर को हिमफेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, 2013 बैच के शशि पाल नेगी को सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय मंडी का रजिस्ट्रार बनाया गया है। वह डॉ. मदन कुमार की जगह लेंगे, जो अब तक इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। एचएएस अधिकारी सुनयना शर्मा को कुल्लू से मंडी डिवीजन में सहायक आयुक्त बनाया गया है। एचएएस राम प्रसाद को कांगड़ा से हमीरपुर नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है।

## प्रदेश में तीन के दिन बाद मिलेगी बारिश से राहत!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बारिश, बर्फबारी के दौर से राहत मिल सकती है। बुधवार से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम हो सकता है, जो मौसम की अस्थिरता को स्थिर बनाएगा। हालांकि 12 से 14 में तक मध्य और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। साथ ही चंबा कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जैसे जिलों के कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

बुधवार यानी 15 मई से बारिश में काफी कमी आने की उम्मीद है। केवल ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की वर्षा संभव है। तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

**पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ेगा, 14 मई तक मौसम रहेगा खराब**

नतीजतन, पांवटा साहिब, ऊना और बिलासपुर जैसे निचले इलाकों में गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रहने की उम्मीद है, जिससे सप्ताहांत तक लू जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। रविवार को हमीरपुर में 19.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। शिमला में 14.6 डिग्री सेल्सियस, चंबा में 14.5 डिग्री सेल्सियस और सोलन में 14.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**

- असाध्य रोगों में पंचकर्मा हो रहा मरीजों के लिए वरदान साबित - पेज 2
- झंडूता के ठप्पर गांव में 10 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप -पेज 6
- महापौर के आश्वासन के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मी -पेज 6
- ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण कार्य रोका -पेज 9
- जाबली में लकड़ी तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार -पेज 12

## कश्मीर से हिमाचली छात्रों की सुरक्षित वापसी

### कांगड़ा में एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा व अन्य के साथ कश्मीर से वापस लौटे विद्यार्थी।

भारत-पाक के बीच उपजे तनाव के चलते शेर-ए-कश्मीर कृषि विवि और अन्य संस्थानों में पढ़ने वाले हिमाचल के लगभग 40 छात्र वहां फंस गए थे। हिमाचल सड़क परिवहन निगम को तुरंत उनकी सुरक्षित वापसी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एचआरटीसी की एक विशेष बस को जम्मू भेजा गया था। जम्मू और कश्मीर सड़क परिवहन निगम के साथ आगे समन्वय किया गया, जिसने छात्रों की श्रीनगर से जम्मू तक की यात्रा की व्यवस्था की। छात्र 10 मई की देर रात जम्मू पहुंच गए और रात को वहीं रहे। 11 मई को दोपहर बाद करीब 2 बजे सभी छात्र सुरक्षित कांगड़ा बस स्टैंड पहुंच गए।

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छात्रों से की बात**

यहां पर एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने खुद बच्चों का स्वागत किया। अजय वर्मा ने सभी छात्रों से अपने कार्यालय में बात की और उनके लिए खाने का इंतजाम किया। कांगड़ा पहुंचने के बाद सभी छात्रों से मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात की। परिवहन निगम ने कांगड़ा से सभी छात्रों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए अलग से व्यवस्था की। सुरक्षित वापसी पर सभी छात्रों ने मुख्यमंत्री, प्रदेश सरकार और एचआरटीसी निदेशक अजय वर्मा का आभार जताया।

**राहत** हिमाचल प्रदेश में नए अधिसूचित शहरी क्षेत्रों को पानी शुल्क और संपत्ति कर में छूट

## अगले तीन साल तक ग्रामीण दरों पर ही मिलेगा पानी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल में नवगठित और स्तरोन्नत शहरी स्थानीय निकायों के तहत आने वाले लोगों को राहत भरी

**47820 उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ**

खबर है। सुक्खू सरकार ने आगामी तीन सालों तक जल की आपूर्ति ग्रामीण दरों पर लागू करने का फैसला किया है। इसके अलावा इन क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति कर में छूट प्रदान करने की भी अतिरिक्त खुशी दी गई है। दोनों तरह के निर्णय से राज्य के कुल 47,8,20 उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभ की श्रेणी में आएंगे। सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी है कि प्रदेश में हाल ही में नवगठित और अपग्रेड हुए शहर स्थान निकायों के तहत आने वाले लोगों को पानी शुल्क में रियायत के अलावा इन क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति कर में छूट प्रदान की गई है। सरकार ने हाल ही में शहर स्थानीय निकायों में शामिल लोगों को सुगम और सहज रूप से शहरी व्यवस्था में शामिल करने के उद्देश्यों से यह फैसला लिया गया है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान विशेष

### लोगों पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त आर्थिक बोझ

**यह** निर्णय शहरी निकायों के पुनर्गठन के कारण यहां रहने वाले लोगों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से शहरी निकायों के पुनर्गठन के दौरान इन क्षेत्रों में शामिल होने वाले लोगों का जीवन स्तर प्रभावित नहीं होगा।

### बेहतर बुनियादी सुविधाएं भी होंगी सुनिश्चित

**पानी** की दरों में रियायत और संपत्ति कर में छूट से इन क्षेत्रों के निवासी बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक दबाव के जीवनयापन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि इन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित होंगी।

### प्रदेश में बनाई हैं 14 नई नगर पंचायतें

**हाल** ही में प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत सरकार ने प्रदेश में 14 नई नगर पंचायतें गठित की हैं, जिनमें संधोल, धर्मपुर, बलद्वाड़ा, बनीखेत, खुंडियां, कोटला, नगरोटा सूरियां, कुनिहार, झंडूता, स्वारघाट, बड़सर, भराड़ी, बंगाणा और शिलाई शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हमीरपुर, ऊना और बद्दी को नगर निगमों में अपग्रेड किया गया है, जबकि नादौन और बैजनाथ-पपरोला को नगर परिषदों का दर्जा प्रदान किया गया है।

# टिक्कर-मनोह सड़क का होगा विस्तारीकरण

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र की टिक्कर से मनोह करीब 12 किलो मीटर सड़क का अब विस्तार होगा। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है और सड़क के निर्माण पर 11 करोड़ 97 लाख रुपए खर्च होंगे।

लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधीन आने वाली टिक्कर से मनोह वाया जख्योल, रमेहड़ा, सुलखान व धिरवीं करीब 12 किलो मीटर लंबी सड़क चौड़ी होगी। इससे कडोहता, भकेड़ा, रौंही, भोरंज व खरवाड़ पंचायत के करीब 15 गांवों के ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## सड़क के विस्तारीकरण से वाहन चालकों को मिलेगी राहत



**यह** सड़क वर्षों पुरानी होने के कारण अब वाहनों की आवाजाही के लिए तंग हो चुकी थी। इससे वाहन चालकों को वाहनों को पास देने में भी दिक्कत होती थी। 25 फरवरी को आयोजित परियोजना आंतरिक स्वीकृति समिति की 141वीं बैठक में हिमाचल प्रदेश के छह जिलों की 10 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिली है, जिनमें हमीरपुर जिला की दो, बिलासपुर की एक, कांगड़ा की तीन, मंडी की एक, शिमला की दो व सिरमौर की एक सड़क शामिल है। इन सड़कों के विस्तारीकरण से वाहन चालकों के साथ ग्रामीणों को तंग सड़के से राहत मिलेगी।

## विधायक सुरेश का जताया आभार

**सड़क निर्माण पर खर्च होंगे 11.97 करोड़ रुपए**

**खरवाड़** पंचायत प्रधान भागां देवी, भकेड़ा पंचायत उप प्रधान सुरेंद्र कुमार, भोरंज पंचायत प्रधान पूजा देवी, ब्लॉक समिति सदस्य वीना देवी, पूर्व प्रधान भकेड़ा रतन चंद व अन्य का कहना है कि टिक्कर-मनोह सड़क के विस्तारीकरण से ग्रामीणों को अच्छी सड़क की सुविधा मिलेगी। उन्होंने भोरंज विधायक सुरेश कुमार का सड़क के विस्तारीकरण के लिए धन राशि स्वीकृत करवाने का आभार प्रकट किया है।

# न्यू एंट्री गेट और वोकेशनल लैब जल्द होगी तैयार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

स्थानीय बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए न्यू एंट्री गेट और वोकेशनल लैब बहुत जल्द तैयार हो जाएगी। तकरीबन 12 लाख रुपए की लागत से इसका काम शुरू हो गया है। स्कूल के खेल मैदान को आधुनिक रूप देने की वजह से इसमें कोरियन घास लगाई गई है। यहां वाहनों की एंट्री मुकम्मल तौर पर बंद कर दी गई है। इसलिए अब बॉयज स्कूल के अंदरुनी हिस्से के लिए वाहनों की एंट्री नए गेट से ही होगी।

कारण यह है कि काफी समय से स्कूल स्टाफ के लिए वाहनों की एंट्री नहीं हो पा रही थी। ऐसा नहीं है कि भीतरी व्यवस्था में उन्हें खड़ा करने की जगह नहीं है। जगह तो बराबर है, लेकिन एंट्री गेट नहीं था। जहां स्पेस खाली था, वहां के लिए अब अलग एंट्री गेट बनाया जा रहा है। उसका काम कुछ दिन पहले शुरू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)


निर्माणाधीन न्यू एंट्री गेट।

## 12 लाख की लागत से होगा कार्य

**हिमुडा** की मार्फत यह काम हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा इस गेट के खर्च के अलावा भीतर में वोकेशनल शिक्षा की लैब का भी काम होना है। यह सारा कार्य तकरीबन 12 लाख से मुकम्मल होना है। अब क्योंकि काम शुरू हो गया है, तो फिर स्कूल के स्टाफ को अलग से सुविधा प्रदान हो जाएगी। बाजार से होकर जो मुख्य गेट है, वहां से वाहनों की एंट्री आसान काम नहीं है। इसीलिए अब बस स्टैंड के सामने से नई जगह पर एक बनाने का काम जारी है।

## वोकेशनल शिक्षा के बजट के तहत हो रहा कार्य : प्रिंसिपल

**स्कूल** के प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद का कहना है कि अब क्योंकि स्कूल मैदान पर वाहनों की एंट्री मुकम्मल तौर पर बंद कर दी गई है और एक योजना के तहत अब नया गेट बनाया जा रहा है। इस वोकेशनल शिक्षा के बजट के तहत तैयार किया जा रहा है। गेट के थोड़ा आगे चलकर वोकेशनल शिक्षा की लैब भी तैयार हो रही है। यह सारा काम ही हिमुडा कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के खिलाफ युवाओं को करें जागरूक : प्रद्युमन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश में युवाओं के बीच तेजी से फैल रहे नशा सेवन पर चिंता जताते हुए हिमाचल ह्यूमन प्राइड एनजीओ के लीगल एडवाइजर एडवोकेट प्रद्युमन सिंह ने कहा कि यह एक गंभीर सामाजिक संकट बन चुका है, जिसे नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता। नशे की गिरफ्त में आकर युवा अपना जीवन और भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं। प्रद्युमन सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि परिवार और समाज की तबाही का कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि नशे की पहुंच आज छोटे-छोटे गांवों और स्कूलों तक हो चुकी है, जो कि एक चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएं नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में फ्री काउंसलिंग कैंप और हेल्पलाइन शुरू की जाए। प्रद्युमन सिंह ने बताया कि उनका एनजीओ 'हिमाचल ह्यूमन प्राइड' जल्दी ही पूरे प्रदेश में नशा मुक्त हिमाचल अभियान चलाने जा रहा है, जिसमें रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर अभियान और कानूनी जागरूकता शिविर शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की 'नशा छोड़ो, शिक्षा और सेवा को अपनाओ। हिमाचल को नशे से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### कंस वध व रुक्मिणी विवाह के सुनाए प्रसंग



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र के अंतर्गत लोअर हड़ेटा के रामतीर्थ में श्रीमद् भागवत कथा संकीर्तन महामहोत्सव जारी है। कथा के छठे दिन कथाव्यास अमित लखनपाल ने कंस वध व रुक्मिणी विवाह के प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर कंस के अत्याचार से बढ़ गए तो लोग भगवान से गुहार लगाने लगे, तब भगवान श्री कृष्णा धरती पर अवतरित हुए। कंस ने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को कई बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास असफल साबित होता रहा। कंस ने मल्ल युद्ध के बहाने 11 वर्ष की अल्पायु में कृष्ण और बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए। अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने माता-पिता वसुदेव और देवकी और महाराज उग्रसेन को कारागार से मुक्त कराया।

### नहाते समय युवक कुनाह खड्ड में डूबा

**शशि सोनल, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत बड़ा क्षेत्र के गांव पलासी का एक 17 वर्षीय युवक कुनाह खड्ड में नहाते समय डूब गया है। युवक के डूबने की खबर मिलते ही एसडीएम राकेश, तहसीलदार रोहित कंबर, नायब तहसीलदार वेद प्रकाश व डीएसपी वेद प्रकाश रेस्क्यू करने के लिए मौका पर पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक का रेस्क्यू किया जा रहा है। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि नहाते समय डूबा युवक रोहित कुमार पुत्र संजीव कुमार नादौन के बड़ा क्षेत्र के प्लासी गांव का रहने वाला था। रोहित, अभिषेक व एक अन्य दोस्त तीनों नहाने के लिए भरोबड़ के पास कुनाह खड्ड में गए थे। अभिषेक ने बताया कि इसका दोस्त रोहित नहाते समय कुनाह खड्ड में डूब गया जिसे ढूंढने की काफी कोशिश की परन्तु नहीं मिला। अभिषेक ने इसकी सूचना पुलिस थाना नादौन में दी है।



### नेहा मानव सेवा सोसायटी का रक्तदान कैंप कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेहा मानव सेवा सोसायटी द्वारा मदनलाल धीमान की पुत्री स्व वंशिका धीमान की पुण्य स्मृति में 13 मई को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बिझड़ी के समताणा पंचायत के गांव जनैहन में 32वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर दिवंगत वंशिका धीमान की स्मृति में समर्पित रहेगा। इस शिविर का आयोजन प्रातः 10 से सायं 4 तक किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संस्थापक राजन कुमार ने सभी नजदीकी इलाका वासियों से इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी स्वस्थ नागरिक चाहे युवक हों या युवतियां इस पुण्य अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें। शिविर के आयोजक व नेहा मानव सेवा सोसायटी के संस्थापक पवन बरूर ने बताया कि यह शिविर उनके संकल्प '108 रक्तदान शिविरों की माला' का हिस्सा है, जिसे वे समाज सेवा के रूप में पूर्ण करना चाहते हैं। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से रक्त सेवा सम्मान व मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

### लड़की और महिला को ढूंढ कर परिजनों के पास पहुंचाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना नादौन क्षेत्र के अंतर्गत 4 मई को एक प्रवासी महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला पंजीकृत करवाया था। महिला ने पुलिस को बताया कि कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार टीम गठित करके कार्रवाई करते हुए विभिन्न तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से रविवार को नाबालिग लड़की को पुलिस की टीम द्वारा दरभंगा जिला बिहार से बरामद कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद की गई लड़की को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को सकुशल सौंप दिया गया है। इसी तरह 2 दिसंबर को थाना सुजानपुर के अधीन एक स्थानीय क्षेत्र की महिला की गुमशुदगी पंजीकृत हुई थी। इस मामले में भी पुलिस अधीक्षक, जिला हमीरपुर के दिशा-निर्देशानुसार टीम गठित करके कार्रवाई करते हुए विभिन्न तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से 10 मई को उक्त गुमशुदा महिला को पुलिस की टीम ने बरामद कर लिया गया है। बरामद की गई उक्त महिला को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को सकुशल सौंप दिया गया है।

### खरीददारी के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में चल रहे भव्य कार्निवल में भारत-पाक युद्ध को देखते हुए स्टार नाइट सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आगामी कुछ दिनों तक रोक दिए गए हैं। मेला कमेटी की ओर से नवीन सैनी ने बताया कि स्थिति सामान्य होते ही बाकी बची स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध पहाड़ी गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा कार्निवल में अन्य गतिविधियां पहले जैसी चल रही हैं। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन तथा खरीददारी के लिए दुकानों में काफी संख्या में लोग सामान लेने पहुंच रहे हैं। जब से आयोजन आरंभ हुआ है तब से यहां पर स्टार नाइट में प्रदेश के प्रसिद्ध गायक आमित मित्तू, अजय भरमौरी, सौरभ शर्मा, संजीव जोगी, मोहित गर्ग, राज जैरी, बहादुर भारद्वाज तथा हिल रूट बैंड, भांगड़ा नाइट, गुरू बैंड आदि अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं।

## बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क का 18 दिनों में 4 किलोमीटर तक हुआ काम

# पक्की सड़क के लिए दो माह का इंतजार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

उपमंडल भोरंज के तहत बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाने का कार्य तो शुरू कर दिया है, लेकिन पिछले 18 दिनों सड़क काम 4 किलोमीटर तक ही पूरा हो पाया है। बढार से झनिकर तक इसकी कुल लंबाई 9 किलोमीटर है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़क के बाकि बचे हुए कार्य के लिए अभी 31 मई तक का समय लगेगा। लोगों का कहना है कि एफडीआर तकनीक लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। सड़क की खराब हालत के कारण वाहन ले जाना भी मुश्किल हो गया है वहीं इस सड़क पर जाने वाली बसों के पहिए भी थम गए हैं।

बता दें कि एफडीआर तकनीक से इस सड़क का कार्य दिसंबर माह से शुरू किया गया था, पहले इस सड़क की टारिंग को उखाड़ा गया उसके साथ ही जल शक्ति विभाग ने पेयजल पाइपों को गहराई से दबाने के लिए काफी समय लगा दिया। अब जबकि एफडीआर तकनीकी से कार्य शुरू किया गया है तो मौसम के खराब होने के कारण सड़क को पक्का करने का कार्य दिन प्रतिदिन लेट होता जा रहा है। फरवरी माह में पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया था लेकिन उसके डेढ माह बाद इसे पक्का करने का शुरू किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि जो मशीनरी लगाई गई है उसे सड़क से उखाड़े जा रहे मैटीरियल में सीमेंट और कैमिकल मिलाकर पक्का किया जा रहा है। जिसके लिए समय लग रहा है। उखड़ी सड़क दोपहिया वाहन चालकों के साथ छोटे चैपहिया वाहनों के लिए मुसीबत बन चुकी है।(अनंत ज्ञान)


बिरड़ी गांव की सड़क को तैयार करने के लिए उखाड़ी गई सड़क।

**पिछले 4 महीनों से उखड़ी सड़क से लोग परेशान**

**लोगों को पानी भी कई दिन बाद हुआ नसीब**

## कार्य जल्द करवाने की करेंगे कोशिश : केके

**इस** बारे में लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि बढार से झनिकर सड़क का एफडीआर तकनीक से निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 4 किलोमीटर ही इस तकनीक से बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 31 मई तक एफडीआर तकनीक से सड़क को पक्का करने का कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद टारिंग का कार्य शुरू किया जाएगा जिसका 30 जून तक टारगेट है। उन्होंने बताया कि इस सड़क को जितना जल्दी होगा तैयार करवाने की कोशिश की जाएगी।

## बारिश के कारण कई दिनों तक नहीं हो पा रहा काम

**गौर** रहे भोरंज उपमंडल में इस तरह की दो सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि इस तरह सड़क के निर्माण में पैसा और समय अधिक लग रहे हैं और यह कितने समय तक खराब नहीं होगी। इसके बारे में अभी सड़क के पक्का होने के बाद ही पता चलेगा। बारिश होने से सड़क को पक्का करने में मुश्किल हो रहा है और बारिश के कारण कई दिनों तक काम नहीं हो पा रहा है।

# हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में करवाई क्षमता विकास कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में रविवार को जीवन कौशल (लाइफ स्किल) विषय पर एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाना था, जिनका प्रयोग वे न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में कर सकें, बल्कि कक्षा-कक्ष में छात्रों के समग्र विकास के लिए भी प्रभावशाली रूप से कर सकें।

इस कार्यशाला का संचालन दो अनुभवी और ऊर्जावान रिसोर्स पर्सन प्रियंका गुप्ता प्रवक्ता, जीव विज्ञान, डीएवी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर एवं शैली गुलाटी टीजीटी, सामाजिक विज्ञान, डीएवी सेंटररी पब्लिक स्कूल, मंडी द्वारा किया गया। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने सत्रों को संवादात्मक, गतिविधि-आधारित और अत्यंत प्रभावशाली बनाया। आज की कार्यशाला में कुल 61 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, अकादमिक समन्वयक विनिता गुप्ता एवं छात्र कल्याण संघ अध्यक्ष संजीव कुमार की विशेष उपस्थिति ने इस एक दिवसीय कार्यशाला को और अधिक प्रेरक बनाया।

कार्यशाला के अंत में फीडबैक सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिक्रिया साझा कीं। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अनुरूप था, जो शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास तथा जीवन भर सीखते रहने की भावना को प्रोत्साहित करता है। स्कूल का यह प्रयास निश्चित रूप से शिक्षकों के व्यक्तिगत और पेशेवर सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

# डुगयार, बरला सोहारी बाजार में पानी को तरसे लोग

**एसके ठाकुर, बड़सर**

पेयजल के लिए डुगयार, बरला सोहारी बाजार एक सप्ताह से नलके ड्राई हुए हैं। कई बार विभाग के अधिकारियों कर्मचारी एवं फील्ड वर्कर से मौखिक टेलिफोन के माध्यम से बार-बार शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब पेयजल समस्या से अवगत करवाया जाता है तो आईपीएच विभाग के कर्मचारी करते हैं ककी व्यास से ही पानी कम आ रहा है इसलिए समस्या बनी हुई है।

स्थानीय लोगों तिलक राज शर्मा ,कुलदीप सिंह, मदनलाल ,सोमनाथ

**पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा इधर-उधर**

प्रकाश चंद, राजेश कुमार, कमला देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी , आशा देवी, कमलेश कुमारी, संतोष कमारी आदि ने पेयजल समस्या के बारे में बताया कि पिछले एक सप्ताह से पेयजल की भारी समस्या चल रही है जिसके चलते सारा दिन पेयजल के जुगाड़ के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

ढुगयार , बरला सोहारी बाजार में लगभग 1000 के करीब आबादी पिछले एक सप्ताह से पानी की समस्या से बुरी तरह से जूझ रही रही है। लोगों का कहना है अगर विभाग ने समय रहते पानी की समस्या का हल नहीं किया तो फिर मजबूरन विभागीय अधिकारियों का घेराव करना पड़ेगा। हालांकि लोगों का कहना है की पेयजल समस्या को लेकर स्थानीय विधायक आईडी लखनपाल से समस्या को हल करने के लिए गुहार लगाई है। जल आपूर्ति विभाग के जूनियर इजीनियर अनिल धीमान ने कहा कि इन गांवों को पेयजल आपूर्ति पंजारड स्थित टैंक से की जाती है वहां पर भी सप्लाई व्यास से आती है व्यास पेयजल स्कीम में स्थापित मोटर खराबी के चलते समस्या आ रही है । जल्दी गांवों की पेयजल समस्या हल करती जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# धंगड़ में निकाली भव्य कलशयात्रा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में आज भव्य कलशयात्रा निकालकर भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

ये कलशयात्रा हनुमान मंदिर धरोड़ से भागवत कथा स्थल धंगड़ तक निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र का बतावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय हो गया था एवं कलश यात्रा में निकाली गई राधा कृष्ण की झांकी बेहद आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी।

इस दौरान भागवत भगवान कों बैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ व्यास पीठ पर विराजमान किया गया।


भागवत कथा के दौरान कस्बा बड़ा में निकाली गई कलशयात्रा ।

कथा कमेटी के सदस्य रघुनंदन कौंडल ने बताया कि ये धार्मिक आयोजन 18 मई तक आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध कथा बाचक पंडित अंकुश शर्मा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अपने मधुर कंठ से व्याख्यान करेंगे। 18 मई को भागवत कथा के समापन पर पूर्ण आहुति डालते हुए विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, वहीं विशाल भंडारा भी उसी दिन आयोजित होगा और शाम को महामाई का विशाल जागरण होगा। (अनंत ज्ञान)

# मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति अटकी कार्यकर्ताओं का जोश पड़ा ठंडा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति एक साल से अटकी हुई है। तीन बार नामों की सूची बदली गई, फिर भी अब तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया। इससे पार्षद बनने की इच्छा रखने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह फीका होता दिख रहा है।

कांग्रेस सरकार बनने के बाद परंपरा के अनुसार अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए नगर परिषद सुजानपुर में चार मनोनीत पार्षद नियुक्त किए गए थे, लेकिन पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के कांग्रेस से बगावत करने के बाद इन पार्षदों को निलंबित कर दिया गया। तब से ये पद खाली हैं। कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन पदों पर नियुक्ति की उम्मीद में तैयारी शुरू कर दी थी। नगर परिषद ने बाकायदा नामों की सूची भेजी। तीन बार सूची बदली गई, लेकिन अब तक कोई नाम फाइनल नहीं हुआ। अब जब पंचायती चुनावों की आहट है, तो कार्यकर्ताओं को लगने लगा है कि अब नियुक्ति नहीं होगी। उनके मन में पाले गए सपनों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कार्यकर्ताओं का जोश अब ठंडा पड़ने लगा है।

# सरकार के सहयोग से हो रहे विकास कार्य : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधायक कै रणजीत सिंह राणा ने रविवार को ग्राम पंचायत चबूतरा के अलग अलग गांव में जाकर 'विधायक घर द्वार' के तहत कार्यक्रम किए। विधायक का गांव वासियों द्वारा स्वागत व अभिनन्दन किया गया। विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए पाकिस्तान द्वारा की जा रही गोलीबारी में जिला कांगड़ा के शाहपुर के रणबांकुरे सूबेदार मेजर पवन कुमार जो कि वीरगति को प्राप्त हुए हैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



विधायक ने बताया कि सुजानपुर के सर्वत्र विकास का संकल्प लिया है और उसी के आधार पर कार्य कर रहा हूं। न सरकार के पास पैसे कि कमी है और न ही हमने सुजानपुर में विकास कि कमी छोड़ी है।

चबूतरा पंचायत में स्थित विद्यालय के शौचालयों के लिए बजट का प्रावधान किया, सत्संग घर के डंगे के लिए, बड़बदार से पुरषोत्तम के घर तक जो कि 2021 कि बरसता में डंगा गिर गया था उसके लिए बजट का प्रावधान किया गया। चबूतरा पंचायत के लिए लगभग 10 लाख रुपए का बजट हमने दिया। इससे पहले भी लगभग 5 लाख के कार्य चबूतरा पंचायत में संपन्न हो चुके है जो बड़ी बात है। जनता ने विधायक का धन्यवाद भी व्यक्त किया और खास तौर पर गुजरेड़ा वासियों ने विधायक द्वारा बनवाए गए रास्ते के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## लोगों के लिए दुखदायी बना फोरलेन निर्माण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल नादौन से होकर निकल रहे निर्माणाधीन फोरलेन ने नगर परिषद नादौन के वार्ड नंबर सात के एक हिस्से के बाशिंदों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। निर्माण के चलते वार्ड नंबर सात के कुछ हिस्से का संपर्क सडक़ मार्ग से कट गया है। मार्ग कनेक्टिविटी टूट जाने की वजह से अब दूसरे मार्ग से होकर जाने में कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में लगी हुई कंपनी के अधिकारियों को समस्या से कई बार अवगत करवाया जा चुका है।

**समस्या** — भरेड़ी बाजार में खतरनाक गड्ढे को विभाग ने रविवार को किया दुरुस्त

# बस्सी-तताहर सड़क निर्माण बना मुसीबत

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

बस्सी से तताहर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय अब परेशानी का सबब बनता जा रहा है। यह सड़क आधुनिक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से बनाई जा रही थी, लेकिन निर्माण कार्य के अधूरे छोड़ दिए जाने और मूलभूत सुविधाओं की कमी ने इसे जानलेवा बना दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे जगह-जगह गड्ढे और जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। खासतौर पर बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो गई है।



जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़क पर पानी भरने लगा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। भरेड़ी बाजार क्षेत्र में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक रही। यहां स्कूल गेट के सामने सड़क के बीचों-बीच एक गहरा गड्ढा बन गया था, जो लगातार हादसों को न्योता दे रहा था।

स्थानीय व्यापारियों और अभिभावकों ने बार-बार इस समस्या की ओर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग का ध्यान दिलाया।

विभाग ने रविवार को मौके पर जाकर सड़क को उखाड़ा और वहां नई ड्रेनेज पाइप डाली गई। इसके बाद गड्ढे को मिट्टी व बजरी से भरकर समतल किया गया, जिससे आवाजाही फिर से सुचारु हो सकी।

## पानी निकासी का हो स्थायी समाधान

**इस** विषय में भोरंज उपमंडल के तहत आने वाले भरेड़ी अनुभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ने बताया, 'भरेड़ी बाजार में सड़क के बीच बने गड्ढे को रविवार को ठीक करवा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए और पूरे मार्ग में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाले मानसून सीजन में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# असाध्य रोगों में पंचकर्मा हो रहा मरीजों के लिए वरदान साबित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पंचकर्मा से असाध्य रोगों का उपचार भी संभव है इसके कई प्रमाण हैं। जो मरीज पीजीआई से वापस आकर आयुर्वेद से ठीक हो जाए उससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है। एक ऐसा की एक मरीज आयुर्वेद अस्पताल में आया था जिसका एक्सीडेंट हो गया था, सभी जगह से निराशा हाथ लगने के बाद परिजनों से आयुर्वेद अस्पताल में पंचकर्मा करवाना शुरू किया।

पंचकर्मा करने के कुछ दिनों बाद ही उसके बाजू और टांगें हरकत करनी लगी। पंचकर्मा करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि इसे ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे। इसी तरह पंचकर्मा करवाने के लिए नगर निगम हमीरपुर के वार्ड नंबर एक कृष्णानगर में आयुर्विज्ञान पंचकर्मा एंड वेलनेस सेंटर खोला गया है। जिसमें ट्रेड स्टाफ असाध्य रोगों का उपचार करेंगे। आयुर्विज्ञान पंचकर्मा एंड वेलनेस सेंटर का अभी हाल ही में उद्घाटन किया गया है।

डॉ. नितिका शर्मा ने बताया कि उन्हें चार वर्ष का आरएमओ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का अनुभव है उन्होंने यहां पर रहकर कई मरीजों का उपचार किया है। उन्होंने बताया कि जब एलोपैथी से मरीज को कोई फर्क नहीं पड़ता उसे पंचकर्मा से काफी लाभ मिलता है। वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षित स्टाफ रखा गया है और महत्वपूर्ण उपकरण भी लगाए गए हैं।

# शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि, हर आंख हुई नम

## तिरंगे में लिपटकर आई पार्थिव देह की झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में उमड़े लोग, बेटे ने दी मुखाग्नि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

पाकिस्तान की ओर से अचानक की गई फायरिंग में जवाबी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार


शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार।

जरियाल (48) का तिरंगे में पार्थिव शरीर दोपहर 3 बजे जैसी ही क्षेत्र में पहुंचा हर किसी की आंख नम हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ। पवन कुमार जरियाल की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोग उनके घर की ओर दौड़ पड़े।

शहीद पवन की पार्थिव देह उनके गांव पहुंची तो पूरे गांव में पाकिस्तान मुर्दाबाद और पवन कुमार अमर रहे के नारों से गूंजने लगे। उसके बाद शहीद पवन के पिता गरज सिंह ने उन्हें सलामी दी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जिला कांगड़ा पुलिस प्रशासन के भी कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

बलिदानी पवन कुमार अपने पीछे बुजुर्ग पिता गरज सिंह, पत्नी सुषमा देवी, पुत्र अभिषेक कुमार और पुत्री अनामिका को छोड़ गए हैं। उनका बेटा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है, जबकि बेटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है।

बता दें कि भारतीय सेना की 25 पंजाब रैजीमेंट में अपनी सेवाएं दे रहे सूबेदार मेजर पवन कुमार की तैनाती इन दिनों जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील पुंछ सैक्टर में थी। देश की रक्षा करते हुए दुश्मन की गोलियों का सामना किया और मातृभूमि की लाज बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

कांगड़ा जिले का शाहपुर उपमंडल आज शोकाकुल है। हर आंख नम है, लेकिन हर सीने में देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले अपने बेटे के लिए गर्व भी है। झुलाड़ गांव के सपूत सूबेदार मेजर पवन कुमार बीते दिन जम्मू-कश्मीर के पुंछ सैक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की नापाक गोलीबारी का जवाब देते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। यह विडंबना है कि 2 महीने बाद ही वह सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन तकदीर को कुछ और ही मंजूर था तथा देश की रक्षा करते हुए इससे पहले ही उन्होंने अपना बलिदान दे दिया।


तिरंगे में लिपटा गांव पहुंचा शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार का पार्थिक शरीर।



### पाकिस्तान मुर्दाबाद से गूंज उठा गांव

**रविवार** को जब उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर पैतृक गांव झुलाड़ पहुंचा, तो पूरा गांव सिसक उठा। गांव में मातम पसरा हुआ है, हर गली, हर घर से शोक की लहर उठ रही है। बावजूद इसके, हर किसी की आंखों में एक चमक थी, यह गर्व की चमक थी कि उनका बेटा देश के लिए शहीद हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और सेना के अधिकारी शहीद को अंतिम विदाई देने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। जैसे ही तिरंग में लिपटे शहीद जवान की पार्थिव गांव में पहुंची तो पूरा गांव सूबेदार मेजर पवन कुमार अमर रहे भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा।

### कलेजा फटा, लेकिन पिता में साहस भी दिखा


**शहीद** पवन कुमार का परिवार एक सैन्य पृष्ठभूमि से है। उनके पिता गरज सिंह भी भारतीय सेना में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बेटे की शहादत की खबर सुनकर उनके पिता का कलेजा फट गया, लेकिन एक सैनिक के पिता का साहस भी दिखाई दिया। नम आंखों से उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि शायद यही उसके भाग्य में लिखा था। पवन अपने पीछे एक बेटा और बेटी छोड़ गए हैं, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार के लिए यह क्षति इतनी बड़ी और असहनीय है कि इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शहीद पवन कुमार को श्रद्धांजलि दी है और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद का यह बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, केवल सिंह पठानिया, संसद राजीव भारद्वाज, भाजपा के नेता विपिन परमार, सरवीण चौधरी सहित कई राजनीतिक चेहरे भी मौजूद रहे। वहीं, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।


शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार को सलामी देते सेना के जवान।


शहीद पवन कुमार को मुखाग्नि देता उनका बेटा।


पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते श्रद्धांजलि देने आए लोग।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने मदर्स-डे पर कुछ इस तरह व्यक्त कीं भावनाएं




**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को मदर्स-डे के अवसर पर सोशल मीडिया पर अपनी मां के साथ खींचे गए चित्रों का कोलाज शेयर कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि मां से बढ़कर दुनिया में कोई नहीं है। मां का दर्जा ईश्वर के बराबर है। मां अपने बच्चों का कभी भी बुरा नहीं सोचती। वह हमेशा अपने बच्चों को तरक्की की राह पर देखना चाहती हैं।उन्होंने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, जीवन की पूरी परिभाषा है। मां संवेदना और अनुभव का संगम होती है। वह परिवार की नींव, जीवन के मार्गदर्शन और संस्कारों की पहली शिक्षक होती है। मां सही मार्गदर्शन और मूल्यों का एहसास भी कराती है। आप सभी को मातृ दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# राज्य को देश का बेहतर आईटी हब बनाने की पहल : मुख्यमंत्री

## हिमाचल में ड्रोन ईको सिस्टम को जल्द धरातल पर उतारने की तैयारी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में ड्रोन ईको सिस्टम जल्द धरातल पर उतरेगा। हर क्षेत्र में ड्रोन प्रणाली को विकसित करने के प्रयास हो रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी में कुशल कार्यबल की मांग बढ़ने लगी है, जिसे ड्रोन प्रणाली के तहत पूरी करने की तैयारी चल रही है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस विजन पर काम करने के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और वह इस तकनीक के विशेषज्ञों से लगातार फीडबैक हासिल कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुशल कार्यबल की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसी के दृष्टिगत समग्र ड्रोन इको सिस्टम की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। ड्रोन प्रौद्योगिकी कृषि, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा सकती है।

ग्रीन हिमाचल विजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में ड्रोन प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने की कोशिश हो रही है। मौजूद वित्त वर्ष के दौरान लोगों को ड्रोन टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है, इससे प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पाद और दवाइयां इत्यादि की आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। ड्रोन टैक्नोलॉजी इंटरवेंशन से कृषि और बागवानी क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के दृष्टिगत जिला हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा में ड्रोन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।



**हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा में स्थापित होंगे ड्रोन स्टेशन**

राज्य में नवीन तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो करोड़ रुपए के इनोवेशन फंड की स्थापना की जाएगी, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवा अपनी नवाचार पहलों को साकार रूप प्रदान कर सकेंगे। जिला बिलासपुर के घुमारवीं में सार्वजनिक निजी भागीदारी व सैल्फ फाइनांसिंग आधार पर डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ इनोवेशन, इंटरप्रेन्योरशिप, स्किल एंड वोकेशनल स्ट्डीज की स्थापना की जाएगी। इस यूनिवर्सिटी के माध्यम से युवाओं के नवाचार और इंटरप्रेन्योरशिप स्किल को निखारा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 243 युवाओं ने लिया ड्रोन प्रशिक्षण

**ड्रोन** प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार और रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से वर्ष 2024-25 में राज्य के 243 युवाओं ने ड्रोन से संबंधित प्रशिक्षण हासिल किया है और अब वह ड्रोन के माध्यम से कई कार्य करने में सक्षम हैं। युवाओं को ड्रोन प्रौद्यागिकी में दक्ष बनाने के साथ-साथ अब राज्य में न्यू एज पाठ्यक्रमों का समावेश भी किया जा रहा है।

इस दिशा में जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां में राजीव गांधी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डाटा सांइस का नया महाविद्यालय, जिला शिमला के प्रगति नगर में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स, जिला मंडी के राजकीय पॉलिटेक्निकल सुन्दरनगर में कम्प्यूटर सांइस एवं इंजीनियरिंग (एआई एंड मशीन लर्निंग) का डिप्लोमा कोर्स शुरू करने को स्वीकृति प्रदान की है। इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित जाएगी।

## कांग्रेस सरकार ने बिजली के बिल बढ़ाकर किसानों की तोड़ी कमर : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू सरकार शुल्क वाली सरकार हो गई है और प्रदेशवासियों को लगातार किसी न किसी तरह के शुल्क लगाकर झटके दे रही है। व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार किसानों को भी बिजली के बिल के लगातार झटके दे रही है। सरकार किसानों द्वारा सिंचाई के लिए गए बिजली कनेक्शन के बिजली बिल अब पाँच से छह गुना बढ़ाकर वसूल रही है। यह प्रदेश सरकार की गरीब किसानों के साथ ज्यादती है।



उन्होंने कहा है कि खेतों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले बिजली के बिल में इस प्रकार की वृद्धि लोगों समझ के परे है। किसानो को बिजली के बिल में इतनी वृद्धि पर भरोसा ही नहीं हो रहा है और लोग बिजली घरों के चक्कर लगा रहे हैं। यह किसानों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा है कि पूरे देश में कांग्रेस किसान के नाम पर शोर डालती है और हिमाचल में किसानों के सिंचाई के बिल को पांच गुना बढ़ा देती है। क्या मुख्यमंत्री सिर्फ अपने हवा हवाई वादों में ही किसानों का हितैषी होने का दावा करते हैं?

जयराम ने कहा कि प्रदेश भर से मुझे कई किसान परिवारों के फोन आ रहे हैं और सब बिजली के बढ़े हुए बिल को लेकर अपनी बात कर रहे हैं। लोग अपने बिजली के पुराने और नए बिलों को भेजकर बता रहे हैं कि किस तरह से उन्हें पिछले महीनें के मुकाबले पांच गुना से ज्यादा का बिल मिला है।

### वेलफेयर स्टेट के रूप में नहीं हो रहा काम

**जयराम** ने कहा कि सरकार एक 'वेलफेयर स्टेट' के रूप में काम ही नहीं करना चाहती है। सरकार जितनी जिम्मेदारी से प्रदेश के लोगों पर टैक्स लाद रही है और शुल्क लगा रही है, काश उसी तरह से लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखती तो बेहतर था।

### सरकार अपने फैसले पर करे पुनर्विचार

**उन्होंने** कहा कि ऊना के कुछ किसानों द्वारा भेजे गए बिजली बिल को मैंने देखा, जिसमें एक मार्च से एक अप्रैल के बीच 605 यूनिट बिजली खर्च हुई थी और उनका बिजली बिल 669 रुपए का था, जिसमें 370 रुपए सरकार द्वारा लगाए गए सेस के भी शामिल थे। उसी किसान द्वारा मई माह में 591 यूनिट बिजली का उपयोग अपने खेतों की सिंचाई के लिए करने पर बिजली का बिल 3445 रुपए का बिलजी बोल थमाया गया है। जिसमे 356 रुपए सेस के भी शामिल हैं। ऐसा सिर्फ एक किसान के साथ नहीं है। सरकार अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करे और किसानों को राहत प्रदान करे।

## उत्कृष्ट खेल के दम पर कबड्डी विश्व कप भारत कैंप में हिमाचल की 5 बेटियां : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने अगले महीने बिहार में होने जा रहे महिला कबड्डी विश्वकप के लिए भारत कैंप में हिमाचल के 5 बेटियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे हिमाचल के लिए गर्व का अवसर बताया है।



अनुराग ने कहा कि देवभूमि, वीरभूमि हिमाचल को खेलभूमि बनाने का हम सब का साझा प्रयास रंग ला रहा है। आज विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर हिमाचल को गौरवान्वित होने का अवसर दे रहे हैं। जून महीने में बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहे महिला कबड्डी विश्वकप के लिए भारत कैंप में हिमाचल प्रदेश की 5 बेटियों का चयन पूरे हिमाचल के लिए गर्व की बात है। हरियाणा के सोनीपत स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के ट्रेनिंग सेंटर में कबड्डी महिला खिलाड़ी निधि शर्मा, साक्षी शर्मा, ज्योति ठाकुर, भावना देवी व पुष्पा राणा ने अपनी खेल प्रतिभा के दम पर कैंप में अपनी जगह बनाई है।

उन्होंने कहा कि बेटियों की लगातार सफलता अन्य खेलों के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम कर रही हैं आशा ही नहीं पूर्व विश्वास है कि अपनी खेल प्रतिभा व तकनीकी से हमारी बेटियां विश्वकप की टीम में अपनी जगह बनाने में व भारत को खिताब जिताने में कामयाब होंगी।

## राष्ट्रविरोधी पोस्ट डालने पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य तनाव के बीच शिमला से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक गतिविधियों के दो मामले सामने आए हैं। पहला मामला शिमला शहर के सदर थाना क्षेत्र का है जहां एक युवक ने अपने व्हाट्सएप अकाउंट की डिस्प्ले फोटो (डीपी) में पाकिस्तान का झंडा लगाया है। आरोपी की पहचान आदिल मगरे के रूप में हुई है जो जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले का रहने वाला है। दूसरे मामले शिमला जिले के एक युवक द्वारा फेसबुक पर कथित राष्ट्रविरोधी सामग्री साझा की। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुंदरनगर में गन प्वाइंट पर वृद्ध दंपती से लाखों की लूट

**उमेश, सुंदरनगर**

नगर परिषद सुंदरनगर के नया बाजार में दिन-दिहाड़े गन प्वॉइंट और तेजधार हथियार की नोक पर घर में वृद्ध दंपती को बंधक बनाकर लाखों की लूट को अंजाम देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

हैरानी बात यह है कि आरोपी दिन के उजाले में बीएसएल कॉलोनी थाना से मात्र 500 मीटर की दूरी पर इस घटना को अंजाम दे गए, लेकिन आसपास के लोगों को इसकी भनक तक भी नहीं लग पाई। मामला रविवार को दोपहर करीब 2 बजे सामने आया है। घटना के समय वृद्ध दंपती के परिवार के अन्य सदस्य घर की ऊपर वाली मंजिल में मौजूद थे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों की संख्या 3 से 4 बताई जा रही है और उनकी भाषा शैली उत्तर प्रदेश के लोगों की भांति है। आरोपियों ने वृद्ध दंपती को घर में मौजूद कपड़ों से बांधकर लूट की घटना को अंजाम दिया। इसके उपरांत आरोपी बंधकों के कमरे को बाहर से कुंडी लगाकर मौके से मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। मौके से आरोपियों के भागने के बाद दंपति ने कड़ी मशक्कत से अपने आपको बंधन से खोला और अन्य सदस्यों से आपबीती बताई।

इस पर परिजनों ने दंपती के कमरे की कुंडी को खोलकर उन्हें बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि आरोपियों द्वारा घटना में प्रयोग में लाई गई मोटरसाइकिल मंडी से चोरी की गई है। प्राप्त सूचना अनुसार पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के अंतर्गत शिकायतकर्ता नरेश कुमार निवासी नया बाजार, बीबीएमबी कॉलोनी, जिला मंडी के घर में दिन के उजाले में 3 से लेकर 4 आरोपियों ने हथियार दिखाकर घर से सोने के गहने लूट कर ले गए। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण, बीएसएल कॉलोनी पुलिस टीम और अन्य पुलिस बल ने जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी वर्ष मनाएगी भाजपा : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक मार्ग है।



यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक कपूर ने दी। रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक कपूर ने 9 मई को भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भी भाग लिया। कपूर ने बताया कि हिमाचल के हर संगठनात्मक जिलों में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम सफलतापूर्वक हो, इसकी कार्य योजना हेतु 14 मई प्रात: 10 बजे प्रदेश मुख्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व प्रांत संगठन महामंत्री सिद्धार्थन व पार्टी के शीर्षक नेतृत्व की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय शिमला में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## प्रदेश में प्रतिबंधित शराब के ठेके फिर होंगे नीलाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**13 मई निर्धारित की गई पुनः आवंटन की तारीख**

हिमाचल सरकार ने अस्थायी रूप से पीएसयू कर्मचारियों द्वारा न बिकने वाले शराब के ठेकों को आनुपातिक आधार पर फिर से नीलामी करने का फैसला लिया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए पिछली नीलामी में अनबिके रह गए खुदरा शराब के ठेकों के लिए बोलियां फिर से आमंत्रित करने का फैसला किया है।

राज्य कर एवं आबकारी विभाग के अनुसार शिमला, मंडी, कुल्लू और कांगड़ा जिलों में स्थित इन दुकानों का प्रबंधन वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), राज्य निगमों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। अधिसूचना में कहा गया है कि निजी रुचि को पुनर्जीवित करने और खुदरा शराब परिचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए, सरकार ने आबकारी नीति 2025-26 के प्रावधान 2.22 के तहत नीलामी-सह-निविदा के माध्यम से पुनः आवंटन की तारीख 13 मई निर्धारित की गई है।

### शराब विक्रेताओं पर लगेगी लगाम

**सरकार** के इस कदम को निजी शराब विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश लगाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए देखा जा रहा है कि गैर-आवंटित दुकानें बेकार न पड़ी रहीं।

**प्रतिस्पर्धा** रोहित ठाकुर ने मलोग में पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

## युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका: रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अपने दूसरे दिन के प्रवास कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कई विकासात्मक कार्य लोगों को समर्पित किए और उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य जनहित मुद्दों से संबंधित विकासात्मक कार्यों पर अपनी प्राथमिकता को दोहराया। उन्होंने युवाओं से खेलकूद में आगे आने का आह्वान किया और प्रदेश का नाम रोशन करने की अपील की।

इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री रविवार को जुब्बल क्षेत्र के में नंदपुर पंचायत के अंतर्गत मलोग में मौजूद रहे, जहां पर उन्होंने नवयुवक मंडल मलोग द्वारा आयोजित स्वर्गीय राय सिंह रांटा मेमोरियल पंचायत स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता की, जिसमें 35 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने नवयुवक मंडल मलोग के सदस्यों को इस आयोजन पर बधाई दी और कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का सर्वाधिक महत्व और योगदान है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में जहां बड़े मैदान और खुली जगह की उपलब्धता कम है, वहां पर वॉलीबाल, कबड्डी और खो-खो जैसे खेल उपयुक्त माने जाते हैं। इसलिए हम इन खेलों को अपने पारम्परिक खेल भी मानते है। उन्होंने बताया कि जुब्बल क्षेत्र ने वॉलीबाल में एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि वे बढ़-चढ़कर खेलों में भाग लें और नशे की कुप्रवृति से दूर रहे।


मलोग में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, अध्यक्ष हिमफेड भीम सिंह झौटा, बीडीसी उपाध्यक्ष यशवंत जस्टा, बीडीसी सदस्य समिला जिकटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुब्बल विक्रांत सिथटा, स्थानीय पंचायत प्रधान सुमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### 4.50 करोड़ से होगा मलोग पनेसरी सड़क का निर्माण

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि पिछले लगभग अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल के दौरान वर्तमान कांग्रेस सरकार ने विकास के नए आयाम प्रतिस्थापित किए हैं और उनके विधानसभा सभा क्षेत्र जुब्बल कोटखाई में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नंदपुर पंचायत सेब बागवानी के क्षेत्र में पूरे हिमाचल में अग्रणी स्थान रखती है। बागवानी बहुल क्षेत्र के मद्देनजर सड़कों का निर्माण इस क्षेत्र में प्रमुख कार्य है। इसी दृष्टि से इस पंचायत में विभिन्न सड़कों का निर्माण व पासिंग की गई है जिस पर 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके साथ ही उन्होंने युवक मण्डल को 50000 रुपए और जिम के लिए भी समुचित राशि देने की घोषणा की।

# एलोपेसिया एरीएटा

*एलोपेसिया एरीएटा, जिसे स्पॉट बाल्डनेस भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर के कुछ या सभी हिस्सों से बाल झड़ जाते हैं। यह अकसर सिर की त्वचा पर सिक्के के आकार के कुछ गंजे धब्बों के रूप में दिखता है। यह बालों का झड़ना अस्थायी भी हो सकता है और कभी-कभी स्थायी भी।*



## एलोपेसिया एरीएटा के कारण

**1. ऑटोइम्यून स्थिति**

एलोपेसिया एरीएटा एक ऑटोइम्यून रोग है। इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली (immune system) गलती से बालों की जड़ों (hair follicles) पर हमला करने लगती है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं और गंजे धब्बे बन जाते हैं।

**2. आनुवंशिक प्रभाव**

यह बीमारी अकसर परिवार में चलने वाली (hereditary) होती है। कई रोगी बताते हैं कि उनके परिवार के किसी और सदस्य को भी यह समस्या रही है।

**3. अन्य संभावित कारण या ट्रिगर**

* शारीरिक या मानसिक तनाव * संक्रमण या चोट * थायराइड या अन्य ऑटोइम्यून बीमारियां * अधिकांश मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं पाया जाता।

### लक्षण

*एलोपेसिया एरीएटा का मुख्य और अकसर एकमात्र लक्षण है, बाल झड़ना।* * बाल झड़ने की मात्रा व्यक्ति दर व्यक्ति अलग होती है * कुछ लोगों में केवल कुछ स्थानों से बाल झड़ते हैं, जबकि कुछ में अधिक मात्रा में। * कुछ मामलों में बाल वापस उग आते हैं, लेकिन फिर से झड़ सकते हैं।

***वहीं, कुछ लोगों में बाल हमेशा के लिए वापस उग जाते हैं।***

## नाखूनों में दिखने वाले लक्षण

* नाखूनों की सतह पर छोटे-छोटे गड्ढे (pitting) * लकीरें (lines) या दरारें * नाखूनों का फटना (splitting) * सफेद धब्बे (white spots) * सिर या शरीर के अन्य हिस्सों पर छोटे-छोटे गंजे धब्बे दिखाई देना। * ये गंजे धब्बे धीरे-धीरे बड़े हो सकते हैं और आपस में मिलकर बड़ा गंजा स्थान बना सकते हैं।

## एलोपेसिया एरीएटा का होम्योपैथिक उपचार

**होम्योपैथी** एलोपेसिया एरीएटा के इलाज के लिए एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प माना जाता है। यह उपचार न केवल बालों के झड़ने को नियंत्रित करता है, बल्कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (immune system) को संतुलित करके समस्या की जड़ पर काम करता है।

**प्रभावी समाधान:** होम्योपैथी बाल झड़ने को धीरे-धीरे नियंत्रित करती है और नए बाल उगाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देती है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली पर कार्य:** यह शरीर की इम्यून प्रतिक्रिया को सामान्य करती है, जिससे बालों की जड़ें फिर से मजबूत होती हैं।

## प्रमुख होम्योपैथिक दवाएं

**1. Arsenicum Album**

खोपड़ी में जलन और खुजली, खासकर रात में बढ़ना। सिर की त्वचा संवेदनशील हो जाती है। यह दवा इन लक्षणों में राहत देती है।

**2. Vinca Minor**

जहां बाल झड़ते हैं, वहां सफेद बाल उगना। * झड़ने के स्थान पर सफेद बाल आना, साथ में खुजली और खरोंच की प्रवृत्ति।

**3. Baryta Carbonica (Baryta Carb)**

विशेष रूप से युवाओं में सिर की गंजेपन की समस्या (गंजे पैच) के लिए प्रभावी।

**4. Lycopodium:**

सिर के किनारों (temples) पर गंजे धब्बों के लिए उपयोगी।

**5. Silicea:**

सिर के पिछले हिस्से (back of the scalp) में बाल झड़ने के लिए असरदार। यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है और बालों की गुणवत्ता सुधारता है।



*डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)*

**6. Fluoricum Acid (Fluoric Acid):**

**गंजे पैच पर बालों की पुनः** वृद्धि में सहायक। लंबे समय से चली आ रही बाल झड़ने की समस्या में लाभकारी।

**7. hosphorus:**

गंजे पैच, डैंड्रफ और खुजली की समस्या।
ठंडे पेय की इच्छा, बालों के झड़ने के साथ सिर की त्वचा की सूजन में भी उपयोगी।

***नोट:***
***हर व्यक्ति की स्थिति अलग होती है, इसलिए उपयुक्त दवा का चयन व्यक्तिगत लक्षणों के अनुसार किसी योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक की ओर से किया जाना चाहिए***



# गिलोय

***गिलोय (Tinospora cordifolia) एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे संस्कृत में अमृता अर्थात अमरता देने वाली कहा गया है। यह एक बेलनुमा पौधा होता है, जो पेड़ों या दीवारों पर लिपट कर बढ़ता है। गिलोय का वर्णन अनेक आयुर्वेदिक ग्रंथों में स्वास्थ्यवर्धक, रोगनाशक और आयुवर्धक औषधि के रूप में किया गया है। इसके तने, पत्ते और जड़ में औषधीय गुण पाए जाते हैं, जिनका उपयोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार में किया जाता है। गिलोय को त्रिदोषनाशक माना जाता है, अर्थात यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करने की क्षमता रखता है।***

**सबसे** प्रमुख उपयोग गिलोय का रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ाने में किया जाता है। आज के समय में जब वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम और मौसमी बीमारियां आम हो गई हैं, गिलोय का नियमित सेवन शरीर की रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है। विशेष रूप से डेंगू और मलेरिया जैसे बुखार में यह रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या को बनाए रखने और शरीर को शीघ्र स्वस्थ करने में सहायक होता है। गिलोय का काढ़ा या रस बुखार में अत्यंत लाभकारी माना जाता है। मधुमेह के रोगियों के लिए गिलोय एक प्राकृतिक वरदान के समान है। यह शरीर में इंसुलिन के स्तर को संतुलित करने और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। कई अध्ययन यह साबित कर चुके हैं कि गिलोय मधुमेह को नियंत्रित करने वाली प्राकृतिक औषधियों में से एक है। इसके अतिरिक्त गिलोय पाचन क्रिया को भी सुदृढ़ बनाता है। यह भूख बढ़ाता है, अपच, गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत दिलाता है।



*डॉ. रंजना कपूर जोगिंद्रनगर, मंडी।*

गिलोय का एक और महत्वपूर्ण उपयोग शरीर को डिटॉक्स करने में होता है। यह खून को शुद्ध करता है और शरीर में जमा विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। इस कारण यह त्वचा रोगों जैसे फोड़े-फुंसी, खुजली, और मुहांसे आदि में भी लाभकारी सिद्ध होता है। गठिया और जोड़ों के दर्द में भी गिलोय अत्यंत उपयोगी है। इसे अदरक या हल्दी के साथ मिलाकर लेने से जोड़ों की सूजन, अकड़न और दर्द में आराम मिलता है। यह प्राकृतिक रूप से एंटी इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक (दर्दनिवारक) गुणों से भरपूर होता है। आधुनिक जीवनशैली में तनाव, चिंता और मानसिक थकावट आम हो गई है। ऐसे में गिलोय मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में सहायक है। यह मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाता है, समरण शक्ति को बेहतर बनाता है और तनाव को कम करता है। कुछ आयुर्वेदाचार्य इसे बुद्धिवर्धक औषधि भी कहते हैं। गिलोय का सेवन कई रूपों में किया जाता है। यह बाजार में काढ़ा, रस, चूर्ण, टैबलेट (वटी) या कैप्सूल के रूप में उपलब्ध होता है। आयुर्वेद में इसे दूसरी औषधियों जैसे तुलसी, आंवला, अदरक, शुद्ध शिलाजीत आदि के साथ मिलाकर सेवन करना और भी प्रभावशाली माना गया है। गिलोय का सही और नियमित सेवन आयुर्वेदाचार्य की सलाह से करने पर अनेक रोगों से बचा जा सकता है और संपूर्ण स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है।

# पित्त की पथरी

## डॉक्टर की सलाह से बचाया जा सकता है।

## उपचार और सुझाव



**पित्ताशय** की पथरी (कोलेलिथियसिस) पित्त के सख्त टुकड़े होते हैं, जो आपके पित्ताशय या पित्त नलिकाओं में बनते हैं। ये आम हैं, खासकर महिलाओं में। पित्ताशय की पथरी हमेशा समस्याएं पैदा नहीं करती, लेकिन अगर यह आपके पित्त नली में फंस जाए और आपके पित्त प्रवाह को अवरुद्ध कर दे तो समस्याएं पैदा कर सकती है। अगर आपके पित्ताशय की पथरी के कारण आपको लक्षण होते हैं, तो आपको उन्हें हटाने के लिए उपचार की आवश्यकता होगी, आमतौर पर सर्जरी। पित्ताशय की पथरी को लेकर पालमपुर रोड कांगड़ा सीटी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ ऐसे सुझाव व उपचार के बारे में बता रहे हैं, जिसकों समझना जरूरी है। पित्त की पथरी पित्त के सख्त, गाढ़े टुकड़े होते हैं, जो पित्ताशय या पित्त नलिकाओं में बनते हैं। पित्त का मतलब पित है, इसलिए पित्त की पथरी पित्त की पथरी होती है। आपका पित्ताशय आपका पित्त मूत्राशय है। यह बाद में उपयोग के लिए पित्त को जमा करके रखता है। आपका लीवर पित्त बनाता है, और आपकी पित्त नलिकाएं इसे आपके पित्त पथ में विभिन्न अंगों तक ले जाती हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता कभी-कभी पित्त पथरी होने की स्थिति का वर्णन करने के लिए कोलेलिथियसिस शब्द का उपयोग करते हैं। 'कोले' का अर्थ पित्त भी होता है, और लिथियासिस का अर्थ है पथरी बनना। पित्त पथरी तब बनती है] जब पित्त तलछट इकट्ठा होकर क्रिस्टलीकृत हो जाती है।



*-डॉ. प्रदीप मक्कड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सिटी अस्पताल, घुरकड़ी, कांगड़ा*

### पित्ताशय की पथरी कितनी गंभीर है?

**डॉ.** प्रदीप मक्कड़ कहते हैं कि पित्ताशय की पथरी (कोलेलिथियसिस) जरूरी नहीं कि आपके लिए कोई समस्या पैदा करे। बहुत से लोगों को यह होती है और उन्हें कभी पता ही नहीं चलता, लेकिन पित्ताशय की पथरी तब खतरनाक हो सकती है जब, यह आपके पित्त नली से होकर गुजरने लगे और कहीं फंस जाए। यह आपके पित्त नली को अवरुद्ध कर सकती है, जिससे दर्द और गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। रेत के एक दाने के रूप में शुरू होने वाली यह पथरी पित्त के प्रवाह को रोकने के लिए काफी बड़ी हो सकती है, खासकर अगर यह पित्त नली या आपके पित्ताशय की थैली की गर्दन जैसी संकरी जगह में चली जाए। अवरोध गंभीर है या लंबे समय तक रहता है, तो आपको अन्य लक्षण भी हो सकते हैं, जैसे पसीना आना, बुखार, तेज हृदय गति, पेट में सूजन और कोमलता, त्वचा और आंखों में पीलापन आना वगहरे रंग का पेशाब और हल्के रंग का मल आना।

### *पित्त की पथरी का निदान कैसे किया जाता है*

**यदि** आप पित्त पथरी के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रक्त परीक्षण और इमेजिंग परीक्षणों के माध्यम से जांच करेगा। रक्त परीक्षण सूजन, संक्रमण या पीलिया का पता लगा सकते हैं और यह संकेत दे सकते हैं कि कौन से अंग प्रभावित हैं। इमेजिंग परीक्षण आपके पित्त पथ में रुकावट के स्रोत का पता लगाने में मदद करेंगे। आपका प्रदाता पेट के अल्ट्रासाउंड से शुरू करेगा , जो एक त्वरित और आसान परीक्षण है जिसके लिए किसी तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है। अल्ट्रासाउंड से आपके पित्ताशय में और उसके आस-पास के अधिकांश पित्त पथरी का पता लगाया जा सकता है। लेकिन अगर पित्त पथरी आपके पित्त नली में कहीं और फंसी हुई है, तो आपको इसका पता लगाने के लिए दूसरे प्रकार के परीक्षण की आवश्यकता हो सकती।

*प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

# स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें महिलाएं

## गंभीर बीमारियों से बचने के लिए करवाएं हेल्थ चेकअप

अंतराष्ट्रीय मदर-डे पर दुनियाभर में मातृ शक्ति के स्वास्थ्य और बेहतर जीवन को लेकर हुई चर्चा में हेल्थ चेकअप की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हमारे देश में महिलाएं परिवार और समाज की रीढ़ होती हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत न केवल उनका बल्कि पूरे परिवार का आधार है। इसके बावजूद कई बार महिलाएं अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। हर महिला जो मां है या भविष्य में भावी मां बनेंगी, उन्हें अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। महिलाएं कई ऐसी बीमारियों से ग्रस्त हो जाती हैं, जिनका समय रहते पता चल जाता तो रोग से बचाव संभव था। 11 मई को मदर्स-डे मनाया गया। इस मौके पर हर महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत महसूस की गई। इसके लिए समय पर सही जांच व इलाज के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जाना चाहिए। जरूरी है कि समय-समय पर महिलाएं अपना हेल्थ चेकअप कराएं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता कुछ स्वास्थ्य जांच को हर महिला के लिए जरूरी मानती हैं। समय पर सही जांच व इलाज के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जाना चाहिए। जरूरी है कि समय-समय पर महिलाएं अपना हेल्थ चेकअप करवाएं। विशेषज्ञ कुछ स्वास्थ्य जांच को हर महिला के लिए जरूरी बताया है।

### सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट जरूरी

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट जरूर करना चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण जांच है, जिसमें गर्भाशय में कैंसर को रोकने या समय पर कैंसर का पता लगाने में मदद मिलती है। सर्वाइकल स्क्रीनिंग एचपीवी संक्रमण का पता लगाती है, जो कि सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। हर महिला को सर्वाइकल स्क्रीनिंग 25 वर्ष का आयु के बाद करानी चाहिए। सर्वाइकल स्क्रीनिंग में हर तीन साल में और एचपीवी के साथ हर पांच साल में जांच कराई जा सकती है। यह जांच सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने की कराई जाती है।



### सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन

**यह** स्तनों की जांच है, जो स्तन कैंसर या अन्य असामान्यताओं का पता लगाने के लिए की जाती है। इसमें दो प्रकार होते हैं स्तन स्व-परीक्षण और क्लीनिकल ब्रेस्ट परीक्षण। महिलाओं को 25 वर्ष की आयु के बाद हर माह मासिक धर्म खत्म होने के सात से 10 दिन के बाद स्वतः स्तन जांच कर सकते हैं। इसकी जांच ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान और गांठ आदि पर नजर रखने के लिए की जाती है।



*डॉ. एनके गुप्ता।*

### कोरोनरी कैल्शियम स्कैन

40 वर्ष से अधिक उम्र की किसी भी महिला को कोरोनरी कैल्शियम स्कैन करवाना चाहिए। यदि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास, गर्भावधि मधुमेह या गर्भावस्था प्रेरित उच्च रक्तचाप का इतिहास, हाइपोथायरायड, अधिक वजन/मोटापा, पीसीओडी का इतिहास, स्लीप एपनिया (खर्राटे की बीमारी) इन जोखिम कारक में से कोई भी हो। मौजूदा हृदय संबंधी जोखिम कारकों वाली महिलाओं को किसी भी स्त्री रोग संबंधी स्थिति के लिए कोई भी हार्मोनल थेरेपी शुरू करने से पहले हृदय मूल्यांकन करवाना चाहिए।

**प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन**

# बेल पूजा तक सीमित न रखें पोषण और उपचार में अपनाएं

## शीतलता, सेहत और संजीवनी का है फल



**बेल (Aegle marmelos) एक ऐसा भारतीय वृक्ष है, जो न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी जड़ से लेकर पत्तियों तक हर हिस्सा औषधीय गुणों से भरपूर है। शिव भक्तों के लिए बेलपत्र अर्पण करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है, लेकिन इसके औषधीय और खाद्य गुणों को आम जनमानस विशेष कर हिमाचल प्रदेश में आज भी नजरअंदाज कर रहा है।**

*बेल मध्य भारत में घरों और खेतों के पास देखा जाने वाला एक आम वृक्ष है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में इसे मुख्यतः एक पूजनीय पौधे के रूप में ही जाना जाता है। हालांकि यहां यह प्राकृतिक रूप से भी उगता है, जिसके फल थोड़े छोटे होते हैं, लेकिन खाद्य एवं औषधीय पौधे के रूप में इसका उपयोग न के बराबर है। शायद यह इसलिए कि हिमाचल की जलवायु मुख्यतः शीतोष्ण है और बेल का स्वभाव भी शीतल (cooling) माना गया है। आयुर्वेद में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि आहार का चयन देश (स्थान), काल (ऋतु) और प्रकृति (व्यक्ति की शारीरिक अवस्था) के अनुसार किया जाना चाहिए। संभवतः इसी सिद्धांत के अनुरूप बेल जैसे शीतल प्रभाव वाले फल का उपयोग हिमाचल जैसे अपेक्षाकृत ठंडे क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से अधिक प्रचलन में नहीं रहा। परंतु अब जब जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मियों की तीव्रता बढ़ रही है और पाचन संबंधित रोग बढ़ते जा रहे हैं, तो बेल जैसे औषधीय और पोषक पौधों को अपने आहार में स्थान देना समय की मांग बन चुकी है।*

### हिमाचल का नजरिया

### औषधीय गुण

बेल को आयुर्वेद में त्रिदोष नाशक माना गया है। इसके फल, पत्ते, बीज और छाल सभी औषधीय उपयोग में आते हैं।

**जानिए बेल के उपयोग और लाभ – एक नजर में**

| भाग | उपयोग | लाभ |
|---|---|---|
| पत्ता (बेलपत्र) | रस निकालकर सुबह उच्च रक्तचाप, सेवन करें या चूर्ण बनाकर 2-3 ग्राम प्रतिदिन सेवन | मधुमेह, गैस की समस्या |
| कच्चा फल | चूर्ण बनाकर 1-2 ग्राम प्रतिदिन सेवन | संग्रहणी, आंतों की सूजन |
| पक्का फल | शर्बत, मुरब्बा, स्क्वेश बनाकर सेवन | पाचन, कब्ज, गर्मी में ठंडक |
| छाल व जड़ | काढ़ा या चूर्ण के रूप में वात-कफ नियंत्रण | सूजन, दस्त ज्वर, गठिया |
| बीज | चूर्ण बनाकर सेवन | दस्त, पेट की गर्मी |

**जंगलों में भी पाया जाता:** बेल हिमाचल के जंगलों में भी पाया जाता है, आवश्यकता है उसे पहचानने और बचाने की।

**सावधानी:** अधिक मात्रा में सेवन करने से कब्ज हो सकती है संतुलित मात्रा में उपयोग करें।

### खाद्य मूल्य :

बेल एक अत्यंत पौष्टिक फल है जिसमें विभिन्न प्रकार के विटामिन, खनिज और पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें विटामिन सी, थायमिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन जैसे विटामिन मौजूद होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। बेल में पोटैशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन और मैग्नीशियम जैसे खनिज तत्व भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों की मजबूती, रक्त संचार और मांसपेशियों के संचालन के लिए आवश्यक हैं। यह फाइबर से भरपूर होता है, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है। बेल में प्राकृतिक शर्करा (ग्लूकोज और फ्रक्टोजा) होती है, जो ऊर्जा का अच्छा स्रोत है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण भी होते हैं, जो शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक हैं। बेल का नियमित सेवन समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।



*डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी*



## बेल को जीवन का हिस्सा बनाएं

**पूजा** में भी, भोजन में भी और उपचार में भी। वन महोत्सव जैसे आयोजनों का उपयोग करके हम बेल के बड़े पैमाने पर उत्पादन को बढ़ावा दे सकते हैं, ताकि यह न केवल ग्रामीण विकास और पारंपरिक औषधीय ज्ञान को पुनर्जीवित कर सके, बल्कि पर्यावरणीय लाभ भी प्राप्त किया जा सके। जंगलों में बेल का समुचित रोपण करने से पर्यावरण संरक्षण में योगदान मिलेगा और इसके साथ ही गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण और छोटे प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से इस उपेक्षित फल को न केवल सम्मान मिलेगा, बल्कि इसका व्यावसायिक उपयोग भी बढ़ेगा। वर्तमान में अमेजन जैसे ऑनलाइन बिक्री मंचों पर सूखे बेल फलों की कीमत 200 से 400 प्रति किलोग्राम तक देखी जा रही है, जो इसके व्यावसायिक महत्व और बढ़ती बाजार मांग को दर्शाता है। अब समय आ गया है कि हम बेल को केवल पूजा-पाठ तक सीमित रखने की बजाए इसे पोषण, स्वास्थ्य और ग्रामीण समृद्धि का सशक्त माध्यम बनाएं।

## मूल्य संवर्धन की आवश्यकता

हिमाचल जैसे क्षेत्रों में बेल के फल संसाधन स्तर पर ही नष्ट हो जाते हैं। कई बार पेड़ से टूटकर गिरने वाले फलों को पशु भी नहीं खाते और वे सड़ जाते हैं। इस बर्बादी को रोकने के लिए बेल फल के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता, प्रसंस्करण तकनीक का प्रचार और घरेलू उपयोग के सरल तरीके अपनाना अति आवश्यक हैं। हमें इसे केवल मंदिरों तक सीमित न रखकर इसके पोषण और औषधीय मूल्य को अपनाने की जरूरत है। इसके फलों से शर्बत, मुरब्बा, कैंडी, चूर्ण और स्क्वैश जैसे उत्पादों का निर्माण न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि स्वरोजगार का भी साधन बन सकता है। इससे घरेलू उपयोग बढ़ाया जा सकता है। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका के साधन विकसित किए जा सकते हैं। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण सुधार में सहयोग किया जा सकता है।

## प्रयोग विधियां

**बेल शर्बत:** पक्के फल का गूदा निकालकर पानी/दूध, मिश्री और थोड़ी सी काली मिर्च मिलाकर सेवन करें। बेल शर्बत गर्मियों में एक प्राकृतिक एनर्जी ड्रिंक है, जो न केवल पाचन सुधारता है, बल्कि लू और निर्जलीकरण से भी बचाता है।

**बेल कैंडी:** बेल के गूदे को काटकर चीनी के घोल में कुछ दिनों तक भिगोने के बाद सुखा लें।

**बेल मुरब्बा:** पके हुए बेल के गूदे को चीनी, इलायची और नींबू रस के साथ पकाकर मुरब्बा तैयार करें।

**बेल स्क्वैश:** बेल के गूदे को छानकर उसमें चीनी की चाशनी, नींबू रस और पानी मिलाकर स्क्वैश तैयार करें।

**कच्चे फल का चूर्ण**

छाया में सुखाकर चूर्ण बना लें, जो संग्रहणी और IBS(तंत्र संबंधी विकार ) जैसी आंतों की समस्याओं में बहुत उपयोगी है।

## बेलपत्र रस (ग्रीन जूस)

**बेल** की हरी पत्तियां, पुदीना की कुछ पत्तियां, एक चुटकी काली मिर्च और कुछ बूंदें नींबू रस मिलाकर अच्छे से पीसें। छानकर लगभग 10 मिली ग्रीन जूस सुबह खाली पेट सेवन करें। बेल केवल एक धार्मिक वृक्ष नहीं, बल्कि यह प्राकृतिक चिकित्सा का पर्याय है इसमें धर्म, आयुर्वेद और पोषण तीनों समाहित हैं। आवश्यकता है इसे पहचानने, इसका उचित उपयोग करने और लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की।



## न्यूज ब्रीफ

### दधोना सांबा शिव मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में साथ लगते गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि 26 अप्रैल को बाबा मंगल गिरि जी दुनिया छोड़ गए थे। मंदिर के साथ ही उनकी समाधि बनाई थी, उनकी याद में यह भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान कुलवीर सिंह राणा, सचिव सतीश राणा के अतिरिक्त अमर सिंह राणा, दिलबाग राणा, कमल राणा, राजकुमार, राकेश डोगरा, नरपाल राणा, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सन्हूं में लोगों ने की बावड़ी की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की सन्हूं (चौकड़ू) पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत गांववासियों ने बावड़ी की सफाई की। सन्हूं गांववासियों ने कहा कि स्वच्छता अभियान का कार्य आगे भी चलता रहेगा। इस अवसर पर धनीराम, कर्म सिंह, विधी चंद, मोती राम, अनिल कुमार, राम कुमार, अमरजीत, सर्वजीत, आंचल, विशाल, सुमित, अनिल, अवतार व कुलतार मौजूद रहे।

### राममंदिर कमेटी देगी मेडिकल सहायता

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर विराम लग चुका है, लेकिन युद्ध की स्थिति को देखते हुए भारतीय फौज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए आम जनता तैयार है। विधानसभा नूरपुर की पंचायत नागनी और भड़वार में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कमेटी ने बैठक कर प्रशासन के साथ मिलकर युद्ध स्थित के दौरान अपनी सेवाएं देने का ऐलान किया। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए तुरंत फ्री वाहन, मेडिकल सहायता के लिए किट्स तैयार कर दी है। लोगों को ठहरने व भोजन और पानी की भी व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने स्थानीय प्रशासन से भी बात कर ली है और हम प्रशासन की गाइडलाइन व उनके साथ मिलकर भारतीय सेना का साथ देंगे। बैठक में कमेटी अध्यक्ष पारस कुमार, संयोजक विवेक कुमार, पुष्पा देवी, जसवंत सिंह, मीनाक्षी देवी आदि मौजूद रहे।

### मटौर में ध्यान शिविर और प्रार्थना सभा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से मटौर में वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्व शांति व राष्ट्र हित के लिए ध्यान शिविर व प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी हरिशानंद जी ने कहा कि हम सभी को राष्ट्रहित एवं विश्व शांति के लिए नियमित ध्यान साधना करते रहना चाहिए, ताकि हमारे सैन्य बल को अदम्य शक्ति व साहस की ऊर्जा मिले।

### जगर नाथ राणा ने मनाया 100वां जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा जिले के अंब गांव, तहसील जयसिंहपुर के सेवानिवृत्त ऑनरेरी लेफ्टिनेंट जगर नाथ राणा ने 100वां जन्मदिन रविवार को परिवार के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। जगर नाथ का जन्म 4 अप्रैल, 1925 को शेर सिंह राणा गांव अंब डाकघर द्रमण में हुआ था। जगर नाथ चार डोगरा रेजीमेंट से ऑनरेरी लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। जगरनाथ की पत्नी कौशल्या देवी भी 92वें वर्ष की हैं। जगर नाथ ने बताया कि मैं सौभाग्यशाली हूं, जिसे भगवान की कृपा से चार-चार पीढ़ियों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### इंद्रुनाग मंदिर में तीन दिवसीय मेला 12 से

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** फ्रेंड्स क्लब मेला कमेटी नगरी ने निर्णय लिया कि तीन दिवसीय इंद्रुनाग मंदिर का मेला 12 से 14 मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रधान नरेंद्र भट्ट ने कहा कि भारत व पाकिस्तान विवाद के कारण हमारे कुछ नौजवान शहीद हुए हैं , जिस कारण सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों रद्द कर दिया है।

# रौंण गांव के लोगों का जल्द पूरा होगा सड़क का सपना

## ग्रामीणों ने स्वेच्छा से दी भूमि, सड़क न होने से चुनौतियों भरी थी जिंदगी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**सड़क** सुविधा से वंचित शाहपुर की खूबसूरत पर्यटन बोह घाटी का रौंण गांव अब विकास की ओर कदम बढ़ा चुका है। यह संभव हो सका है गांव के उन जागरूक और जनहितैषी नागरिकों की बदौलत, जिन्होंने सड़क निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि स्वेच्छा से हिमाचल लोक निर्माण विभाग के नाम दान कर दी।

सड़क निर्माण के लिए भूमिदान करने वालों में रमेश चंद, अरविंद कमार, व्यासा देवी, उत्तम चंद, रुको देवी, शिव कुमार शामिल हैं। इन दानवीरों ने सिद्ध कर दिया कि जब नागरिक स्वयं विकास की जिम्मेदारी उठाते हैं, तो बदलाव निश्चित होता है।

बता दें वर्तमान में रौंण गांव के बच्चे सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा प्रात करने के लिए रोजाना करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर बोह स्कूल जाते हैं। गांव में सड़क सुविधा न होने के कारण आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण रहता है। यह परिस्थितियां अब जल्द ही बदलने जा रही हैं।



सड़क निर्माण के लिए भूमिदान करने वाले बोह घाट के रौंण गांव के ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

**गांववासियों** ने विधायक केवल सिंह पठानिया का एफआरए फाइल को क्लीयर कराने के लिए दिशा-निर्देश देने के लिए आभार जताया और सड़क का जल्द निर्माण करवाने के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। गांववासियों ने सरकार से इस जनकल्याणकारी कार्य में शीघ्रता बरतने की अपील की है। हार बोह उपप्रधान पपू राम ने सिंह पठानिया व प्रदेश सरकार के प्रयास की सराहना करते हुए उनका आभार जताया है।

### कई परिवार कर चुके हैं पलायन

**इस** गांव से बड़ी संख्या में युवा भारतीय सेना एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में कार्यरत हैं और देश की सेवा कर रहे हैं। बावजूद इसके गांव बुनियादी सुविधाओं से अब तक वंचित था। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण कई परिवार गांव से निचले क्षेत्रों की ओर पलायन कर चुके हैं। प्राकृतिक सौंदर्य में यह गांव किसी कश्मीर की वादियों से कम नहीं है। अब जब सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा, तो न केवल इस क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी इस क्षेत्र की संभावनाएं उजागर होंगी। स्थानीय लोगों ने रौंण गांव के दानवीरों की इस पहल को सलाम किया है। यह पहल न सिर्फ गांव के विकास की दिशा तय करेगी, बल्कि अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी प्रेरित करेगी कि जनभागीदारी से ही स्थायी विकास संभव है।

## दलाईलामा से मिले 500 तिब्बती ओपेरा कलाकार और समर्थक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



500 तिब्बती ओपेरा कलाकारों और उनके समर्थकों ने मैक्लोडगंज स्थित त्सुगलागखांग प्रांगण में धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात की। वे 14 समूहों से संबंधित थे, जो तिब्बती प्रदर्शन कला संस्थान में वार्षिक ओपेरा उत्सव शो-टोन में भाग ले रहे हैं। ताशी शोल्पा और ग्यालु ने दलाईलामा का स्वागत किया। टिपा के निदेशक धोंडुप त्सेरिंग ने बुद्ध के शरीर, वाणी और मन का एक मंडल और चित्रण प्रस्तुत किया।

उन्होंने वार्षिक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की और एक संक्षिप्त परिचयात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब से आप तिब्बत में पैदा हुए हैं, तब से यह शिक्षा दुनियाभर में फैल गई है। आप दयालु हैं, अवलोकितेश्वर, आप लंबे समय तक जीवित रहें। इस वर्ष, जो आपके 90वें जन्मदिन का प्रतीक है, हम आपको हमारी भेंट के हिस्से के रूप में ल्हामो ओपेरा से गीतों की एक शृंखला प्रस्तुत करना चाहते हैं। प्रत्येक ओपेरा मंडली को एक गीत प्रस्तुत करने के लिए दो मिनट का समय दिया गया। इस मौके पर नेपाल के कलाकारों की ओर से गाए गए पद्य में लामाओं को साष्टांग प्रणाम किया गया व तीन रत्नों को श्रद्धांजलि दी गई। टिपा के सदस्यों ने दलाईलामा को ताशी देलेक की शुभकामनाएं दीं तथा अगले वर्ष पुन: मिलने की प्रार्थना करते हुए विदाई के शब्द गाए। दलाईलामा ने सभा को बताया कि आपके गीतों व नृत्यों ने मुझे नोरबुलिंगका में बिताए समय की याद दिला दी है। आपने मुझे वह सजीव यादें ताजा कर दी हैं, जब मैं अपने कमरे में बैठकर बाहर ल्हामो के प्रदर्शन को देखा करता था।

### मलां और धनोटू में दुकानों से शराब बरामद

**अनंत ज्ञान टीम, नगरोटा/शाहपुर।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत मलां में राजकुमार की दुकान से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। वहीं, पुलिस थाना शाहपुर के तहत धनोटू में सतिंद्र शर्मा की दुकान से 7,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शहीद पवन के परिवार को एक करोड़ व नौकरी देने की मांग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए कांगड़ा जिले के शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार की बहादुरी पर सभी को नाज है। टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य और प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने हिमाचल और केंद्र सरकार से शहीद के परिवार को विशेष सहायता देने की मांग की है। वीरेश ने कहा कि बलिदानी पवन कुमार ने देश के लिए बलिदान दिया है और उनका परिवार राष्ट्र का गौरव है। सरकार को बिना किसी मांग या औपचारिकता के उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता, एक पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी और एक आश्रित को सरकारी नौकरी तुरंत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को एक स्थायी कानून बनाना चाहिए, जिसके तहत किसी भी शहीद के परिवार को स्वत: 1 करोड़ की राशि और नौकरी मिले।

# विपिन परमार ने दी शहीद पवन कुमार को श्रद्धांजलि



शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार का शव रविवार को पैतृक गांव में पहुंचने पर परिजनों को सांत्वना देते विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा लोकसभा भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने राजौरी में वीरगति को प्राप्त शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार को श्रद्धांजलि दी।

परमार ने शहीद के पैतृक गांव शाहपुर में उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति बलिदान को शत-शत नमन किया। विधायक परमार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि शहीद की आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवारजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

इस अवसर पर परमार ने शहीद के परिजनों को सांत्वना भी दी। वहीं, संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन ने सूबेदार मेजर पवन कुमार जरियाल को श्रद्धांजलि दी। पूर्व कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि हम उनको सलाम करते हैं, जिन्होंने सेवानिवृत्ति से मात्र दो महीने पहले अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी। उन्होंने युद्धविराम पर कहा कि इस फैसले के लिए हम भारत सरकार के साथ हैं। पाकिस्तान का अगर पुराना रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने कई बार भारत को धोखा दिया है तथा वह किसी भी भरोसे के काबिल नहीं है।

## पवन के बलिदान को पूरा देश करेगा याद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**पाकिस्तान** की गोलाबारी में शहीद हुए कांगड़ा जिले शाहपुर के वीर सपूत सूबेदार मेजर पवन कुमार के बलिदान को पूरा देश याद करेगा। शहीद पवन कुमार का राजौरी स्थित ऑफिस पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में बुरी तरह तबाह हो गया था। इस घटना की भी ताजा तस्वीरें सामने आई हैं, जो बहुत कुछ ब्यां करती हैं। तस्वीरें इस हमले की भयावहता को साफ बयां करती हैं। टूटे दरवाजे और खिड़कियां, दीवारों में गोलियों के निशान और दरारें, बिखरे फर्श और अंदर पड़ा मलबा पाकिस्तान की उस नापाक हरकत की गवाही देते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि ऑफिस का दरवाजा आधा उखड़ चुका है, अंदर के फर्श पर मलबा फैला है। बस ऑफिस की एक दीवार पर रह गई है, तो सूबेदार मेजर पवन के नाम की पट्टिका। जिस समय हमला हुआ उस दौरान पवन कुमार अपने कार्यालय में मौजूद थे। इस हमले के बाद भारतीय सैनिकों ने भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दिया है। (अनंत ज्ञान)

## प्रतिबंध के बावजूद बेचे जा रहे तंबाकू उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**कांगड़ा** जिले में प्रतिबंध के बावजूद तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम सिरगेट पीते हुए लोगों को देखा जा सकता है। प्रदेश में खैनी, गुटखा व तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध होने के बाद भी चोरी के रास्ते से बेचा जा रहा है।

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के छह प्रतिशत सार्वजनिक स्थल धूम्रपान मुक्त हैं। प्रदेश में धूम्रपान को लेकर सर्वे कराया गया, जिसमें पाया गया कि सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान निषेध की पट्टिकाएं लगी हुई हैं। सर्वे में यह भी पता लगाया है कि इसके बाद भी सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान हो रहा है। कुल मिलाकर सर्वे में प्रदेश के सभी जिलों में छह प्रतिशत के ऊपर कोटपा एक्ट का उल्लंघन इस बाबत नहीं पाया गया और धूम्रपान को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों की ओर से अपने क्षेत्रों के धूम्रपान मुक्त प्रमाण पत्रों को भी जारी किया है।

## सेना की सफलता पर बगलामुखी मंदिर में महायज्ञ

**यज्ञ राष्ट्र रक्षा और विश्व शांति के लिए समर्पित : रजत गिरि**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारतीय** सेना की विजय और शत्रुओं के विनाश के लिए श्री बगलामुखी मंदिर में विशेष महायज्ञ का आयोजन किया गया। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में पंडित और श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के महंत रजत गिरि के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ संपन्न हुआ।

देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने हवन में आहुति देकर देश की अखंडता और सैनिकों की सफलता के लिए प्रार्थना की।

तंत्र शास्त्र में मां बगलामुखी को शत्रु नाशिनी और स्तंभन शक्ति के रूप में जाना जाता है। मान्यता है कि इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है।



श्री बगलामुखी मंदिर में रविवार को विशेष यज्ञ करते पंडित और श्रद्धालु।

1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी यहां 11 दिवसीय महायज्ञ करवाया था। श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र पहनकर यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने पीले पुष्प और हल्दी की माला का प्रयोग किया। हवन कुंड में वेदमंत्रों के साथ आहुति दी गई। इस दौरान वातावरण जय मां बगलामुखी के जयघोष से गूंज उठा। महंत रजत गिरि ने कहा कि यह यज्ञ राष्ट्र रक्षा और विश्व शांति के लिए समर्पित है।

### कांग्रेस ने बस किराया बढ़ाकर किया लोगों पर कुठाराघात : तुलसी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल लोकहित जनकल्याण संस्था के केंद्रीय महामंत्री तुलसी राम डोगरा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि बस किराया में बढ़ोतरी कर जनता पर कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की जेबों पर डाका डाल रही है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में समान्य बस का किराया बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही वातानुकूलित और वोल्वो बसों के किराए में भी बढ़ोतरी की है। डोगरा ने कांग्रेस सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए कहा कि इससे न केवल हिमाचल की जनता अपितु अन्य आने वाले पर्यटक भी प्रभावित होंगे।



उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से रोजमर्रा सफर करने वाले आम लोगों, मजदूरों और विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि बस किराया बढ़ोतरी को तत्काल प्रभाव से वापस ले।

### भारतीय सेना के शौर्य को सेल्यूट

**अनंत ज्ञान, कोटला।** जय मां जालपा प्रेस क्लब जवाली की बैठक विश्रामगृह जवाली में प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनजीत कौंडल की अध्यक्षता में हुई। इसमें पत्रकारिता जगत में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठके में निर्णय लिया कि हर माह के पहले सप्ताह में प्रेस क्लब की मीटिंग होगी और हर माह प्रति प्रेस क्लब के सदस्य से 100-100 रुपए की राशि एकत्रित करके प्रेस क्लब के खाते में जमा करवाई जाएगी।

वहीं, भारत-पाक के बीच चल रहे युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम को सेल्यूट किया गया। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में पाक को घुटने टेकने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हमारी सेना पर हमें गर्व है।

**परेशानी** पर्यटन उद्यमियों समेत दुकानदार और टैक्सी चालकों की बढ़ी परेशानी, पसरा सन्नाटा

# मैक्लोडगंज में पर्यटकों की आमद पर ब्रेक

**शुभांजलि, मैक्लोडगंज**

**अंतरराष्ट्रीय** पर्यटन स्थल मैक्लोडगंज में बॉर्डर पर तनाव के बाद पर्यटकों की आमद पर ब्रेक सी लग गई है। पर्यटक आमद न होने से पर्यटन उद्यमियों समेत स्थानीय दुकानदारों के साथ टैक्सी ऑपरेटर्स भी मंदी की मार झेलने को मजबूर हो गए हैं। पिछले माह पर्यटन नगरी में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी जमावड़ा लगा हुआ था, लेकिन एकाएक पर्यटक आमद न के बराबर होने से पर्यटन कारोबार का प्रभावित होना लाजमी है।

आलम यह है कि जहां मैक्लोडगंज वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहता था। वहीं, इस बार वीकेंड पर क्षेत्र में सन्नाटा पसरने जैसी स्थिति नजर आई है। हालांकि, होटल एसोसिएशन ने पर्यटकों को 50 फीसदी छूट का ऑफर दिया है, साथ ही बॉर्डर तनाव भी समाप्त हो चुका है। ऐसे में पर्यटन उद्यमियों को उम्मीद है कि मैदानी राज्यों की गर्मी से निजात पाने पर्यटक कांगड़ा घाटी का रुख करेंगे और धर्मशाला व मैक्लोडगंज पर्यटन शहर, फिर से पर्यटकों की भीड़ से गुलजार होंगे। **(अनंत ज्ञान)**

### एकाएक पड़ी मंदी : आशीष



**दुकानदार** आशीष का कहना है कि पिछले कई माह से वीकेंड पर अच्छी भीड़ जुट रही थी, लेकिन अब एकाएक मंदी पड़ गई है। बाजारों में सन्नाटा है, पर्यटक इक्का-दुक्का ही पहुंच रहे हैं।

### चार दिन से धंधा मंदा : विवेक



**चाय** की दुकान के संचालक विवेक ने कहा कि पिछले महीने तो सैलानियों का काफी जमावड़ा था, लेकिन तीन-चार दिन से धंधा मंदा पड़ा हुआ है।

### पर्यटन कारोबार प्रभावित : छेरिंग



**फुंगचुंग** छेरिंग कहते हैं कि पिछले महीने देश-विदेश के काफी पर्यटकों का यहां तांता लगा हुआ था, लेकिन बॉर्डर पर जब तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई, उसके बाद से पर्यटकों की संख्या घटी है। पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

### बॉर्डर तनाव से खाली हुआ क्षेत्र : अक्षय



**दुकानदार** अक्षय का कहना है कि बहुत अच्छा काम चल रहा था, क्योंकि इन दोनों पर्यटन सीजन रहता है। पाकिस्तान की ओर से की गई हरकत के चलते पूरा मैक्लोडगंज एकदम से खाली हो गया, जिससे हमारे कारोबार पर बहुत फर्क पड़ा है।

### वापस लौट चुके हैं पर्यटक : नेहा

**नेहा** का कहना है कि मैक्लोडगंज व आसपास के क्षेत्र का दुकानदार हों या होटल वाले, सभी का काम एकदम से ठप होने से लोग असमंजस में हैं। पाकिस्तान की हरकत की पर्यटकों के वापस लौटने से दुकानदारों और टैक्सी चालकों में भारी रोष है।



### कम हुई पर्यटक आवाजाही : शुभांजलि

**मैक्लोडगंज** की कारोबारी शुभांजलि ने कहा कि पाकिस्तान की हरकत से पूरा भारत परेशान हुआ। मैक्लोडगंज में पर्यटकों की आवाजाही कम होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है।



## एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में मातृ दिवस पर बच्चों ने लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**एंजल** पब्लिक स्कूल भवारना में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माताओं के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया।

पांचवीं कक्षा की छात्राओं ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्र अथर्व आर्य ने शिक्षक अंकित, छात्रों प्रखर व शिवांश के साथ मिलकर एक मधुर गीत गाया, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि सभी कक्षाओं में मातृ दिवस से जुड़ी अनेक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

बच्चों ने माताओं के लिए कार्ड बनाए, कविताएं लिखीं और उनके जीवन में मां के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों के नैतिक व भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।



बच्चों ने माताओं के लिए कार्ड बनाए और कविता से मां के महत्व को रेखांकित किया।

# महापौर के आश्वासन के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मी

## दूसरे दिन हड़ताल की खत्म; दस फीसदी वेतन वृद्धि देने पर बनी सहमति, अन्य मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक होगा विचार

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला


शिमला नगर निगम दफ्तर में महापौर सुरेंद्र चौहान से मिलते हुए सफाई कर्मचारी।

**नगर** निगम महापौर के आश्वासन के बाद राजधानी शिमला के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। महापौर सुरेंद्र चौहान ने आश्वस्त किया है कि उनकी लंबित मांगों पर जल्द विचार किया जाएगा और दस फीसदी वेतन वृद्धि जल्द जारी लागू की जाएगी। यूनियन के नेताओं ने चेताया है कि अगर महापौर ने अपने वायदे के अनुरूप दस फीसदी वेतन बढ़ोतरी लागू नहीं की, तो फिर प्रदर्शन होगा और हड़ताल पर जाने में जरा भी देने नहीं की जाएगी।

शहर में शनिवार से सैकड़ों सफाई कर्मचारी अपनी मुखर मांगों के साथ हड़ताल पर चले गए थे। नगर निगम शिमला की तरफ से तुरंत कोई पहल न होने से रविवार सुबह भी हड़ताल का सिलसिला चला। मगर इस बीच नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान सफाई कर्मचारी और उनकी यूनियन के साथ बातचीत को राजी हो गए।

बातचीत के दौरान कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूरक विचार करने का आश्वासन दिया गया और उसके बाद दूसरे दिन ही सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि निगम ने पिछले 10 वर्षों से लगातार वेतन में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रोक दी है।

सीआईटीयू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने वेतन वृद्धि रोकने के लिए निगम की निंदा करते हुए कहा कि निगम एसईएचबी सोसायटी के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। संपत्ति मानचित्रण के लिए क्यूआर कोड सुविधा पर 2.5 करोड़ रुपए खर्च करने के नगर निगम के फैसले की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल 150 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को नियुक्त करने या सभी एसईएचबी और आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन साल के लिए 15,000 रुपये वार्षिक बोनस देने में किया जा सकता है।

मेहरा ने कहा कि कर्मचारी 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, 1992 और 2016 में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार नियमितीकरण और 26,000 रुपए मासिक वेतन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नगर निगम महापौर ने अपने वादे के अनुरूप सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि नहीं की। तो सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से प्रदर्शन पर उतरेंगे और सभी कर्मचार फिर से हड़ताल पर जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द जारी होगी लंबित दस प्रतिशत वेतन वृद्धि: महापौर

**महापौर** सुरेंद्र चौहान ने घोषणा की है कि अगले कुछ दिनों के भीतर लंबित दस प्रतिशत वेतन वृद्धि जारी कर दी जाएगी और अन्य मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा।

# सुन्नी में देश विरोधी पोस्ट साझा करने वाले युवक की हो रही जांच

अनंत ज्ञान, सुन्नी

**उपमंडल** सुन्नी की नगर पंचायत सुन्नी में वर्षों से हेयर एंड ब्यूटी सैलून चलाने वाले उत्तर प्रदेश सहारनपुर के इरशाद पुत्र इलियास उर्फ चांद के खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने एवं देश विरोधी पोस्ट साझा करने पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं पर मामला दर्ज किया गया है। फिलवक्त इरशाद उर्फ चांद की कार्यप्रणाली पर पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। उसका फोन कब्जे में लेकर पता लगाया जा रहा है कि पहले भी वह किसी असमाजिक या देश विरोधी तत्वों के संपर्क में तो नहीं रहा है। वहीं उसके तथा उसके परिवार के बैंक खातों की जांच भी की जा रही है कि कहीं खातों में आय से अधिक संपति का लेन-देन तो नहीं हुआ है। पुलिस को यदि इसकी किसी देश विरोधी कृत्यों में संलिप्तता पाई जाती है तो उसे कई वर्षों का कारावास भी हो सकता है।

बता दें कि गत दिनों स्थानीय लोगों ने आरोपी पर पाकिस्तान समर्थित पोस्ट साझा करने के आरोप लगाए थे। जिस पर दो दिनों सुन्नी में बवाल भी हुआ। थाना सुन्नी में लोगों ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी, जिसमें पोस्ट से सांप्रदायिक अशांति पैदा होने के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा पैदा होना बताया तथा गहन छानबीन की मांग की। हालांकि लोगों ने पुलिस को देश में युद्ध जैसे हालात के बीच एकता और अखंडता बनाए रखने का भरोसा दिलाया साथ ही चेताया कि असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में चिट्टा तस्करी के दो मामलों में युवती समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चिट्टा (हेरोइन) बरामद की है। पहले मामले में एक युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया, जबकि दूसरे मामले में 3.040 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़े गए एक युवक को नोटिस पर रिहा कर दिया गया। पहले मामले में स्पेशल सैल शिमला की टीम ने शनिवार की रात तारा देवी नाका पर नाका बंदी के दौरान कार में बैठे दो युवकों व एक युवती के कब्जे से 10.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया। तीनों शिमला के निवासी हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (21 वर्ष) निवासी ईदगाह कॉलोनी लक्कड़ बाज़ार, आरुषि शर्मा (19 वर्ष) निवासी गांव बलेन, डाकघर चनोग और रमन ठाकुर (19 वर्ष) निवासी दूधली के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। दूसरे मामले में पुलिस ने संजौली बाईपास के पास बतीश कॉलोनी के नजदीक गश्त के दौरान एक युवक से 3.040 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान संदीप (21 वर्ष) निवासी आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। इस मामले में भी थाना ढली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को नोटिस पर रिहा कर दिया है।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी के किए जाएं चुनावः ऋतु राज

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन युनिट सुन्नी की वर्चुअल बैठक का आयोजन अध्यक्ष ऋतु राज द्वारा किया गया। इसमें सुन्नी यूनिट की कोर कमेटी सदस्यों की ओर से जिला कार्यकारिणी के चुनाव पर चर्चा की गई। इकाई अध्यक्ष ऋतु राज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला शिमला कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल मार्च 2025 में पूर्ण हो चुका है। बावजूद इसके जिला कार्यकारिणी के चुनाव हेतु कोई भी प्रक्रिया अभी तक नहीं अपनाई गई है। कोर कमेटी ने रोष प्रकट किया है कि संगठन के संविधान का जिला कार्यकारिणी पालन नहीं कर रही है।

# 2016 से संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर का हो भुगतान



दशमी रावत, रोहड़ू

**हिमाचल** प्रदेश विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ आंध्रा पावर हाउस मंडल चिड़गांव का विशेष सम्मेलन विद्युत फिल्ड होस्टल सन्दासु में अध्यक्ष नितिन नैंटा की अध्यक्षता में हुआ। इसमें नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री चमन शर्मा, प्रदेश मंत्री दिवान चंद चोपड़ा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री विपिन कुमार डोगरा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मंडल सचिव रोहित डोलियान, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह नेगी, वित सचिव हरी दत सहित विभिन्न पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लेकर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर अपने अपने विचार रखे। मंडल सचिव रोहित डोलियान ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों की मुख्य मांगों में सरकार अपने वायदे अनुसार पुरानी पेंशन लागू करें, 2016 से संशोधित वेतनमान का बकाया एरियर का भुगतान हो, केंद्र के समान डीए एरियर सहित अदा हो, इलेक्ट्रैशियनों व अन्य पदों की लंबित डीपीसी शीघ्र कर कर्मचारियों को पदोन्नत किया जाए। स्थानीय समस्याओं व मांगों से संबंधित एक मांग पत्र आवासीय अभियंता मंडल आंध्रा पावर हाऊस चिड़गांव को देने का निर्णय लिया गया। चमन शर्मा को प्रदेश महामंत्री व दिवान चंद चोपड़ा को प्रदेश मंत्री के पद पर चयन करने के लिए प्रदेश संगठन व प्रतिनिधियों का स्थानीय इकाई ने आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ ने की मांग

## रामपुर की 54 पंचायतों से स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए पहुंचाई जाएगी मिट्टी

# सराहन में 8 जुलाई को लगेगी पूर्व सीएम की प्रतिमा

### पैतृक निवास शांतिकुंज से मिट्टी उठाकर कलश में स्थापित की

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर

**हिमाचल** के 6 बार के मुख्यमंत्री रह चुके एवं हिमाचल के युगपुरुष वीरभद्र सिंह की 8 फुट की आदमकद प्रतिमा सराहन में लगाए जाने की तैयारी चल रही हैं। इसके लिए भीमा काली मंदिर के पार्क के सामने स्थान चिन्हित किया गया है। प्रतिमा स्थापना को लेकर को लेकर आज रविवार को रामपुर मंडल की 17 पंचायत के महिला मंडल, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने सराहन में रणनीति तैयार की। इसमें निर्णय लिया कि प्रतिमा निर्माण के लिए रामपुर उपमंडल की सभी 54 पंचायतें कलश यात्रा निकालकर हर पंचायत से वहां की मिट्टी लाएगी तथा सभी लोगों से सहयोग राशि की अपील की जाएगी ताकि लोगों को यह एहसास हो कि इस पुण्य कार्य में मेरा भी हिस्सा है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उन्होंने वीरभद्र सिंह के पैतृक निवास शांतिकुंज से मिट्टी उठाकर कलश में स्थापित की, इसके बाद कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा रविवार से शुरू कर उपमंडल की सभी पंचायत के लिए रवाना की गई। इस दौरान मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने कहा कि वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए लोगों द्वारा सहयोग देने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि 8 जुलाई को यह प्रतिमा सराहना में स्थापित की जाएगी। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सोनी, विभिन्न पंचायत के महिला मंडल एवं क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### 25 करोड़ से सुधरेगा जयोरी-सराहन मार्ग की दशा: विक्रमादित्य

**इस** मौके पर सराहन में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वहां मौजूद जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जयोरी- सराहन मार्ग के अपग्रेडेशन के लिए 25 करोड़ की धनराशि जारी की जाएगी। यह कार्य एक माह के भीतर शुरू हो सकेगा। इसके अलावा पर्यटक स्थल बशल कंडा के लिए रोपवे के निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उसे पर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा।

# विपिन चंदेल विहिप के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त


विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा की अध्यक्षता में हुई बैठक।

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला उपाध्यक्ष विपिन चंदेल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इससे पहले विपिन चंदेल बजरंग दल के जिला सहसंयोजक के पद पर कार्य कर चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा की अध्यक्षता में हनुमान मंदिर भगेड में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

इसके अलावा जगन्नाथ शर्मा को कंद्रोर प्रखंड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चंदेल की पहचान निष्ठावान संगठन के कार्यकर्ता के रूप में क्षेत्र में बनी हुई है। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ जुड़े हुए हैं। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष चंदेल ने कहा कि संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा और विश्व हिंदू परिषद की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष सत्संग विभाग मंगल ठाकुर, प्रांत गोरक्षा प्रमुख अश्विनी कपिल, विभाग मंत्री विश्व हिंदू परिषद कैप्टन विजयपाल शर्मा, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजका शगुन चंदेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झंडूता के ठप्पर गांव में 10 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

## ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार, टैंक मंगवाने को हो रहे मजबूर





टैंकर से पानी भरते हुए ठप्पर गांव के लोग।

गोपाल कपिल, झंडूता

**झंडूता** उपमंडल की बलघाड पंचायत के ठप्पर गांव में पिछले 10 दिन से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जल संकट से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

गर्मियों की शुरुआत में ही जलशक्ति विभाग की लापरवाही खुलकर सामने आ गई है, जिससे ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। स्थानीय निवासी सुमन प्रजापति ने बताया कि पानी की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। अब 10 दिन से नलों में पानी की एक बूंद भी नहीं आई। इस महंगाई के दौर में हमें पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। घर में रोजमर्रा के कामों के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गृहिणी अंजना ने जल विभाग पर निशाना साधते हुए कहा कि गर्मियां आते ही जल विभाग की नाकामी सामने आ जाती है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। घर में छोटे बच्चे हैं, जिन्हें इस संकट की सबसे ज्यादा मार झेलनी पड़ रही है। नहाने, खाना बनाने और पीने के लिए पानी तक नहीं है। यह स्थिति अब बर्दाश्त से बाहर है।

### ग्रामीण बोले- जल्द की जाए समस्या हल

ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए और भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, जैसे कि नई पाइपलाइन बिछाना या वैकल्पिक जल स्रोतों की व्यवस्था करना।

### पानी का टैंकर मंगवाना आसान नहीं

गांव के गोपाल ने कहा कि 10 दिन से पीने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं मिला है। सड़क से हमारा घर काफी दूर है। टैंकर मंगवाना आसान नहीं और अगर मंगवा भी लें तो पानी को घर तक ले जाना बेहद मुश्किल है। ऊंचाई पर बसे होने के कारण यह समस्या और जटिल हो जाती है। ठप्पर गांव की भौगोलिक स्थिति इसे और चुनौतीपूर्ण बनाती है। ग्रामीणों का कहना है कि जलशक्ति विभाग को इस समस्या की जानकारी कई बार दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गर्मियों में पानी की मांग बढ़ने के साथ यह संकट और गहरा गया है। टैंकरों का खर्च वहन करना हर परिवार के लिए संभव नहीं।

# डीएवी बिलासपुर में मनाया मातृत्व दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में मातृत्व दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन ने सम्मानित किया। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को मंच पर आने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने का प्रयास करना चाहिए।

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुनाया प्रसंग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गेहड़वीं के बैरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन प्रवचन करते हुए कथावाचक पंडित रसिक महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि माखन चोरी का अर्थ है, भगवान कृष्ण की बाल लीला, जिसमें वह गोपियों के घरों से माखन चुराकर खाते हैं। यह प्रसंग कृष्ण के चंचल और शरारती स्वभाव का प्रतीक है। उनकी भक्तों के प्रति अटूट प्रेम और भक्ति को भी उजागर करता है। इसे प्रेम की चोरी से भी जोड़ा जाता है, जहां विरोध का एक तत्व प्रेम को और गहरा बनाता है। इस मौके पर ओमदेव गौतम, कृष्ण सिंह आदि ने बताया कि 13 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**श्रद्धा** बाबा बालकनाथ के दर्शनों को सुबह पांच बजे से ही लगने शुरू हो गई थी लाइनें

# शाहतलाई में उमड़ा भक्तों का सैलाब

अनंत ज्ञान, झंडूता


उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में दर्शनों के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु।

उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शुमार बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में मई माह के दूसरे रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। देश के कोने-कोने और पड़ोसी राज्यों से आए हजारों भक्तों ने सुबह तड़के से ही बाबा बालकनाथ के दर्शन शुरू कर दिए। मंदिर परिसर के साथ-साथ आसपास के गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में भी करीब 5,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। सुबह पांच बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने बताया कि सुबह से ही लोग बाबा बालकनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों का यह उत्साह बाबा के प्रति उनकी अटूट आस्था को दर्शाता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग यहां आशीर्वाद लेने आ रहे हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम

**मंदिर** प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में मुफ्त लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह-जगह सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया, ताकि मंदिर परिसर में किसी भी तरह की गंदगी न फैले। इसके अलावा भक्तों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे किसी को असुविधा न हो। शाहतलाई का बाबा बालकनाथ मंदिर उत्तर भारत में आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, विशेषकर रविवार और विशेष अवसरों पर भक्तों की संख्या में भारी इजाफा होता है।

# रोहतक के सुमित ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पंचायत चांदपुर के खन्न घुगराड़ गांव में गुग्गा जाहरपीर ग्राम सुधार समिति की ओर से कुश्ती का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल रहे। छोटी माली में चांदपुर अखाड़े के प्रिंस और बैरी में कड़ा मुकाबला हुआ। हार-जीत के निर्णय तक नहीं पहुंच पाने के कारण मुकाबले को बराबरी पर समाप्त किया गया। दोनों को 4100-4100 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। बड़ी माली हरियाणा के पीटी कैथल और रोहतक के सुमित के बीच हुई, जिसमें रोहतक के सुमित ने जीत दर्ज की। जितेंद्र चंदेल ने विजेता को 8600 रुपए और गुर्ज, जबकि उपविजेता को 7600 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान श्रीराम, पंचायत प्रधान ललिता ठाकुर , रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल डीआर चौहान, उपप्रधान सुभाष चंद, पूर्व प्रधान अर्पण संत, कैप्टन राम दयाल ठाकुर मौजूद रहे।

# नगर परिषद घुमारवीं ने नशे के खिलाफ छेड़ी जंग, नशे में संलिप्त लोगों की मांगी जानकारी

### सरकारी सुविधाओं से किया जाएगा वंचित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**नगर** परिषद घुमारवीं ने नशे के खिलाफ जंग छेड़ दी है। नगर परिषद घुमारवीं ने पुलिस प्रशासन को एक पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से नगर परिषद ने पुलिस विभाग से क्षेत्र में नशे, विशेषकर चिट्टे जैसे मादक पदार्थों में संलिप्त लोगों की जानकारी मांगी है। पुलिस विभाग से मिलने वाली जानकारी के आधार पर ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा और नगर परिषद की ओर से उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा सकेगा।

नगर परिषद घुमारवीं के तहत 7 वार्ड शामिल हैं, जिसमें लगभग 15 हजार के करीब आबादी है। बता दें कि नगर परिषद घुमारवीं ने करीब दो माह पहले निर्णय लिया था कि चिट्टे का सेवन और तस्करी करने वालों के परिवार के सदस्यों को चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र नगर परिषद की ओर से जारी नहीं किया जाएगा। इसके साथ सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। इसी निर्णय को अमलीजामा पहनाने के लिए नगर परिषद घुमारवीं ने पुलिस विभाग से जानकारी मांगी है कि घुमारवीं परिषद में रहने वाले कितने लोग नशे के करोबार में संलिप्त हैं। ऐसे लोगों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने शहरवासियों से भी नशा तस्करों को किराए पर न देने की अपील की है।

### किराये के कमरों में बेच रहे चिट्टा

**नगर** परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि घुमारवीं शहर में चिट्टा तस्कर सरेआम घूम रहें हैं। कमरा किराये पर लेकर ये लोग इन गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे युवा चिट्टे जैसे जानलेवा नशे का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा की घुमारवीं नगर परिषद में मकान मालिक ऐसे लोगों को किराये पर कमरा न दें, अगर मकान मालिक ऐसे लोगों को कमरा किराये पर देता है, तो नगर परिषद ऐसे मकान मालिक के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि किराए पर रह रहे नशे में संलिप्त लोगों से कमरे भी खाली करवाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर समाज से नशे को खत्म करना है तो इसके लिए कठोर फैसले लेने होंगे। इसके साथ ही उन्होंने मकान मालिकों से भी अपील कि है कि वे बिना पंजीकरण के किसी भी प्रवासी व्यक्ति को अपने घर, दुकान या किसी भी प्रकार की आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति को किराये पर न दें, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## विस अध्यक्ष आज प्रभावित परिवारों से करेंगे मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्राम पंचायत रायपुर के गांव चेली के पीड़ित परिवारों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 12 मई को दोपहर 12:30 बजे गांव चेली पहुंचकर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। यह दौरा न केवल आपदा से जूझ रहे परिवारों को मनोबल प्रदान करेगा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रदेश सरकार और शीर्ष नेतृत्व जमीनी स्तर पर आमजन की पीड़ा को गंभीरता से ले रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष का यह दौरा प्रभावित परिवारों के लिए अब कदम पीढ़ियों की व्यथा को सुनने और जल्द राहत सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत प्रयास माना जा रहा है। स्थानीय जनता ने इस दौरे को लेकर प्रसन्नता जताई है और आशा व्यक्त की है कि इससे पुनर्वास व राहत कार्यों में और अधिक गति आएगी। चंबा जिले के लिए यह दौरा शासन की संवेदनशीलता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बनता नजर आ रहा है।

# देहग्रां में खड़ी गाड़ी ने रोका एचआरटीसी बस का रास्ता

## बस को निकलने के लिए नहीं मिला रास्ता, यात्रियों को जाना पड़ा पैदल

**अनंत ज्ञान, तीसा**

**तीसा** से सनवाल की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह खड़ी गाड़ियों, रेत के ढेर और मलबे के कारण रविवार को एचआरटीसी की बस को बीच रास्ते से ही बैक गियर में लौटना पड़ा।

यह घटना देहग्रां क्षेत्र की है, जहां एक निजी गाड़ी के खड़ी होने के चलते बस को आगे निकलने के लिए रास्ता नहीं मिल पाया। इस कारण निगम की बस को करीब आधा किलोमीटर पीछे लौटकर रास्ता बदलना पड़ा और सवारियों को पैदल ही गंतव्य की ओर बढ़ना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीसा से सनवाल जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से अव्यवस्था बनी हुई है। कई स्थानों पर सड़क के किनारे रेत और मलबे के ढेर पड़े हैं और कई स्थानों पर निजी वाहन बिना नियम के खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आमजन को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क मार्ग को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखा जाए ताकि एचआरटीसी की बसें और अन्य आपातकालीन सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकें। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कदम न उठाए गए, तो यह समस्या किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है।



देहग्रां में सड़क के किनारे खड़ी की गाड़ी ने रोका एचआरटीसी बस का रास्ता।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चंबा प्रेस क्लब ने दिखाई राष्ट्रभक्ति की मिसाल

# देश से बड़ा कुछ नहीं : विनोद कुमार

**आरके सहगल, चंबा**

**भारत** की सीमाओं की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में भारतीय सेना द्वारा 6 मई की रात को चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चंबा प्रेस क्लब ने एक ऐतिहासिक राष्ट्रवादी कदम उठाते हुए आयोजित मासिक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक आधिकारिक समर्थन ज्ञापन भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

इस मासिक बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार ने की, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि चंबा जिले की मीडिया बिरादरी भारतीय सेना की साहसिक कार्रवाई पर गर्व और समर्थन प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को आधिकारिक ज्ञापन सौंपेगी। 7 तारीख को होने वाली यह मासिक बैठक हर महीने नियमित रूप से आयोजित होती है और इस बार इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और देशप्रेम को समर्पित किया गया। ज्ञापन को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में यह स्पष्ट किया गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित 9 आतंकवादी अड्डों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया।

इस अवसर पर कहा प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि देश से बढ़कर कुछ नहीं। हमारी कलम देश की आवाज है और इस कठिन समय में हम अपने सशस्त्र बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह ज्ञापन सिर्फ समर्थन नहीं, बल्कि चंबा के हर नागरिक की ओर से एक राष्ट्रवादी संदेश है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि चंबा प्रेस क्लब का यह कदम वास्तव में प्रेरणास्पद है। उम्मीद करता हूं कि हिमाचल के अन्य जिले भी इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में आगे आएंगे।



चंबा प्रेस क्लब के सदस्य उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

# आरडी धीमान ने परिवार सहित बाबा बालकनाथ मंदिर में लिया आशीर्वाद



बाबा बालकनाथ मंदिर में आरडी धीमान का बाबा जी का स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर अभिवादन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

**बाबा** बालकनाथ तपोस्थली शाहतलाई मंदिर में रविवार को हिमाचल प्रदेश इन्फॉर्मेशन कमिश्नर आरडी धीमान ने बाबा बालकनाथ मंदिर में परिवार सहित पहुंचकर दर्शन किए। मंदिर न्यास प्रभारी एसडीओ विजय ठाकुर ने उन्हें बाबा जी का स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर अभिवादन किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी राकेश कुमार, श्रवण कुमार, आशुतोष, सिक्योरिटी इंचार्ज महेंद्र सिंह ठाकुर, जगदीश ठाकुर, राजेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धर्मशाला में 'एचपीटीडीसी' कार्यालय के स्थानांतरण से खुलेगा पर्यटन विकास का नया द्वार : मनीष सरीन

**आरके सहगल ,चंबा**

**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र से 2022 के चुनावों में प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने रविवार को जारी बयान में कहा कि 'एचपीटीडीसी' का कार्यालय शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करना प्रदेश सरकार का एक ऐतिहासिक व दूरदर्शी निर्णय है। इस निर्णय से चंबा और कांगड़ा जिलों में पर्यटन उद्योग से जुड़ी अपार संभावनाएं और सुविधाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले के लिए वे सीएम सुक्खू और एचपीटीडीसी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली का आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से यह ऐतिहासिक कार्य संभव हो पाया।



## कहा- स्थानीय लोगों को मिलेगी सीधी सुविधा

मनीष सरीन ने कहा कि चंबा और कांगड़ा जिलों के हजारों लोग पर्यटन व्यवसाय से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। पहले उन्हें अपने पर्यटन से जुड़े कार्यों के लिए शिमला तक लंबा सफर करना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की खपत होती थी। अब धर्मशाला में कार्यालय स्थानांतरित होने से ये कार्य स्थानीय स्तर पर, कम समय और खर्च में पूरे हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी मुलाकात एचपीटीडीसी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली से हुई थी, जहां उन्होंने दोनों जिलों में पर्यटन विस्तार को लेकर कई सुझाव दिए, जिन्हें अध्यक्ष ने सकारात्मक रूप से स्वीकारते हुए जल्द अमल में लाने का भरोसा दिलाया।

# जीवन में सबसे ऊपर होता है मां का स्थान : पूनम राय



## डलहौजी हिलटॉप स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**डलहौजी** हिलटॉप स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लाससे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माता के प्रति प्रेम समान और प्रतिज्ञा का प्रकट करते के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियां पेश कीं।

स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय धवन ने बच्चों के इस कार्यक्रम के प्रयासों की सराहना की और मातृत्व पर अपने विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊपर होता है वह इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता व नैतिक मुद्दों का विकास होता है। इस विशेष शीर्ष पर नृत्य गायन, कविता पाठ, नाटक आदि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां पेश की गई। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को मातृत्व के महत्व से अवगत करना तथा उनके भीतर प्रतिज्ञता और स्नेह की भावना को जागृत करना रहा। सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अपने माता के प्रति प्यार और भावना से प्रेरणादायक अनुभव किया।

# विद्यार्थियों की प्रतिभा तराशेगी एलुमनी एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के विद्यार्थियों की प्रतिभा को तराशने के लिए अब एलुमनी एसोसिएशन योगदान देगी। स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर ऊंचे पदों पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों ने यथासंभव बजट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। पाठशाला की एलुमनी एसोसिएशन के सचिव विनोद राठौर ने बताया कि शैक्षणिक आधारभूत ढांचे के सुधार कार्य, विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधा और संसाधनों से लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ-साथ पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# स्वरोजगार की मिसाल बना चंबा का युवा अनिकेत कुमार

## नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाकर युवाओं में जगा रहा सकारात्मक बदलाव की रोशनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जहां** आज युवा पीढ़ी कई बार दिशाहीनता और नशे की गिरफ्त में उलझती जा रही है, वहीं चंबा नगर परिषद के अंतर्गत सुल्तानपुर मोहल्ले के 24 वर्षीय अनिकेत कुमार एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभरे हैं। स्वरोजगार की राह चुनते हुए, अनिकेत न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाकर युवाओं को भी राह दिखा रहे हैं।

अनिकेत ने दसवीं के बाद संघर्ष को बनाया ताकत और फिर सफर शुरू कर दिया। आर्थिक चुनौतियों से जूझते हुए अनिकेत ने सर्विस स्टेशन पर काम, वेल्डिंग और मैकेनिक जैसे कार्यों के जरिए जीवन की नींव रखी। लेकिन उन्होंने ठान लिया था कि कुछ अलग, सरल और सम्मानजनक करना है। सरकारी योजना पीएम (स्वनिधि माइक्रो क्रेडिट) से प्रेरित होकर उन्होंने गन्ने का रस बेचने वाला तिपहिया वाहन खरीदा और आज हर महीने 50 से 60 हजार रुपये की आमदनी से न सिर्फ अपना बल्कि परिवार का भी भविष्य सुदृढ़ बना रहे हैं।



गन्ने का रस बेचकर हर माह 50 से 60 हजार रुपए की कर रहे आमदनी।

### समाजसेवा व नैतिक जिम्मेदारी की भी मिसाल

**अनिकेत** का दिन सिर्फ काम में नहीं बीतता। वे स्थानीय मंदिर में सेवा देते हैं और खासकर युवाओं को नशे के घातक प्रभावों के प्रति जागरूक करते हैं।
उनका मानना है कि छोटे स्तर पर भी अगर ईमानदारी से कोशिश की जाए, तो समाज में बड़े और सकारात्मक बदलाव संभव हैं।

### स्मार्ट वर्क व आत्मनिर्भरता आज की जरूरत

**अनिकेत** युवाओं को सलाह देते हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं, स्वरोजगार के अवसरों को पहचानें और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा के वाहक बनें। अनिकेत कुमार आज के युवाओं के लिए न केवल एक प्रेरणा हैं, बल्कि यह साबित करते हैं कि अगर चाह हो, तो किसी भी परिस्थिति को अवसर में बदला जा सकता है।

# स्वर्गिनी माता मंदिर में भेंट किया एक किलो चांदी का छत्र

**अनंत ज्ञान, कोटली।** ग्राम पंचायत कोटली के गांव घरवान के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल बसंत सिंह भारद्वाज ने तुंगल में स्वर्गिनी माता के मुख्य मंदिर में एक किलोग्राम चांदी का छत्र मां के चरणों में भेंट किया। इस दौरान इलाके के सेवानिवृत्त सैनिक भी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल बसंत सिंह भारद्वाज ने बताया कि वह 1965 से लेकर आज तक कई बार देवी मां के चमत्कार देख चुके हैं। यही वजह है कि वह परिवार, रिश्तेदारों और अन्य लोगों सहित यहां पर देवी मां को छत्र भेंट करने पहुंचे। कहा कि सनातन अमर है और अमर ही रहेगा। इसे कोई मिटा नहीं सकता। इस मौके पर उनकी पत्नी चंपा भारद्वाज, बेटा सूबेदार यादविंदर भारद्वाज, बहू प्रोमिला भारद्वाज समेत अन्य मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत झीडी**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी ( हि.प्र.)**

**NOTICE INVITING TENDER/QUOTATION**

**Sealed** item rate tender/quotations on the form issued by panchayat are invited by the Pradhan/Sec. Gram Panchayat Jhiri Development Block Balichowki Distt. Mandi H.P.for the Year 2024-25 from the approved and eligible contractors and suppliers. The Quotation form will be issue from the office after scrutiny of their application and Documents.If the office happens to be closed on the date of receipt of quotations as specified above the quotation will be received and opened on the next working day at the same time and venue. The Quotation forms and other detailed conditions form can be had from the office of G.P. Jhiri up to 5.00 pm dated 12.05.2025

**TENDER SCHEDULE:-**
Last Date and time of issue of tender forms
12.05.2025 upto 5.00 PM
2.Last Date and time of receipt of Quotation:-
13.05.2025 upto 11.00 AM
Date and time of opening of Quotation:-
13.05.2025 at 11.30 AM

**GENERAL CONDITIONS.**
The contractor/Firm should possess the following documents (photocopy to be attached)
(i) Registration copy in any Govt. Department.
(ii) PAN No. and GST Registration.
2.Pradhan/Sec. of G.P., reserves the right to accept/reject/cancel any or all Tenders and Quotations.
The tender/quotation form will not be issued to the defaulter contractor/firms.
4. The tender/quotation form cost is 2000/-(Two Thousand).not refundable.
Ernest Money is 10000/-(Ten Thousand) in shape of FD/Call Deposit in fever of G.P.Jhiri

**Pradhan/Secretary**
**Gram Panchayat Jhiri**
**Development Block Balichowki**
**Distt. Mandi H.P.175121**


## सूडोकु नवताल- 7427 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु नवताल -7426 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

# दिखावे से परे है वास्तविक भक्ति: जय लाल

अनंत ज्ञान, चंबा। संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा जय लाल की अध्यक्षता में रविवार को साप्ताहिक सत्संग हुआ। सत्संग की शुरुआत आरती वंदना से की गई। इस अवसर पर दूर-दराज से आए भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला, आदर्शनगर समेत अन्य क्षेत्रों से आए संतों और महात्माओं ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को भजनों और विचारों के माध्यम से साझा किया। महात्मा जय लाल ने प्रवचन करते हुए में कहा कि भक्ति वह अवस्था है जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है और यह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप स्वार्थ और दिखावे से परे होना चाहिए।

# मां बनखंडी पंचपुला के दरबार में शांति के लिए किया हवन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** मां बनखंडी के श्रृंगार करने के उपरांत विश्व शांति के लिए हवन किया गया। यह जानकारी सभा के सदस्य वीरेंद्र ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि भारत मां के वीर सपूत जो पाकिस्तान के साथ युद्ध में देश सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए मंगल कामना की गई। पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, पवन कुमार, भान सिंह, मानसिंह, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार, राम सिंह, मदनलाल, रणजीत सिंह, सुभाष सिंह, पवन कुमार, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, वीरेंद्र सिंह, अमित कुमार, अरुण कुमार, अजय कुमार, सूरज प्रकाश, शुभम, सौरभ, गौरव, जगदीश अंकुश रजनीश नितेश तथा गांव के अन्य नवयुवकों ने अपना भरपूर योगदान दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत द्रुबल**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी ( हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत द्रुबल विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 26-05-2025 को 10 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 26-05-2025 की अपराहन 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:** 1. रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER)- Per cubic meter, 3. बजरी (KANSAQUERRY)- Per cubic meter, 4. बजरी 10mm (CRUSHER), 5. बजरी 20mm (CRUSHER) Per cubic meter, 6. बजरी 40mm (CRUSHER)- Per cubic meter, 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर Per cubic meter, 8. पत्थर (Cut Stone)- Per cubic meter, 9. ईट Per Bricks,10. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 11. जेसीबी Per Hours, 12. सटरिंग Per Square Meter, 13. सीमेंट ढुलाई, 14. सुचना पट्ट -4*4 फुट।

**शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री Per Bag Mandi to Tarnoh ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक। 5. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई आर्डर जारी होने के बाद ही दी जाएगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा। 7. निविदादाताओं को 25000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सुचना पट्ट के निविदाताओं को अलग से 5000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। 8. निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत द्रुबल, विकास खंड सदर मंडी**



**कार्यालय ग्राम पंचायत भरगांव**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी ( हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ग्राम** पंचायत भरगांव विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 22-05-2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 23-05-2025 की अपराहन 11 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:** 1. रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER)- Per cubic meter, 3. बजरी (KANSAQUERRY)- Per cubic meter, 4. बजरी 10mm (CRUSHER), 5. बजरी 20mm (CRUSHER) Per cubic meter, 6. बजरी 40mm (CRUSHER)- Per cubic meter, 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर Per cubic meter, 8. पत्थर (Cut Stone)- Per cubic meter, 9. ईट Per Bricks,10. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 11. जेसीबी Per Hours, 12. सटरिंग Per Square Meter, 13. सीमेंट ढुलाई, 14. सुचना पट्ट -4*4 फुट।

**शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री Per Bag Mandi to Tarnoh ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक। 5. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई आर्डर जारी होने के बाद ही दी जाएगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा। 7. निविदादाताओं को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सुचना पट्ट के निविदाताओं को अलग से 5000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। 8. निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत भरगांव, विकास खंड सदर मंडी**


अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

सोमवार, 12 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, तिथि पूर्णिमा (10:28) **: नक्षत्र** स्वाति (06:17), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** ब्यतीपात (04:59), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (07:29-09:07)।

**विशेष दिन**

- 12 मई 2025 : पूर्णिमा व्रत आज।
- 12 मई 2025 : श्री बुद्ध जयंती आज।

**मेषः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृषभः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मिथुनः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्कः** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इंतजार करें।

**सिंहः** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कन्याः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाएं।

**तुलाः** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृश्चिकः** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनुः** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मकरः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभः** होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाएंगे।

**मीनः** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

यह मत भूलो कि सबसे बड़ा अपराध अन्याय और गलत के साथ समझौता करना है। -सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

## पाक की धोखेबाजी

पाकिस्तान बिलकुल भी भरोसे लायक नहीं है। भारत उसके प्रति हमेशा दरियादिली दिखाता रहता है, लेकिन पाकिस्तान बार-बार भारत का भरोसा तोड़ता रहता है। भारत से टूटकर जबसे पाकिस्तान का जन्म हुआ तबसे पाकिस्तान की फितरत भारत को नुकसान पहुंचाने की रही है। भारत और पाकिस्तान के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं और यह तनाव मुख्य रूप से सीमा विवाद, आतंकवाद और राजनीतिक अविश्वास के कारण उपजा है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका की मध्यस्थता से सीजफायर पर सहमति बनी थी, लेकिन इसके तुरंत बाद पाकिस्तान की ओर से सीजफायर उल्लंघन किया गया, जिसने हालात को और भी गंभीर बना दिया है। सवाल उठता है कि आखिर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम क्यों नहीं हो रहा, इसमें क्या बाधाएं आ रही हैं? 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ नफरत पाल ली। सबसे पहले कबायली आतंकियों और सेना की मदद से कश्मीर को हथियाने की कोशिश की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के हस्तक्षेप से संघर्ष विराम हुआ। इसके बाद 1965 में कश्मीर को फिर टारगेट किया गया। आमने-सामने का युद्ध हुआ, जिसमें पाकिस्तान ने शिकस्त खाई।

सोवियत संघ और अमेरिका के हस्तक्षेप से 1966 में संघर्ष विराम हुआ। 1971 में बांग्लादेशियों पर अत्याचार हो रहे थे तो भारत-पाक में फिर युद्ध हुआ। पाकिस्तान से टूटकर बांग्लादेश बना। संघर्ष विराम के दस दिन बाद पाकिस्तान ने धोखे से राजस्थान के नागो में जमीन हथिया ली, जिसे बाद में छुड़ाने के लिए भारत को 21 जवानों का बलिदान देना पड़ा। इसके बाद 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल में भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ दिया। अमेरिका के हस्तक्षेप से फिर संघर्ष विराम हुआ। इसके बाद भी पाकिस्तान चुप नहीं बैठा। उड़ी, पुलवामा और अब पहलगाम में आतंक का जो नंगा नाच पाकिस्तान ने खेला है वह पूरी दुनिया ने देखा। पाकिस्तान ने सीमाओं पर अविश्वास की गहरी खाई बना दी है। पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीजफायर उल्लंघन और आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित करना भारत की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती रहा है। इससे भारत के लिए पाकिस्तान पर भरोसा करना लगभग असंभव हो गया है।

पाकिस्तान कहता कुछ और है और करता कुछ और है। पाकिस्तान की यह दोहरी नीति एक दिन उसको ले डूबेगी। ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने सीजफायर के लिए हां कह दी, लेकिन सेना उनकी बात नहीं मान रही। पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में सेना की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है। कई बार पाकिस्तान में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों की विदेश नीति पर सेना और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस यानी आईएसआई का अधिक प्रभाव होता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भले ही भारत से शांति की बात करें, लेकिन अगर सेना और खुफिया एजेंसियों की मंशा अलग हो, तो उनकी नीति व्यवहारिक रूप से लागू नहीं हो पाती। भारत के प्रति कठोर रुख पाकिस्तान की सेना के लिए एक नैरेटिव भी है, जिससे वे अपनी शक्ति को देश के भीतर बनाए रखते हैं।

सीजफायर की हालिया पहल में अमेरिका की भूमिका अहम रही, लेकिन यह एक अस्थायी समाधान प्रतीत होता है। अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान ने सीजफायर की बात मानी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि न तो पाकिस्तान की सेना इस समझौते के प्रति गंभीर है और न ही उनके भीतर भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाई देता है। भारत की सुरक्षा नीति में अब स्ट्रेटेजिक रेस्ट्रेंट की जगह स्ट्रेटेजिक रेस्पॉन्स का सिद्धांत प्रमुख हो गया है। इसका मतलब है कि जब पाकिस्तान सीमा पर गोलियां चलाता है या आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो भारत अब केवल निंदा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उचित जवाबी कार्रवाई करता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक इसके उदाहरण हैं। भारत में राजनीतिक नेतृत्व और जनता दोनों अब इस मत पर हैं कि पाकिस्तान को हर गलत कदम का कड़ा जवाब दिया जाए। ऐसे में जब पाकिस्तान सीजफायर तोड़ता है, तो भारत की चुप्पी असंभव हो जाती है। दोनों देशों की सरकारों को एक स्थायी और ईमानदार संवाद की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। अगर पाकिस्तान में लोकतंत्र मजबूत होता है और सेना राजनीतिक निर्णयों में हस्तक्षेप कम करती है, तो शांति की प्रक्रिया को गति मिल सकती है। वैश्विक ताकतें जैसे अमेरिका, रूस, और संयुक्त राष्ट्र को चाहिए कि वे केवल अस्थायी समाधान के बजाय दीर्घकालिक शांति प्रक्रिया का समर्थन दें। दोनों देशों की जनता में नफरत कम करने के लिए सांस्कृतिक, खेल और शिक्षा के क्षेत्र में संवाद को बढ़ावा देना होगा।

वर्तमान परिस्थितियों में भारत और पाकिस्तान के संबंधों में सुधार की उम्मीद तभी की जा सकती है जब पाकिस्तान अपनी दोहरी नीति छोड़कर ईमानदारी से शांति की ओर कदम बढ़ाए। जब तक पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियां भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहेंगी, तब तक कोई भी सीजफायर स्थायी नहीं हो सकता। भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सजग और सशक्त है और यह स्वाभाविक है कि वह हर हमले का उचित उत्तर देगा। इस समय पाकिस्तान को अपनी नीति में बदलाव लाना चाहिए और समझना चाहिए कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। क्या पाकिस्तान इस सच्चाई को स्वीकार करेगा-यही भविष्य की शांति का सबसे बड़ा सवाल है। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश



के जी बालकृष्णन
जन्म : 12 मई, 1945

केजी बालकृष्णन भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। देश के 37वें मुख्य न्यायाधीश बनने वाले वे पहले दलित और मलयाली व्यक्ति हैं। वे 14 जनवरी, 2007 से 12 मई, 2010 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे। न्यायमूर्ति बालकृष्णन का जन्म त्रावणकोर के कस्बे थलायोलापरंबु में पुलाया जाति से संबंधित एक दलित और दरिद्र परिवार में हुआ था। केजी बालकृष्णन के अनुसार-'हालांकि मेरे पिता ने केवल मैट्रिकुलेशन तक और मेरी मां ने मात्र सातवीं कक्षा तक ही शिक्षा पाई थी।' केजीबालकृष्णन के पिता वायकोम मुंसिफ न्यायालय में एक क्लर्क और केशार नारायण के सहपाठी थे। अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद बालकृष्णन ने सरकारी हाई स्कूल वायकोम से अपनी स्कूली शिक्षा समाप्त की, जिसके लिए वे प्रतिदिन पांच किमी की दूरी तय करते थे। इसके बाद उन्होंने एर्नाकुलम के महाराजा कॉलेज में प्रवेश लिया, जहां से अपनी बीएससी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने एलएलबी की डिग्री गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, एर्नाकुलम से हासिल की। बालकृष्णन ने सन 1968 में केरल बार काउंसिल में एक अधिवक्ता के रूप में अपना नामांकन कराया और इसी बीच उन्होंने अपना एलएलएम पूर्ण किया।

### कविता

## भूगोल बदल देंगे



*हरिराम धीमान, नालागढ़*

*सीमा पर आज गरज रहे बादल,*
*वीरों के दिलों में धधक रही ज्वाला।*
*पहलगाम का बदला लेने को आतुर,*
*भारत का बच्चा-बच्चा और हर बाला।*
*न घबराए हैं न कभी घबराएंगे,*
*शहीदों की कसम उठाई है।*
*ध्वस्त करेंगे हर नापाक मंसूबे को*
*मन में पक्की यह बात बिठाई है।*
*शांति की राह बहुत देख ली,*
*पर जख्म सदा ही हमें मिले हैं।*
*न हम झुकते, न हम रुकते,*
*सच्चाई पर अडिग हम चले हैं।*
*आओ आज हम यह संकल्प लें,*
*हर ईंट का जवाब पत्थर से देंगे*
*न केवल नया इतिहास लिखेंगे*
*पाकिस्तान का भूगोल बदल देंगे।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# भारत की सैन्य ताकत समग्र रणनीतिक परिवर्तन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान में हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भारत के साथ प्रत्यक्ष युद्ध लड़ने से कतरा रहा है और छद्म युद्ध कर रहा है। भारत ने जिस तरीके से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सौ से ज्यादा आतंकियों को मौत के घाट उतारा है वो ट्रेलर देखने के बाद पाकिस्तान में खलबली मचना स्वाभाविक है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बहाने पाकिस्तान को यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वह महज प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं है, बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करने में भी माहिर है। पाकिस्तान से लिए गए बदले के बाद भारत में राष्ट्रवाद की भावना और भी ज्यादा जागृत हुई है। अगर पाकिस्तान के साथ सीधा युद्ध हो भी जाता है तो यही भावना पाकिस्तान को नाकों चने चबवाने पर विवश कर देगी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए केवल उन ठिकानों पर निशाना बनाया, जहां आतंकवादी पनाह लिए हुए थे, लेकिन पाकिस्तान की हिमाकत तो देखिए कि वह हमारे निर्दोष भारतीयों को निशाना बना रहा है।

भारत और पाकिस्तान का रिश्ता 1947 के बंटवारे के बाद से ही तनावपूर्ण रहा है। चार पारंपरिक युद्ध (1947, 1965, 1971 और 1999 का कारगिल युद्ध) लड़ने के बाद अब दोनों देशों के बीच संघर्ष पारंपरिक युद्ध की सीमाओं से निकलकर एक 'नए जमाने के युद्ध' का रूप ले चुका है। यह युद्ध केवल सीमा पर गोलीबारी या सैनिकों की तैनाती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कई नए आयाम हैं। नए जमाने का युद्ध पारंपरिक युद्धों से भिन्न होता है। इसमें प्रत्यक्ष लड़ाई की बजाय तकनीक, सूचना, मनोवैज्ञानिक प्रभाव और छद्म युद्ध का इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान इस तरह की लड़ाइयों में सक्रिय रूप से शामिल है। यह संघर्ष कभी किसी सीमा पर गोलीबारी के रूप में दिखता है, तो कभी आतंकी हमले या फिर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों के रूप में।

**साइबर युद्ध और डिजिटल रणनीति :** साइबर स्पेस आज के युद्ध का नया मोर्चा है। पाकिस्तान भारतीय वेबसाइट्स को हैक करने, डाटा चुराने और सूचना तंत्र को बाधित करने की कोशिश आए दिन करता रहता है। पाकिस्तानी हैकर्स ने कई बार भारतीय सरकारी वेबसाइट्स को निशाना बनाया है, वहीं भारत ने भी साइबर सुरक्षा को लेकर कई नए कदम उठाए हैं। सिर्फ वेबसाइट हैकिंग ही नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी खबरें फैलाकर भी पाकिस्तान जनता की राय को प्रभावित करने की कोशिश करता रहा है। फेक न्यूज, ट्रेंड्स और बॉट्स के माध्यम से राष्ट्रवादी भावनाओं को भड़काना या अस्थिरता फैलाना पाकिस्तान की फितरत है।

**छद्म युद्ध का रूप आतंकवाद :** पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठनों की ओर से भारत में किए गए हमले जैसे 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई हमला, 2016 का उड़ी हमला और 2019 का पुलवामा हमला इस बात के संकेत हैं कि पारंपरिक युद्ध की जगह अब छद्म युद्ध ने ले ली है। भारत ने भी इसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से दिया, जो नए दौर के 'प्रत्यक्ष और सीमित' जवाब का उदाहरण है।



**कूटनीतिक मोर्चा और अंतरराष्ट्रीय दबाव :** आज का युद्ध सिर्फ रणभूमि पर नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी लड़ा जाता है। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश की है। फाइनांशियल एक्शन टास्क फोर्स में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखना, संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादियों को वैश्विक आतंकी घोषित करवाना जैसे प्रयास इसी रणनीति का हिस्सा हैं। वहीं, पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को बार-बार वैश्विक मंचों पर उठाने की कोशिश की है, हालांकि भारत की कूटनीति ने अक्सर इसका प्रभाव कम किया है।

**आर्थिक युद्ध :** भारत ने पाकिस्तान से व्यापारिक संबंधों को सीमित कर आर्थिक दबाव भी बनाया है। 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा वापस ले लिया और आयात शुल्क बढ़ा दिए। यह कदम सीधे तौर पर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर चोट करने की मंशा से उठाया गया था। इसके अलावा, भारत ने पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति के संदर्भ में सिंधु जल संधि की समीक्षा की चेतावनी भी दी थी, जो रणनीतिक रूप से एक बड़ा दबाव बनाने वाला मुद्दा है।

**सूचना और मीडिया युद्ध :** मीडिया आज के युग में युद्ध का अहम औजार बन गया है। भारत और पाकिस्तान की मीडिया अपने-अपने देशों में राष्ट्रवाद और सैन्य ताकत को प्रमुखता देती है, जिससे जनता की मानसिकता पर गहरा असर पड़ता है। टीवी चैनलों पर चलने वाली बहसें, सोशल मीडिया के ट्रेंड्स और यू ट्यूब चैनलों की खबरें जनता की सोच को प्रभावित करती हैं। यह सूचना युद्ध, सही और गलत के बीच की रेखा को धुंधला कर देता है।

**नाभिकीय खतरा :** भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियारों से लैस हैं। यह नाभिकीय संतुलन एक पारंपरिक युद्ध की संभावना को तो सीमित करता है, लेकिन तनाव बढ़ने पर अप्रत्याशित नतीजे भी दे सकता है। इस संतुलन को बनाए रखना दोनों देशों के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह सीधे क्षेत्रीय शांति और वैश्विक स्थिरता से जुड़ा है।

### यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

**हथियारों में निरंतर इजाफा :** भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक होने के साथ-साथ अब वैश्विक सैन्य ताकत के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। पिछले कुछ दशकों में भारत ने अपने सैन्य ढांचे को आधुनिक बनाने, तकनीकी दृष्टि से उन्नत करने और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत की सेना न केवल आकार में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, बल्कि अब यह आधुनिक हथियारों, रणनीतिक क्षमताओं और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली उपस्थिति के जरिए अपनी ताकत में निरंतर इजाफा कर रही है। भारत ने अपनी थल सेना, वायु सेना और नौसेना को आधुनिक बनाने के लिए हाल के वर्षों में कई अत्याधुनिक हथियार और रक्षा प्रणालियां शामिल की हैं। फ्रांस से खरीदे गए राफेल जेट्स ने भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता को नई ऊंचाइयों दी हैं। रूस से प्राप्त एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भारत को हवाई हमलों से बचाव के मामले में काफी मजबूती देती है। वहीं, भारत में निर्मित तेजस विमान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। अर्जुन टैंक और पिनाका रॉकेट प्रणाली स्वदेशी रूप से विकसित ऐसे हथियार हैं जो भारत की भूमि युद्धक क्षमता को बढ़ाते हैं।

**आत्मनिर्भर भारत और रक्षा उत्पादन :** सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' नीतियों के तहत भारत अब अपने रक्षा उपकरणों का उत्पादन स्वयं करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और कई निजी कंपनियां मिलकर अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकों का निर्माण कर रही हैं। तेजस विमान, ड्रोन और यूएवीएस, अग्नि और पृथ्वी मिसाइलें, एंटी-टैंक मिसाइलें और आर्टिलरी गन (एटीएजीएस) बनाई जा रही हैं।

**स्पेस और साइबर क्षमताएं :** भारत ने इसरो और डीआरडीओ के माध्यम से अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को भी सैन्य दृष्टिकोण से मजबूत किया है। 2019 में भारत ने मिशन शक्ति के तहत एंटी-सैटेलाइट (एसएटी) मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जिससे यह साबित हुआ कि भारत अब अंतरिक्ष युद्ध की क्षमता भी रखता है। साथ ही, भारत ने साइबर सुरक्षा और साइबर युद्ध की तैयारियों को प्राथमिकता देना शुरू किया है। भारतीय सेना और सरकार ने साइबर कमांड और विशेष साइबर सुरक्षा एजेंसियों की स्थापना की है, जो नए युग के खतरों से निपटने के लिए जरूरी हैं।

**तीनों सेनाओं का एकीकरण :** भारत सरकार ने तीनों सेनाओं (थल, वायु और नौसेना) के बीच बेहतर समन्वय के लिए थियेटर कमांड्स की अवधारणा को बढ़ावा देना शुरू किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति और संयुक्त कमान संरचना की योजना भारत की सैन्य रणनीति को और प्रभावशाली बनाती है। इस कदम से सैन्य संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल, तेजी से निर्णय लेना और युद्ध के समय में समन्वय बढ़ाने में मदद मिलती है।

**नौसेना शक्ति में विस्तार :** भारत की नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को तेजी से बढ़ा रही है। भारत अब विमानवाहक पोत जैसे आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य, पनडुब्बियों और स्टील्थ युद्धपोतों के जरिए अपनी समुद्री ताकत को मजबूत कर रहा है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए भारत ने सागर नीति से अपनी रणनीतिक उपस्थिति बढ़ाई है।

**रणनीतिक परमाणु ताकत :** भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में नो फर्स्ट यूज नीति अपनाता है, लेकिन इसका परमाणु प्रतिरोधक बल काफी मजबूत है। भारत के पास इस समय अग्नि सीरीज की अग्नि-1 से लेकर अग्नि-5 तक मिसाइलें हैं। वहीं, पृथ्वी मिसाइलों में धनुष और के-4 है तो पनडुब्बियों में लगने वाले बैलिस्टिक मिसाइल एसएलबीएम भी हैं। ये सभी भारत को एक त्रि-स्तरीय जल, थल और नभ में परमाणु हमले की क्षमता प्रदान करते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास :** भारत अब एक वैश्विक सैन्य शक्ति के रूप में उभर रहा है और वह अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया और इसराइल जैसे देशों के साथ नियमित सैन्य अभ्यास करता है, जैसे-मालाबार अभ्यास (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया), युद्ध अभ्यास (भारत-अमेरिका), गर्व अल हिंद (भारत-सऊदी अरब), इंद्र (भारत-रूस)। इन अभ्यासों से भारत की सैन्य रणनीति, युद्ध कौशल और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग की क्षमता में वृद्धि होती है।

**सीमाओं पर रणनीतिक मजबूती :** भारत ने चीन और पाकिस्तान के साथ लगती सीमाओं पर बुनियादी ढांचे को भी सशक्त किया है। रणनीतिक सड़कों, पुलों और हवाई पट्टियों का निर्माण बीआरओ ने किया है। एलएएसी पर त्वरित प्रतिक्रिया बलों की तैनाती रहती है। यही नहीं, यूएवी और सैटेलाइट निगरानी के जरिए निगरानी क्षमताओं को उन्नत किया गया है।

बहरहाल, भारत की सैन्य ताकत में इजाफा सिर्फ आधुनिक हथियारों या संख्या में बढ़ोतरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र रणनीतिक परिवर्तन का संकेत है। आत्मनिर्भरता, तकनीकी उन्नति, वैश्विक सहयोग व अंतरिक्ष-साइबर क्षमताओं का संयोजन भारत को 21वीं सदी की मजबूत सैन्य शक्ति बना रहा है। शांतिप्रिय राष्ट्र होते हुए भी भारत इस सिद्धांत में विश्वास करता है कि शांति तभी टिकाऊ होती है, जब आप मजबूत होते हैं।

**रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com**

# विश्वास व अदृश्य बंधन की डोर से बंधा आत्मीय रिश्ता है दोस्ती

मानव सभ्यता के विकास के साथ दुनिया में कई रिश्तों का प्रादुर्भाव हुआ। कई रिश्ते समाज में सामने आए, जिसमें कुछ खून के, कुछ सामाजिक तथा कुछ रिश्ते विश्वास व अदृश्य बंधन की डोर से बंधे थे, जिन्हें दोस्ती का नाम दिया गया। दोस्ती के रिश्ते का सबसे बड़ा उदाहरण भारतीय समाज में कृष्ण व सुदामा का है, जो पूरे विश्व समुदाय के लिए प्रेरणास्पद है।

यह रिश्ता सचमुच अनोखा है व अद्भुत भी। इस रिश्ते का मूल आधार विश्वास, समर्थन, साथीपन, समझदारी, एक दूसरे के लिए प्यार और सम्मान व अपना कीमती समय न्योछावर करना है। दोस्ती एक ऐसा बंधन है जो हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है व मुश्किल समय में सहारा देता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसके जीवन में रिश्तों का अत्यंत महत्व है। सभी रिश्ते अपने आप में सामाजिक तौर पर महत्वपूर्ण हैं, मगर विश्वास व अदृश्य बंधन की डोर से बंधा आत्मीय रिश्ता है दोस्ती। दोस्ती, किसी भी प्रकार के स्वार्थ, जात-पात, धर्म या आर्थिक स्थिति की परवाह नहीं करती। यह एक दिल से जुड़ा भावनात्मक संबंध है जो केवल विश्वास की डोर पर आधारित होता है। दोस्ती एक अदृश्य डोर है, जिसे देखा नहीं जा सकता, लेकिन उसकी मजबूती को महसूस किया जा सकता है। यह डोर मानव जीवन को सबल प्रदान करती है और कठिन समय में सहारा देती है और सुख के पलों को और भी मधुर बना देती है। सच्चा दोस्त वह होता है जो बिना कहे, हमारे दिल के दर्द को समझें और दुख को अपना माने और हमेशा साथ खड़ा रहे। इतिहास गवाह है कि कृष्ण सुदामा की मित्रता, राम और सुग्रीव का संबंध-सभी में यह स्पष्ट होता है कि दोस्ती, केवल बराबर वालों से नहीं, बल्कि तमाम असमानताओं के बावजूद सच्चे मन से निभाई जाती है। जहां आज के वर्तमान दौर में जब रिश्ते दिखावे पर आधारित हो रहे हैं, तब सच्ची दोस्ती की डोर और भी मूल्यवान हो जाती है। दोस्ती हमें सिखाती है कि विश्वास, अदृश्य बंधन, सहानुभूति और त्याग क्या होता है।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

यह न केवल हमारे मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत भी देती है। हर किसी मानव के जीवन में एक ऐसा मित्र अवश्य होना चाहिए, जो सही मायने में इस अदृश्य डोर को बांधे व थामे रखें। यह अदृश्य डोर बेशक किसी को दिखती नहीं, पर महसूस अवश्य होती है। जब हम दुखी होते हैं तो सच्चा दोस्त बिना बुलाए हमारे पास आ जाता है। जब हम खुश होते हैं तो सबसे पहले, उसे ही बताने का मन होता है। यही भावनात्मक जुड़ाव दोस्ती को खास बनाता है। यह डोर बेशक नजर नहीं आती, लेकिन इसकी मजबूती हर परिस्थिति में साथ निभाने से साबित होती है। सच्ची दोस्ती, स्वार्थ से परे होती है। यह दिल से दिल का रिश्ता होता है। एक सच्चा दोस्त, आपके अच्छे समय में खुश व बुरे समय में आपके साथ खड़ा होता है।



यदि वह आपकी आलोचना भी करता है तो निश्चित रूप से आपके भले के लिए। कहावत भी है कि एक 'सच्चा मित्र वह होता है जो विपत्ति में काम आए' जब सारी दुनिया आपका साथ छोड़ देती है। दोस्ती में सच्चे प्रेम व विश्वास की गहराई है और दोस्ती का आधार सच्चाई, समर्पण और विश्वास अवश्य होना चाहिए। दोस्ती एक पवित्र रिश्ता है जो बिना किसी स्वार्थ के दो लोगों के बीच, समझदारी और विश्वास पर आधारित होता है। बेशक यह खून का रिश्ता नहीं होता, लेकिन इसके बावजूद यह कई बार पारिवारिक रिश्तों से भी अधिक मजबूत साबित होता है।

एक सच्चा दोस्त ही, इस व्यस्तता के युग में हमारी भावनाओं को समझता है और सदैव सहारा बनता है। कई बार दोस्तों के साथ बिताए हुए पल जीवन की सबसे खूबसूरत यादें बन जाती हैं।

एक सच्चा दोस्त वही होता है जो हमारे दोषों को हमें बिना शर्मिंदा किए, सुधारने में मदद करें। अच्छा दोस्त, हमारे पिछे नहीं, बल्कि हमारे साथ चलता है, लेकिन समय के साथ इस रिस्ते की परीक्षा भी होती है, जो हर परिस्थिति में साथ निभाए वही सच्चा मित्र कहलाता है। दोस्ती को बनाए रखने के लिए विश्वास, निष्ठा और आपसी समझ बहुत जरूरी होती है। दोस्ती में ईमानदारी भी बहुत जरूरी है। इस अनमोल रिश्ते को अपने कीमती समय व सच्ची भावना से सींचना चाहिए, क्योंकि यही दोस्त, हमारे जीवन को अनेक बार अनमोल लम्हों से भर देते हैं। आज के समय में जब तकनीक ने लोगों को करीब किया है तो मानव के दिलों में दूरियां भी पैदा कर दी।

आज किसी के पास एक दूसरे से मिलने की फुर्सत नहीं है। सच्चे दोस्त, सोशल मीडिया पर नहीं मिलते। दोस्ती निष्कपट और वास्तविक होती है और दिल के तारों से जुड़ा हुआ अदृश्य रिश्ता जो जीने की प्रेरणा के साथ संघर्षों व दुख से उबरने की ताकत देता है। यह मानव के अकेलेपन को ही दूर नहीं करती, बल्कि संघर्षों के समय में संबल भी प्रदान करती है और जीवन की यात्रा सुखद बनती है। सच्चे दोस्त मिलना सौभाग्य की बात है और उसे निभाना जीवन की कला। दोस्ती केवल एक रिश्ता ही नहीं, बल्कि विश्वास और अदृश्य बंधन के साथ भावनाओं की वह डोर है, जो जीवन को सुंदर व आकर्षक बनाती है। यदि यह डोर एक बार अच्छे से बंध जाए, तो उम्र भर साथ निभाती है और मानव जीवन के लिए एक अमूल्य उपहार से कम नहीं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आखिर युद्धविराम क्यों, जब सिर दिया ओखली में तो मूसलों से क्या डर?

पहले आजादी के समय हमने पाकिस्तान को छोड़ा, फिर 1965 में हमने दरियादिली दिखाई। 1971 का युद्ध किसको याद नहीं है, हमारे जैसा दिलेर देश कोई हो ही नहीं सकता। उसके बाद 1999 में कारगिल में हमने कितने शूरवीरों को शहीद बना दिया और पाकिस्तान के सैनिकों को जिंदा ही छोड़ दिया। अरे आखिर कब तक? अब जब पाकिस्तान ने दोबारा अपनी औकात दिखाई थी तो अब किसी भी हाल में उसको छोड़ना नहीं चाहिए था। वो आपके हमारे भाई बंधुओं को कहीं भी मार के चले जाएं और हम दो चार दिन में ही युद्ध विराम कर दें, वो भी किसी तीसरे की सहमति से? बात कुछ हजम नहीं हो रही।



लेखक : डॉ. जय महलवाल (अनजान)
स्वतंत्र लेखक

अरे अगर पाकिस्तान ने युद्ध विराम करना ही था, तो सीधे भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री से हॉटलाइन पर संवाद करते? अमेरिका को बीच में क्यों घुसेड़ा जा रहा है? पाकिस्तान माफी मांगता अपनी करतूत के लिए हमसे। ये जो आज हमारे वीर जवान शहीद हुए शायद ये जिंदा होते, अपने परिवार के लिए अपने देश के लिए। इनके घर में किसी की रिटायरमेंट नजदीक थी, तो किसी की शादी। अरे सोचो क्या बीती होगी उनके दिलों पर, कैसी गाज गिरी होगी? ये सोच के ही मन सिहर उठता है।

आज हर भारतवासी लगभग तैयार बैठा था, कि देश की सेवा का मौका मिलेगा? इसलिए नहीं कि हम युद्ध चाहते हैं, बल्कि इसलिए कि हर बार हमारे फौजी भाई सरहद पर निर्दोष मारे जाते हैं। काश उस दुश्मन देश को सबक सिखाया जाता, काश कुछ दिन और युद्ध चलता तो इनको दुस्साहस तो होता। दो दिन में ही पाकिस्तान को आपकी औकात का पता चल गया, लेकिन सबक तगड़ा सिखाया जाना चाहिए था।

शायद हर बार हम कसर छोड़ देते हैं और अपने भाइयों को ऐसे ही खो देते हैं। शहीद हमारे गरीब घरों के फौजी भाई होते हैं, उस पैसे का भी कितना सहारा होगा उस माँ, उस बहन, उस पत्नी को जिसने उनको खोया है? याद रखना वो वापस नहीं आएंगे अब कभी भी। हम इंसानियत के पक्ष में हैं, परंतु वो इंसान बनने के लायक नहीं।



बिना मतलब के हमारे वीर जवान शहीद हुए, हमें उनकी वीरगति का अत्यंत दुख है, क्योंकि वो वापस नहीं आ सकते और हमको उनपर गर्व इसलिए है कि उनके जैसे वीर सपूत हमारी माँ भारती के पास हैं। अमेरिका दोहरा रवैया अपनाता है भारत के प्रति, युद्ध विराम की घोषणा तो हो गई है, पर क्या ट्रंप सीमा पर लगातार होने वाली गोला बारी को बंद करवा सकता है? कभी नहीं! अगर दम है अमेरिका में तो कर के बताए, तब मानें ट्रंप को, कि बहुत बुद्धिमान है।

दोहरे चरित्र वाले इंसानों का हम खुल के विरोध करते हैं। भारत हमारा एकजुट है, ऐसे कई पाकिस्तान को झटके में उड़ा सकता है, मगर हम ठहरे अमन प्रिय, इंसानों के ऊपर हमला नहीं किया, सिर्फ आतंकियों को खदेड़ा।

अरे अगर हम अपनी करनी पर आ गए, तो बॉम्ब, हथियारों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, पानी से ही पाकिस्तान का सफाया कर देंगे। सुधर जाओ पाकिस्तान, ये आखिरी चेतावनी समझो...वरना रिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है भारत, जय हिंद, जय हिंद की सेना।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण कार्य रोका

## डंगा न लगाने से भड़के लोगों ने पंचायत प्रधान की अगुआई में किया प्रदर्शन, विभाग के आश्वासन के बाद माने

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट** उपमंडल के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा नाबार्ड से बनाई जा रही 10 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन कुठेड़ रिस्सा वाया पिंडींगलू मसधवान पर ग्रामीण व ठेकेदार के बीच डंगों व रास्तों को लेकर विवाद के चलते रविवार को ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगों को लेकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग व ठेकेदार से उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कहा, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उसके बाद उन्हें यह रास्ता अपनाना पड़ा। रविवार को पंचायत प्रधान की अगुआई में किए गए इस धरने प्रदर्शन बाद लोक निर्माण विभाग से जूनियर इंजीनियर और ठेकेदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से बातचीत करने के बाद लोगों की समस्या का हल निकाला।



मांगें न मानने पर भड़के ग्रामीण पंचायत प्रधान की अगुआई में प्रदर्शन करते हुए।

गांव पिंडींगलू के लोगों की रास्ते व डंगों की मांग थी, जिसे ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों के साथ बातचीत करके समस्या का हल निकाल दिया गया है।
**- अतुल ठाकुर, जूनियर इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग अनुभाग सरकाघाट।**

लोगों की रास्ते बनाने व डंगे लगाने की कुछ मांग थी। मजदूरों को यह काम करने के लिए पहले ही आदेश दे दिए गए थे, लेकिन वह घर छुट्टी चले गए जिस कारण यह समस्या आई, लेकिन आज ही दूसरी लेबर का काम शुरू करने के लिए बोल दिया गया है और लोगों को हो रही समस्या से जल्द ही निजात दिलाई जाएगी।
**- नवीन शर्मा, ठेकेदार।**

पंचायत के ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मैंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ठेकेदार से लोगों की समस्या का हल निकालने के लिए कहा। ठेकेदार ने लोगों की समस्या का निराकरण करते हुए मजदूर लगाने के आदेश दे दिए हैं और जिससे लोगों की समस्या का हल निकल गया और उन्हें हो रही समस्या से जल्द ही निजात भी मिल जाएगी।
**- अशोक कुमार रिंकू, प्रधान ग्राम पंचायत बाग।**

# 38 पेटी अवैध शराब की बरामद, 3 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



जोगिंद्रनगर पुलिस को नाकाबंदी के दौरान मिली सफलता।

**पुलिस** थाना जोगिंद्रनगर ने अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात घट्टा क्षेत्र में की गई सघन नाकाबंदी के दौरान दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता प्राप्त की है। इस कार्रवाई में कुल 38 पेटी अवैध शराब बरामद की गई है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई जारी है।

पहला मामले में पुलिस ने पिकनिक पॉइंट भोजनालय, घट्टा के समीप एक टैक्सी (एचपी 01एम 2115) को जांच के लिए रोका। इसमे 2 पेटी रॉयल स्टैग और 15 पेटी ऊना नंबर-1 बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर सरवन कुमार पुत्र हिमाल चंद, निवासी गांव घमरेड़, डाकघर जलपेहर, तहसील जोगिंद्रनगर को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा मामला में बीर रोड के पास एक हुंडई वरना (पीबी07बाई 0742) को रोका गया। तलाशी के दौरान गाड़ी से 3 पेटी रॉयल, 5 पेटी किंगफिशर बीयर और 13 पेटी ऊना नंबर-1 बरामद की गई। इस मामले में दो आरोपियों कुलदीप सिंह पुत्र जगत राम, निवासी सतनामपुरा, फगवाड़ा, पंजाब और परमिंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी मलघोटा, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा को गिरफ्तार किया गया।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व कर रहीं थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि पुलिस की टीम लगातार क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी या नशे के कारोबार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कार सवार से 466 ग्राम अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट पुलिस थाना सरकाघाट और हटली थाना की संयुक्त एसआईयू टीम में एसआईयू टीम प्रभारी बलबीर सिंह ने नरोला पंचायत के खलीहण निवासी एक व्यक्ति से 466 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को सरकाघाट और पुलिस थाना हटली की संयुक्त एसआईयू टीम ने ढलवान के नजदीक धौलखान के शनि देव मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार (एचपी 74 0694) की चेकिंग के दौरान एक सेंट्रो कार में बैठे व्यक्ति से 466 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी की पहचान मनोहर लाल पुत्र दिला राम गांव खलीहण डाकघर नरोला तहसील बल्द्वाड़ा जिला मंडी के रूप में हुई है। जिस पर पुलिस थाना हटली में उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में संलिप्त गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### वृद्धाश्रम देहरी में न्यास की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** देहरी वृद्धाश्रम सुंदरनगर में रविवार को अध्यक्ष पदम सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आश्रम के न्यासियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में न्यास के सचिव उतम चंद शर्मा और कोषाध्यक्ष देव राज धीमान द्वारा पिछली बैठकों की कार्रवाई और हर महीने की धन की व्यवस्था तथा व्यय की रिपोर्ट की जानकारी बैठक में आए हुए न्यास के सदस्यों को दी। पदम सिंह गुलेरिया द्वारा भविष्य में न्यास की गतिविधियों और वृद्धों की हौसला अफजाई और प्रसन्नता अर्जित करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किए। इनमें अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न समाजिक कार्यों के लिए समीक्षा बैठक, कवि सम्मेलन, स्थापना दिवस और भागवत कथा के आयोजनों पर चर्चा की गई। पदम सिंह गुलेरिया ने कहा कि आश्रम का स्थापना दिवस का आयोजन 21 सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

### श्मशानघाट के निर्माण का प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को शिव शक्ति सेवा मंडल की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के प्रधान संजीव शर्मा ने की। बैठक में सामाजिक व विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नागेश्वर महादेव श्मशान घाट में दूसरी चिता के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने कहा कि इससे अंतिम संस्कार की व्यवस्था और सुचारु हो सकेगी। भड़ोल पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित चेक डैम के निर्माण के लिए सीमेंट की अनुपलब्धता पर भी चिंता व्यक्त की गई। मंडल ने मांग की कि बरसात से पहले आवश्यक सामग्री, विशेषकर सीमेंट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि नागेश्वर महादेव श्मशान घाट क्षेत्र के 33 गांवों की अंतिम संस्कार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। उन्होंने बताया कि कई गांवों में अभी तक मोक्षधाम, जलापूर्ति और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि क्षेत्र में एक और श्मशान घाट का शीघ्र निर्माण कराया जाए और इसके लिए बजट का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप प्रधान लक्ष्मण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रताप चौहान, सचिव नंदलाल चौहान सहित सदस्य विनोद कुमार, सुरेंद्र शर्मा, रणजीत सिंह, राजमल, सरवन सिंह, प्रकाश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### मझवाड़ में 14 मई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-2 मंडी ई. सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग मझवाड़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र दुदर, बड़ोग, निहलग, सायरी, रखून, पुखर, चंदेह, सरनधार, मुब, धुंआदेवी व आसपास के क्षेत्र में 14 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन विभाग उच्चतम आवेग की लाइनों में लगी लकड़ी की कड़ियों को बदलने का कार्य करेगा। बारिश होने की स्थिति में यह काम अगले दिन किया जायेगा। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

### विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता 18 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी दिप्ती वैद्य ने बताया कि वर्ष 2048 के लिए हिमाचल प्रदेश हेतु खेल दृष्टिकोण विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (लेखन) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम चरण की प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मई, 2025 तक विभाग के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा पात्र होंगे। ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम में होने वाली इस प्रतियोगिता में हिंदी अथा अंग्रेजी में लेखन किया जा सकता है। विचार अभिव्यक्ति की शब्द सीमा 1500 से 2000 शब्द रखी गई है। प्रतियोगी को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पूरा पता लेखन पृष्ठ पर अंकित करना अनिवार्य होगा। इच्छुक युवा जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी के पड्डल, मंडी स्थित कार्यालय में 15 मई से 17 मई के मध्य अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत प्रतियोगी ही चरण एक की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

# नेरी कैंची मोड़ पर नए ठेके के खिलाफ महिला मंडल का धरना

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर





नेरी कैंची मोड़ पर नए ठेके के विरोध में महिलाएं धरना-प्रदर्शन करते हुए।

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल के नेरी कैंची मोड़ पर खोले गए नए शराब के ठेके के विरोध में शनिवार को नेरी महिला मंडल की महिलाओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। महिलाओं ने ठेके को तुरंत बंद करने की मांग करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि ठेका बंद नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में चक्का जाम किया जाएगा। महिला मंडल ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सहायता नंबर 1100 पर भी औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई है। महिलाओं का कहना है कि शराब का ठेका गांव के युवाओं और समाज पर नकारात्मक असर डाल रहा है।

महिला मंडल की अध्यक्ष ने बताया कि गांव में पहले ही शराब के कारण समस्याएं बढ़ रही हैं और अब नए ठेके से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस ठेके को तुरंत बंद किया जाए।

धरने के दौरान महिलाओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने भी महिला मंडल के इस प्रयास का पूरा समर्थन किया है।

# मारपीट व धमकी के तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के अंतर्गत तीन अलग-अलग मारपीट व धमकी के मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में मोहन लाल पुत्र फांदी राम, निवासी गांव टांगरी, डाकघर सूरजपुरबाड़ी ने शिकायत दर्ज करवाई कि 9 मई की शाम उसके पड़ोसी ओमप्रकाश व उसकी माता कांता देवी ने उसके साथ गाली-गलौच, मारपीट की और जान से मारने की धमकियां दीं।

दूसरे मामले में इंद्री देवी पुत्री चंदु राम, निवासी गांव कोटलू स्वाडी, डाकघर गोपालपुर ने शिकायत की कि 10 मई को उसकी बहू पल्लवी व बेटा हंसराज ने उसके साथ गाली-गलौच, मारपीट की और उसके गले की सोने की चेन भी छीन ली।

तीसरे मामले में पल्लवी पत्नी हंसराज, निवासी गांव कोटलू, डाकघर गोपालपुरने शिकायत की कि 10 मई को उसकी सास इंद्री देवी व ननद किरण देवी ने बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौच, मारपीट की और जान से मारने की धमकियां दीं। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि तीनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

# बस किराये में की बढ़ोतरी को वापस न लिया तो होगा आंदोलन: इंद्र सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** की सुक्खू सरकार ने एक बार फिर से आम लोगों और गरीबों की जेब पर मार डाली है।

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि सुक्खू सरकार ने फिर से बसों के किराए में बढ़ोतरी की है।



पहले न्यूनतम किराया 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए किया। अब प्रदेश की कांग्रेस की सरकार ने किराए में 15 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इससे उन आम और गरीब लोगों पर बोझ पड़ेगा, जो बसों में सफर करते हैं। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने ऐसे जनविरोधी कई फैसले लिए है। यदि सुक्खू सरकार बस किराए में की बढ़ोतरी को वापस नहीं लेती है तो आंदोलन किया जाएगा। आम जनता इस लूट के खिलाफ सड़कों पर उतरने वाली है, जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां लोगों को पहले से मिल रही सुविधाओं को छीन रही है, वहीं उन पर अतिरिक्त बोझ भी डाल रही है। सुक्खू सरकार ने पहले लोगों को मिल रही निशुल्क बिजली, गांव में मुफ्त पानी की सुविधा को समाप्त किया। अब पहले न्यूनतम किराया बढ़ाया अब पूरे किराए में 15 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इसके ठीक विपरीत सरकार अपने मित्रों को लाभ पहुंचा रही है। अपने मित्रों, करीबियों को कैबिनेट रेंक देकर सरकारी खजाने पर बोझ डाला जा रहा है तथा उसकी भरपाई लोगों की जेब पर बोझ डाल कर की जा रही है।

# कई धड़ों में बंटी कांग्रेस, नेताओं की आपस में बातचीत बंद: पूर्ण ठाकुर

अनंत ज्ञान, पधर

**द्रंग के विधायक ने कांग्रेस नेतृत्व व प्रदेश सरकार पर किया जुबानी हमला**

**द्रंग** के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कई धड़ों में बंटी हुई है और नेताओं ने आपस मे बातचीत करना बंद कर दी है।

उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को कहा कि जब विधानसभा के चुनाव 2022 में हुए थे तब हिमाचल महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रियंका वाड्रा ने लोगों को झूठ बोलकर गुमराह किया था। उन्होंने कहा था कि जब हिमाचल में हमारी सरकार बनेगी तो पहली कैबिनेट मीटिंग में महिलाओं को 1500 रुपए देंगे, लेकिन प्रदेश में सरकार को बने तीन साल हो गए, लेकिन एक भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूछा गया कि हिमाचल में कितनी महिलाएं है तो उन्होंने साढ़े 23 लाख महिलाएं हैं अगर इतनी महिलाओं को ये 1500 देते तो 5 सौ करोड़ रुपए तक बनता था, लेकिन सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं है सिर्फ झूठी गारंटी देकर सता में आ गई।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को 5 लाख नौकरी देने का भी वादा किया था, लेकिन अब ये बताएं कि कितने बेरोजगारों को नौकरी दी गईं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सरकार के समय नौकरी पर रखे 12 हजार युवाओं को नौकरी से बाहर निकाल कर घर बैठा दिया गया।

# बह पंचायत के प्रधान पीर सहाय ठाकुर विकास करवाने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर

**अनंत ज्ञान, पधर।** विकास खंड द्रंग की बह पंचायत के प्रधान पीर सहाय ठाकुर ने पंचायत में विकास कार्य करवाने में चार चांद लगा दिए है। उन्होंने पहली बार बनी पंचायत को इस तरह से तरासा की देखने वाले कायल हो जाते हैं। उन्होंने पंचायत घर को बनाने में कोई कर नही छोड़ी है जिस कारण बह पंचायत का नाम हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने पंचायत घर को ही नहीं तरासा बल्कि पंचायत के अन्य विकास कार्य करवाने में कोई कसर नही छोड़ी है। पीर सहाय ठाकुर ने बहुत कम समय में पंचायत घर का निर्माण कर ये दिखा दिया है की विकास करना कोई बड़ी बात नही है सिर्फ मन मे लग्न होनी चाहिए।

पीर सहाय ठाकुर से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि विकास करने में बहुत कठिनाई आई लेकिन हार नही मानी और विकास लगातार जारी रखा। उन्होंने बताया कि बीच में पंचायत के कुछ शरारती तत्व ने विकास करवाने में बहुत सारी अड़चने भी डाली, लेकिन उन्ही लोगों को उन्ही की भाषा मे जबाब देकर विकास जारी रखा और आज पंचायत घर बनकर पूरी तरह तैयार हो गया।

# मुरारी शर्मा को मिला सिरमौर गौरव सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**हिमाचल** में सबसे अधिक उपन्यास लिखने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गंगा राम राजी और चर्चित कहानीकार एवं उपन्यासकार मुरारी शर्मा को शंखनाद सामाजिक संगठन की ओर से शंखनाद विशिष्ट सम्मान सिरमौर गौरव- सृजन-2025 से सम्मानित किया गया। शंखनाद सामाजिक संगठन के निदेशक डॉ. श्रीकांत अकेला ने बताया कि मंडी जिला से संबंध रखने वाले दोनों ही साहित्यकार साहित्य के क्षेत्र में राज्य ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बना चुके हैं।





मुरारी शर्मा को सम्मानित करते हुए।

डॉ. गंगा राम राजी प्रदेश में सबसे अधिक उपन्यास लिख चुके हैं। उसी प्रकार कहानीकार साहित्यकार मुरारी शर्मा की कहानिया और उपन्यास पाठकों में बहुत लोकप्रिय हैं। उनकी कहानी बाणमूठ राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुई है। उनकी कहानियों का अंग्रेजी, मराठी, मलयालम, पंजाबी आदि में अनुवाद हुआ है और कई विश्वविद्यालयों में शोध कार्य किया जा रहा है। मुरारी शर्मा का उपन्यास देबकू एक प्रेम कथा हाल ही में पाठकों की पसंद बना है। इस विशिष्ट सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पदमश्री शिवद्यानं सरैक मौजूद रहे। जबकि समारोह के अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक अतिथि डॉ. अजय पाठक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध इतिहासकार लेखक, साहित्यकार डॉ. हिमेंद्र बाली, समाजसेवी एवं सामाजिक चिंतक राकेश थापा, प्रसिद्ध गीतकार दया भारद्वाज, रंजोध सिंह प्रसिद्ध साहित्यकार शामिल हुए।

# सीवी रमन हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

## एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता एवं मातृ दिवस समारोह का समापन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**एसपीएस** इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर ततहार में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं मातृ दिवस समारोह का समापन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का परिचय भी दिया। खेलकूद स्पर्धाओं के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सुनीता देवी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि मातृ दिवस समारोह की मुख्यातिथि प्रेम कुमारी ठाकुर रहीं।



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

सुनीता देवी ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सोलर लाइट और डस्टबिन भेंट किए। वहीं, मातृ दिवस के अवसर पर प्रेम कुमारी ने माताओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भावुक और प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग के लिए 11,000 की राशि प्रदान की।

सीनियर ब्वॉय बास्केटबाल में सीवी रमन हाउस ने शानदार जीत दर्ज की। कबड्डी के सीनियर वर्ग में भी लड़के और लड़कियों दोनों ही वर्गों में सीवी रमन हाउस विजेता रहा, जिससे उनकी श्रेष्ठता और तैयारी की झलक मिली। वॉलीबाल में सीनियर ब्वॉय की श्रेणी में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस ने बाजी मारी और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीवी रमन हाउस ने ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी अपने नाम की और अपने टीमवर्क व समर्पण का प्रमाण दिया।

# सरकाघाट में 17 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में 17 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार एसएचओ पुलिस सरकाघाट ने अपनी टीम द्वारा प्रवीण कुमार पुत्र मोती लाल गांव व डाकघर सधोट तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश की करियाना दुकान सधोट में रेड की गई। इस दौरान रेड प्रवीण कुमार की दुकान से 4 बोतलें मैक्डोनल्ड, 4 बोतले रॉयल चेंलेंजर, 3 बोतलें ऊना नम्बर 1 व 6 बोतलें, थंडर बोल्ट बरामद हुई है। जिस पर पुलिस थाना सरकाघाट में प्रवीण कुमार के खिलाफ एक्ससाइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बच्चों से जुड़े मुद्दे संजीदगी से हल करने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सौलीखड्ड में स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों के लिए कैडर कैंप आयोजित किया गया। इसमें मंडी जन विकास एवं साक्षरता समिति, ज्ञान विज्ञान समिति, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संघ, युवक मंडल और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कैंप में जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने बतौर मुख्य स्रोत व्यक्ति प्रतिभागियों को मिशन वात्स्लय के विभिन्न घटकों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल यौन उत्पीड़न, शोषण, किशोरावस्था की समस्या व नशा आदि सामाजिक बुराइयों पर चोट करते हुए कहा कि ये बच्चों के मन पर बुरा प्रभाव डालती है और उनके विकास पर बड़ी बाधा बनकर सामने आती है। इसलिए बच्चों के समुचित मानसिक विकास और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इन सामाजिक बुराइयों का खात्मा जरूरी है। ठाकुर ने कहा की बच्चों के मुद्दे बड़ी संजीदगी से हल करने और उनकी सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। ठाकुर ने बाल अधिकारों, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना और मिशन वात्सलय के अंतर्गत मिलने वाली स्पॉन्सरशिप योजना, पॉक्सो अधिनियम और बाल न्याय अधिनियम पर भी अपनी बात रखी।

# ट्रंप का आदेश जारी करने से शिमला समझौते का भी हुआ उल्लंघन: भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**युद्धविराम पर माकपा नेता ने उठाए सवाल**

**पहलगाह** में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के बाद भारत द्वारा पाक में आतंकवादी अड्डों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई और उसके बदले में पाकिस्तान फौज द्वारा किए हमलों में भारतीय सेना ने उन्हें मुहतोड़ जवाब दिया। सीमा पर छिड़े संघर्ष में भारत की स्थिति मजबूत है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड ट्रंप ने जिस प्रकार इसमें हस्तक्षेप किया वह सब शिमला समझौते और आज तक भारत द्वारा अपनाई गई नीति के विपरीत मोदी सरकार का कदम है। जबकि हमें पाकिस्तान से उन आतंकयों को भारत को सौंपने और आतंकी अड्डों को बंद करके के लिए दवाब बनाना चाहिए था। लेकिन जिस तरह से ये सब हुआ ये सब भारत सरकार की अब तक की सोच और सिद्धांत के विपरीत है। जिस पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि ये सब उस समय किया गया जब पूरा देश और विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था और पाकिस्तान की आतंकवाद की नीति और गतिविधियों का ठोस व स्थायी समाधान चाहता था। लेकिन बिना किसी बात व समझौते के राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर जो निर्णय मोदी सरकार ने लिया है उससे सभी हैरान और निराश हैं। इस संघर्ष में जिन सैनिकों और नागरिकों की मौत हुई है उनका बलिदान भी सरकार के फैसले ने व्यर्थ गवा दिया।

**सफलता** तुंगल क्षेत्र की युवा उद्यमी के जज्बे ने लिखी सफलता की नई इबारत, दूध के दाम बढ़ाने पर सीएम को कहा-थैंक्यू

# दुग्ध उत्पादन में सकीना डेयरी फार्म बना आदर्श, प्रतिमाह 2 लाख आमदनी

अनिल शर्मा, मंडी

**परिस्थितियां** चाहे कितनी भी विपरीत हो, कठिन परिश्रम व सच्ची लगन, व्यक्ति को उसके लक्ष्य तक पहुंचा ही देती है। यह साबित किया है तुंगल क्षेत्र की युवा उद्यमी सकीना ठाकुर ने। इतिहास की छात्रा रही सकीना अपने जज्बे एवं नवोन्मेषी प्रयासों से आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रही है।

कोटली उपमंडल के कून गांव में एक साधारण परिवार में जन्मीं सकीना ठाकुर की बचपन से ही उद्यमी सोच रही है। कोट के सरकारी स्कूल से शुरुआती शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत मंडी शहर में उच्च शिक्षा के लिए चली आईं। यहां राजकीय वल्लभ डिग्री कॉलेज से उन्होंने इतिहास विषय में एमए की उपाधि प्राप्त की। वह बताती हैं कि मंडी में घर पर जो दूध आता, वह काफी पतला व निम्न गुणवत्ता का था। वहीं से उन्हें विचार आया कि वे किस तरह लोगों को उच्च गुणवत्ता का दूध उपलब्ध करवा सकती हैं। हालांकि जिम, मॉडलिंग व बॉक्सिंग में करियर बनाने के सपने भी मन में हुलारे मार रहे थे। मगर, परिवार सरकारी नौकरी के लिए दबाव डाल रहा था।

### चिंता देवी से मिला हौसला

**दुग्ध** उत्पादन में आगे बढ़ने का हौसला सकीना ठाकुर को पड़ोसी गांव भरगांव की चिंता देवी ने दिया। यू-ट्यूब से भी डेयरी क्षेत्र की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद पंजाब में बठिंडा के समीप गुरविंदर डेयरी फार्म से होलस्टीन फ्रिजियन (एचएफ) नस्ल की गाय खरीदी। यूरोपियन नस्ल की इन गाय के दूध में प्रोटीन व मक्खन भरपूर मात्रा में होता है।

### क्या कहते हैं उपप्रधान

**उपप्रधान** विजय कुमार ने कहा कि सकीना ठाकुर समाज के लिए एक उदाहरण है। इस युवा उद्यमी ने साबित किया है कि कोई भी कार्य छोटा-बड़ा अथवा कठिन नहीं होता।



### फार्म में एक व्यक्ति को दिया रोजगार

**फार्म** में एक व्यक्ति को रोजगार भी दिया है। बतौर सकीना उन्हें प्रतिमाह लगभग सवा लाख रुपए तक आय हो रही है। उनकी सोसायटी से कून के अलावा कोट, लंबीधार, द्रुब्बल, त्रैहड़, माहन इत्यादि गांवों के लगभग 70 परिवार जुड़ चुके हैं।

### फार्म में 14 गाय

**वर्तमान** में सकीना अपने फार्म से लगभग 112 लीटर (1.12 क्विंटल) दूध प्रतिदिन प्राप्त कर रही हैं। फार्म में वह एचएफ नस्ल की 14 गाएं पाल रही हैं। लगभग साढ़े चार लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक शेड का भी निर्माण किया है। पशु चारा स्थानीय स्तर के साथ ही पंजाब से भी ला रही हैं। मिल्किंग मशीन व चारा कटर पर करीब 50 हजार रुपए निवेश किए हैं। गोबर खाद के रूप में उपयोग हो रहा है।

इन तमाम विरोधाभासों के बीच सकीना ने कुछ समय स्वास्थ्य विभाग की परियोजना में सर्वेक्षणकर्ता के रूप में भी कार्य किया।

सकीना बताती हैं कि इस नौकरी से संचित धन उन्होंने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में निवेश करने का मन बना लिया। शुरुआत बेहद चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि घर-परिवार से लेकर गांव-चौबारे तक हर जगह सहयोग की अपेक्षा ताने ही अधिक मिल रहे थे। एक शिक्षित लड़की कैसे गाय-गोबर का काम करेगी, इस तरह के उलाहने उन्हें परेशान तो करते, मगर लक्ष्य पर केंद्रित रहकर ऐसी सोच को गलत साबित करने का जरिया भी बन रहे थे।

डेयरी व्यवसाय के जिउ ग्रामीण बैंक से लगभग दो लाख रुपए का ऋण लिया और जुलाई, 2024 में सकीना डेयरी फार्म की शुरुआत कर दी। अब मां रमा देवी व भाई-बहन का साथ भी मिला। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हिमकैप्स मंदिर में वार्षिक भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेडा में 12 मई को मंदिर के वार्षिक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान परिसर में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के वार्षिक समारोह में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज प्रवचन करेंगे।

### धर्म की स्थापना के लिए लेते हैं प्रभु अवतार : जोशी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** डेरा पंडित हरि शाह दरबार अंबोआ में चल रही श्रीमद् गो भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक कृष्ण कन्हैया जोशी ने राजा बलि की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब वे अपने स्वरूप को प्रकट करते हैं ताकि धर्म की स्थापना हो सके और अधर्म का विनाश हो सके। जो भक्त सच्चे मन से भक्ति करता है, उसकी सहायता के लिए भगवान स्वयं दौड़कर आते हैं। बताया कि किस तरह असुरों के राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर दिया था और स्वर्ग अपने कब्जे में ले लिया था। बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया। इसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया और दैत्यराज बलि को पराजित कर उसका अहंकार तोड़ दिया था। इस मौके पर डेरा पंडित हरि शाह दरबार के मौजूदा सेवादार बाबा राकेश शाह ने भी प्रवचन किए। इस मौके पर श्रोताओं ने कथा का श्रवण कर डेरे में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आधी रात को ट्रक-ट्राले की भिड़ंत से दहशत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गोंदपुर बनेहड़ा क्षेत्र में शनिवार मध्यरात्रि करीब साढ़े बारह बजे मुबारिकपुर-दौलतपुर सड़क पर लकड़ी से लदे ट्राले और विपरीत दिशा से आ रहे तूड़ी से भरे ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के इलाकों में जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। इससे लोग नींद से जागकर बाहर निकल आए। अचानक हुए धमाके से लोग घबरा गए। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते रात को धमाके से लोग सहम गए। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्हें राहत की सांस ली। यह आवाज किसी सैन्य गतिविधि की नहीं, बल्कि सड़क हादसे की थी। घटना की सूचना मिलते ही एसएचओ अनिल उपाध्याय मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों को नुकसान हुआ है और दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया है। लिहाज़ा पुलिस ने इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### पंजाब में रात्रि के समय नहीं हो रहा बसों का ठहराव



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल पथ परिवहन निगम ऊना की तरफ से पंजाब को जाने वाले रूटों पर बसों का संचालन शुरू हो गया है। हालांकि, निगम की तरफ से एहतियातन रात के समय पंजाब के विभिन्न क्षेत्र में रुकने वाली बसों को वापस हिमाचल की सीमा में बुलाया जा रहा है। इसके अलावा अमृतसर, जालंधर, पठानकोट सहित सभी रूटों पर बसें सुचारु रूप से चल रही हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते निगम की तरफ से पंजाब क्षेत्र के लिए बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इससे पंजाब जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। दूसरी तरफ तनाव के चलते इन रूटों पर सवारियों की संख्या भी काफी कम हो गई थी। अब युद्ध विराम के बाद हालात बदलने शुरू हो गए हैं। निगम की तरफ से पंजाब के लिए बसों का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है। वहीं एचआरटीसी ऊना के डीडीएम सुरेश धीमान ने बताया कि बसों का संचालन सुचारु रूप से शुरू कर दिया गया है। अभी तक रात के समय बसों का पंजाब में ठहराव बंद किया गया है। सरकार की तरफ से जो भी आगामी दिशा-निर्देश होंगे, उसी के अनुसार कार्य किया जाएगा।

# आसमान में दिखे आगनुमा गोले

## ऊना और बंगाणा के लोगों में दहशत, पुलिस ने मौके पर लिया घटना का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा हो चुकी है, लेकिन इस बीच कई घटनाएं लोगों को चौंकाती रही हैं। शनिवार देर रात को जिले के कई हिस्सों में आसमान पर हरकतें नजर आई हैं। कई लोगों ने इसकी पुष्टि भी की है।

बेशक भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात टल चुके हैं, लेकिन लोगों के जेहन से आंखों देखी घटनाओं को लेकर एक भय दूर नहीं हुआ है। शनिवार देर रात को ऊना जिला मुख्यालय के समीप कोटला कलां लोअर में एक महिला ने आसमान पर आग की चिंगारियां छोड़ती किसी वस्तु के गुजरने की घटना अपनी आंखों से देखी। इसे देख उन्होंने सीधे पुलिस स्टेशन में सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरी घटना का जायजा लिया।

उधर बंगाणा में भी एक युवक जो रात 9 बजे के करीब अपने घर जा रहा था उसे भी आसमान में अजीब हरकतें नजर आईं। उसने उनका वीडियो बना लिया। दो आग जैसे गोले तेजी से आगे बढ़ रहे थे। यह वीडियो वायरल भी हुआ। हालांकि ऐसी कोई वस्तु किसी स्थान पर गिरने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि हमीरपुर और कई अन्य जगहों से भी इस तरह की जानकारी मिली है। अधिकारिक तौर पर पुलिस ने इसकी कोई पुष्टि नहीं की है।

### टटेहड़ा में मिला पाकिस्तान का जहाजनुमा गुब्बारा, नहीं लगा है कोई उपकरण

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** भारत-पाक के बीच हुए युद्ध विराम के बाद रविवार सुबह उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में पाकिस्तान का जहाजनुमा गुब्बारा मिला था जिसमें जांच में कोई उपकरण नहीं होने की पुष्टि हुई है। हालांकि इसके मिलने से गांव में हड़कंप मच गया था। टटेहड़ा गांव में एक घर के समीप यह गुब्बारा पेड़ में फंसा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही गगरेट पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में ले लिया है। पहले तो यह समझा जा रहा था कि गुब्बारे में कोई उपकरण लगा हो सकता है लेकिन पुलिस जांच में ऐसा कुछ नहीं पाया गया।




पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक में उपजे तनाव के चलते आसमान में उड़ रही दुश्मन की मिसाइलों व ड्रोन से लोग पहले ही असहज महसूस कर रहे थे लेकिन युद्ध विराम की घोषणा के बाद रविवार सुबह टटेहड़ा गांव में मिले पाकिस्तानी गुब्बारे ने लोगों को फिर से असहज कर दिया। पहले तो यह माना जाने लगा कि जासूसी के लिए पाकिस्तानी सेना द्वारा छोड़ा गया यह कोई उपकरण हो सकता है। गुब्बारे पर पीआईए अंकित था और उर्दु में भी कुछ लिखा गया था। गुब्बारा मिलने की खबर मिलते ही कई लोग उसे देखने के लिए आने लगे।

घटना की जानकारी गगरेट पुलिस को भी दी गई। माहौल ठीक न होने के चलते पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर मुआयना किया। गुब्बारे में पुलिस को कोई उपकरण नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ने गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि इससे पहले भी ऐसे कई गुब्बारे हिमाचल में कई स्थानों पर मिले हैं लेकिन भारत-पाक में तनाव के चलते पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुब्बारे को कब्जे में लेकर इसकी जांच की है।

### ट्रंप और पड़ोसी देश भरोसे के काबिल नहीं : शर्मा

**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव और प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान, अमेरिका और ट्रंप विश्वसनीय नहीं हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने पहले भी कई युद्ध किए हैं। 1962 में चीन का युद्ध, 1965 तथा 1971 में पाकिस्तान युद्ध, 1999 में कारगिल का युद्ध भी देखा है। ब्लैक आउट और अन्य रक्षात्मक उपायों को नजदीक से देखा और आसमान पर आग लगे जहाजों को देखा।

1965 में भारत की फौजें पूरी तरह लाहौर में पहुंच चुकी थीं। 1971 में पाकिस्तान के जनरल नियाजी ने भारत के जनरल अरोड़ा और मुक्ति वाहिनी के आगे 92000 पाकिस्तानी फौजियों ने आत्म समर्पण कर दिया और देश के लोगों ने इंदिरा को दुर्गा माता कहना शुरू कर दिया। इंदिरा ने कभी तीसरे देश का दखल कबूल नहीं किया। अब तो अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ही भारत-पाकिस्तान के सीजफायर की घोषणा कर दी, जो 3 घंटे भी नहीं चली। जगतराम ने बताया कि आज तक पाकिस्तानियों का मुकाबला पुराने सैनिक ही कर रहे हैं। अग्निवीर अभी बहुत दूर हैं। ट्रंप से दोस्ती के बाद सरकारी क्षेत्र के 23 उद्योग निजी क्षेत्र को बेच दिए गए हैं।

# हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप डुमखर क्रिकेट मैदान में 12 जून से



बैठक के दौरान मौजूद हैमर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

हैमर बॉल हिमाचल चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा बैठक कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सहोता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि द्वितीय सीनियर हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप 12 जून से 15 जून तक डुमखर क्रिकेट मैदान में आयोजित की जा रही है। बैठक में आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई और विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में विशाल भारती शर्मा, यशवीर सिंह राणा, प्रवेश, प्रवीण कुमार, विनोद शर्मा, स्पर्श शर्मा, सुमित सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन के सुचारू संचालन के लिए बंगाणा के होटलों की व्यवस्था कर ली गई है, ताकि अन्य राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों और आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में

**चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर बंगाणा में बैठक संपन्न**

प्रभावी रणनीति तैयार की गई है। हैमर बॉल एसोसिएशन हिमाचल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि आयोजन को सफल बनाया जा सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे प्रतियोगिता में भाग लें और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें, ताकि अन्य राज्यों से आए खिलाड़ियों एवं अन्य गणमान्य लोगों के अच्छा व्यवहार करें ताकि हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा की प्रशंसा हर राज्य ना हो। यह एक बहुत ही अच्छा संदेश पूरे भारत में जाएगा।

# डीसी कॉलोनी ऊना के धार्मिक समारोह में पहुंचे सत्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डीसी कालोनी के शिव मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन में विधायक सतपाल सत्ती ने शिरकत की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर नवदीप कश्यप, मदन पुरी, हरीश साहनी, विवेक मेहता, विनय शर्मा, संदीप कश्यप, पुनीत कपिला, कमल शर्मा, साहिल सेखड़ी, चम्पा, निशा ठाकुर, रेखा, सुनीता के अलावा शहर के वार्ड-9 के लोग भी मौजूद थे।

विधायक सतपाल सत्ती ने आतंकी घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए सफल आपरेशन सिंदूर का पुरजोर



धार्मिक आयोजन में शामिल होने के दौरान मौजूद सतपाल सत्ती व अन्य।

समर्थन किया और भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए शौर्य एवं पराक्रम की जमकर प्रशंसा की। शहीद हुए भारतीय सैनिकों व सशस्त्र बलों के जवानों के बलिदान को भी नमन किया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला में पाक गोलीबारी में मौत का ग्रास बने निर्दोष भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की। विधायक सतपाल सत्ती ने शिव मंदिर में भारतीय सैनिकों की रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। इस अवसर पर विधायक सतपाल सत्ती ने शहर के वार्ड 9 के लोगों को पेश आ रही समस्याओं को सुना और उनके समाधान को लेकर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

# धूमधाम से मनाया माता चिंतपूर्णी का प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी में माता श्री चिंतपूर्णी का प्रकटोत्सव दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। प्रकटोत्सव दिवस के चलते रविवार को मंदिर के कपाट सुबह 5:00 बजे खुले।

इस मौके पर पुजारी द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई और माता रानी को छप्पन भोग लगाए गए। हालांकि भारत-पाकिस्तान युद्ध संकट के चलते भक्तों की तादाद में कमी देखी गई। इसके बावजूद भी भक्तों ने माता का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में पहुंचे।



मां चिंतपूर्णी प्रकटोत्सव पर मंदिर पहुंचे विधायक सुदर्शन बबलू और मंदिर ट्रस्ट के लोग।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने माता रानी से प्रार्थना की कि हमारे देश के सैनिकों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से देश में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहेगी। विधायक ने कहा कि माता रानी के प्रकटोत्सव दिवस के मौके पर दर्शन करने का सौभाग्य मिला और माता रानी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने माता रानी की कृपा की कामना की और देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### सेना हर बार पाकिस्तान को देती है मुंहतोड़ जवाब : बबलू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में विधायक बबलू ने माता रानी के जन्मोत्सव पर सभी को बधाई दी और देश की सुख शांति के लिए मंदिर में हवन भी डाला। इस अवसर पर विधायक बबलू ने कहा कि हमारी भारतीय सेना बड़े शौर्य और साहस से काम कर रही है और पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है। विधायक बबलू ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा धोखेबाजी का काम करता है और उसे पहले भी हर लड़ाई में हार झेलनी पड़ी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना इतनी सशक्त है कि आगे भी पाकिस्तान को हर लड़ाई में हार झेलनी पड़ेगी। विधायक बबलू ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और माता रानी से देश की सुख शांति की कामना की। इस मौके पर पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र छिंदा ने विधायक बबलू को माता रानी की जयंती पर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी शशि कालिया, कांग्रेस नेत्री सलोचना देवी, पूर्व प्रधान तिलक राज कालिया और मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल मौजूद रहे।

# हाइड्रेंट की जगह दौलतपुर चौक क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र की जरूरत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के दौलतपुर चौक कस्बे में भले ही करोड़ों की लागत से हाइड्रेंट सिस्टम लगाए जा रहे हैं, लेकिन आज तक यहां स्थायी अग्निशमन केंद्र नसीब नहीं हो पाया है। अब पैसा खर्चा जा रहा है जबकि पहले से लगाए गए हाइड्रेंट सिस्टम का कोई नामोनिशान तक नहीं है। जनता की खून-पसीने की कमाई को दोबारा इसी योजना में फूंके जाने का आरोप है।

इस योजना की जानकारी रखने वालों के मुताबिक गगरेट में 2.31 करोड़ और दौलतपुर चौक में 1.10 करोड़ रुपये की लागत से हाइड्रेंट सिस्टम दोबारा स्थापित किए जा रहे हैं। हकीकत यह है कि इन दोनों कस्बों में पहले भी यही सिस्टम लगाए जा चुके हैं। आरोप है कि आज तक उनकी कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है, न उनका कोई उपयोग हुआ और न ही कोई रखरखाव।

वास्तविक जरूरत गगरेट में स्थायी अग्निशमन केंद्र की है। हाल ही में गगरेट और अंब क्षेत्र के कुनेरन और गोंदपुर बनेहड़ा सहित उपमंडल के कई गांवों में खेतों में आग की घटनाएं हुईं। किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा है। यदि गगरेट में फायर स्टेशन होता तो समय पर आग पर काबू पाया जा सकता था और किसानों की सैकड़ों कनाल में फैली गेहूं की फसलें नहीं जलतीं। बीते दिनों गगरेट उपमंडल के गांव नकड़ोह में 200 कनाल भूमि पर आग लगी और अंब से केवल एक ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और वह भी समय नहीं पहुंच पाई थी।

इस क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य मनोज कपूर ने सवाल उठाया कि जब गगरेट जैसे बड़े और संवेदनशील क्षेत्र में आज तक फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो बार-बार हाइड्रेंट सिस्टम पर करोड़ों खर्च करने का औचित्य क्या है। पूर्व बीडीसी सदस्य ने मांग की है कि अग्निशमन केंद्र की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए और हाइड्रेंट सिस्टम की स्थिति की जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

# शहीदों के परिवारों को हिमोत्कर्ष देगी शौर्य पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को ऊना में परिषद मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने की।

बैठक में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के कायरता पूर्ण आंतकी हमले की कड़ी निंदा की गई। वहीं भारत सरकार द्वारा पहलगाम की आतंकी घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नेस्तनावूद करने के लिए चलाए गए सफल आपरेशन सिंदूर का पुरजोर समर्थन करते हुए भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए शौर्य एवं पराक्रम की जमकर प्रशंसा की गई।

हिमोत्कर्ष परिषद ने आप्रेशन सिंदुर में शहीद हुए भारतीय सैनिकों व सशस्त्र बलों के जवानों के बलिदान को भी नमन किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपरेशन सिंदूर के दौरान पुंछ में शहीद हुए हिमाचल प्रदेश के शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार को अमर



बैठक में हिस्सा लेने वाले संस्था के प्रतिनिधि।

शहीद कै. अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता शौर्य पुरस्कार (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार परिषद के 54वें वार्षिक समारोह में उनके परिजनों को दिया जाएगा।

बैठक में परिषद ने 2025-26 वर्ष के हिमोत्कर्ष अमोदनी बेसहारा विधवा महिला सहायता प्रकल्प के तहत 67 महिलाओं के चयन को भी स्वीकृति प्रदान की। इन 67 महिलाओं को एक वर्ष के लिए परिषद द्वारा हर माह 750 रुपए का राशन प्रदान किया जाएगा। इस प्रकल्प के तहत 25 मई को सुविधा पैलेस ऊना में कार्यक्रम में चयनित 67 महिलाओं को तीन माह के राशन के रुप में 1,50,750 रुपए की मदद प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज इस कार्यक्रम में सभी को अपना आशीर्वाद देंगे। बैठक में परिषद ने तीन मेधावी विद्यार्थियों को 20,643 रुपए की मदद शिक्षा पूर्ण करने के लिए फीस के रुप में देने को भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव यशपाल सिंह ठाकुर, डा. रविंद्र सूद व नरेश सैनी, उपाध्यक्ष प्रो. बीके शर्मा, जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया, संयुक्त सचिव अनूपा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेषपाल सिंह, विजय साहनी, कृष्णपाल शर्मा, कविता गोयल, पूजा कपिला, रमा कंवर, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# पंजाब में पागल बनकर घूमता रहा फरार हत्यारोपी सुनील

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

जिला अस्पताल ऊना से पुलिस को गच्चा देकर भागा हत्यारोपी पंजाब में पागल बनकर घूमता रहा। उससे जब पंजाब पुलिस ने जालंधर में पूछताछ करनी चाही तो उसने अपने पागलपन को तस्दीक करने के लिए पुलिस वालों पर ही पत्थर तक बरसाए लेकिन जल्द ही उसका भेद खुल गया। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल से भागते समय जो कपड़े उसने पहने थे उस दो जोड़ी कपड़े में ही वह इतने दिनों तक रहा। रविवार को गगरेट पुलिस के पीओ सैल के राजेश नारायण ने उसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। यहां से उसे जिला कारागार वनगढ़ भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल से भागने के बाद किसी तरह अमृतसर पहुंच गया। भारत-पाक युद्ध के चलते जब पंजाब पुलिस ने संदिग्ध लोगों को निगरानी रखनी शुरू की तो सुनील राणा ट्रेन से जालंधर आ गया। यहां भी कुछ लोगों ने अज्ञात व्यक्ति को अचानक देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पूछताछ करने पहुंची तो उसने अपने आप को पागल साबित करने का प्रयास किया और पुलिस जवानों पर पत्थर बरसा कर उन्हें भी घायल किया। हालांकि चौकी इंचार्ज ने किसी तरह से उससे उसके गांव का नाम पूछा।

अब सुनील राणा समझ गया था कि अगर गांव का नाम गलत बताया और वहां पता करने पर पुलिस को सही जानकारी न मिली तो वह बुरा फंस सकता है। जिस पर जब चौकी इंचार्ज ने गांव में पता किया तो उसकी तस्दीक हो गई। न्यायालय द्वारा उसे पीओ घोषित करने के बाद गगरेट पुलिस के पीओ सैल से एचएचसी राजेश भी उसकी तलाश में थे। उन्हें पता चला कि सुनील राणा जालंधर में पुलिस कस्टडी में है। इस तरह से बारह वर्षीय बच्ची का हत्यारोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने बताया कि सुनील राणा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर वनगढ़ जेल भेज दिया गया है।

**तकरार** हरियाणा को 8500 क्यूसिक पानी देने का मामला अभी नहीं सुलझा

# अतिरिक्त पानी छोड़ने के मुद्दे पर नंगल पहुंचे मान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पानी को लेकर पंजाब और हरियाणा में विवाद भी चरम पर है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को एक बार फिर से नंगर स्थित भाखड़ा डैम पर पहुंचे। जहां उन्होंने हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का विरोध जताया। सीएम मान ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के अधिकारी रोजाना पंजाब के पानी पर डाका डालने की कोशिश कर रहे हैं। मैं उनको अपने इरादे में बिल्कुल सफल नहीं होने दूंगा।

वहीं मुख्यमंत्री मान ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को भी आड़े हाथ लिया। मान ने कहा कि मनोहर लाल भी पानी के मुद्दो को अपनी इज्जत का सवाल बनाए बैठे हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि 8 दिनों में हरियाणा इस पानी से कौन सी खेती कर लेगा, जबकि पंजाब उनके जरूर मुताबिक पीने का पानी छोड़ रहा है।



### 'आप' कार्यकर्ता नंगल डैम के बाहर हुए जमा

**हरियाणा** को पानी देने के नाम पर नंगल डैम पर फिर तनाव के हालात पैदा हो गए थे। बीते दिन जैसे ही आप कार्यकर्ताओं को भनक लगी कि बीबीएमबी मैनेजमेंट 100-100 क्यूसेक कर नंगल डैम से 8500 क्यूसेक पानी हरियाणा को छोड़ने वाला है तो वैसे ही भारी संख्या में आप कार्यकर्ता नंगल डैम जमा हो गए और इस दौरान हाईकोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए पुलिस अधिकारियों ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पानी छोड़ने के लिए मनाने का प्रयास किया, लेकिन आप कार्यकर्ताओं ने बीबीएमबी व पुलिस अधिकारियों की एक बात नहीं मानी और कुछ ही देर बाद पंजाब के शिक्षा मंत्री एडवोकेट हरजोत सिंह बैंस भी मौके पर पहुंचे और नंगल डैम पुल के बीचों बीच टैंट लगा पक्के धरने पर बैठ गए।

### तीसरी बार नंगल डैम आना पड़ा

**मान** कहा कि यह तीसरी बार है कि मुझे यहां पर आना पड़ रहा है। पहले बीबीएमबी के अध्यक्ष और फिर अधिकारी रोजाना सुबह उठकर पानी छोड़ने के लिए आ जाते हैं। राजस्थान को बॉर्डर पर तैनात सेना के लिए पानी की जरूरत थी और मैंने तुरंत राजस्थान को पानी छोड़ने के लिए निर्देश दिए। देश सेवा में पंजाब हमेशा हाजिर है, लेकिन इस तरह की धक्के बर्दाश्त नहीं सही जाएगी। सीएम मान किसान यूनियन पर भी हमला बोलते हुए कहा कि रोजाना हाईवे जाम करने वाले किसान नेता अब कहां है। पानी के मुद्दे पर वह कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। कल को वे पानी को मुद्दे को लेकर वे किस मुंह से मेरे पास आएंगे।

### जिले में गर्मी बढ़ना हुई शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में रविवार को मौसम साफ रहा। तेज धूप खिलने से दोपहर के समय गर्मी बढ़ना शुरू हो गई है। बीते एक सप्ताह से जिले में बादल छाने से मौसम सुहावना बना हुआ था। रविवार को दोपहर के समय गर्म हवाएं चलीं। इससे बचने के लिए वाहन चालक मुंह को ढक कर वाहन चलाते हुए नजर आए। रविवार को जिले के अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने ही आशंका जताई है।

गर्मी ने फिर जिले में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय चलने वाली लू ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ऐसे में अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। तेज धूप के चलते किसान भी अपनी फसल की सिंचाई करने में जुट गए हैं।

# दो पक्षों में झगड़ा, 13 लोग बनाए आरोपी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पुलिस थाना हरोली के तहत भदसाली गांव में दो पक्षों के बीच हुए झजड़े में कई लोग जख्मी हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है। मामले में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड से मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से शिकायतकर्ता विमल कुमार निवासी भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना ने पुलिस को बताया कि बीती दो मई को उसके दोनों बेटे अमनप्रीत व हर्षप्रीत दुकान से घर को आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में अवतार सिंह ने रास्ते में ईंटें लगा रखी हैं। जब उनके बेटे वहां से गुजरे तो कुछ ईंटें गिर गईं। इस पर आरोपी अवतार सिंह उनके बेटों के साथ गाली-गलौज करने लगा। कहा कि उसके दोनों बेटे फिर भी घर को आ गए। कुछ समय पश्चात आरोपी कर्ण सैनी का फोन उनके बेटे अमनप्रीत को आया। जब उनका बेटा वहां पहुंचा तो आरोपी फिर गाली -गलौज करने लगे और ईंटें वहीं लगाने को कहा। लड़ाई न

**दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस हुआ दर्ज**



हो इसलिए वे ईंटें वहां पर लगाने लगे तो आरोपी मोहन लाल, शिव कुमार, महिंद्रपाल, कर्ण, वार्ड पंच कमलजीत और अवतार सिंह ने उनके बेटों को अकेला पाकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने गालियां निकालीं। शिकायतकर्ता विमल कुमार ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह अपनी बहन के घर था। जब वह लौटा तो आरोपियों ने उसकी गाड़ी पर ईंटें मारीं। इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। आरोपियों ने उसके बेटे अमनप्रीत का फोन भी तोड़ दिया और पत्नी पर भी हाथ उठाया।

दूसरे पक्ष से मोहन लाल निवासी वार्ड नं. 7 गांव व डाकघर भदसाली तहसील हरोली जिला ऊना ने शिकायत में पुलिस को बताया कि बीती दो मई की रात को उसके भांजे अवतार सिंह के घर से लड़ाई-झगड़े और चिल्लाने कि आवाजें आ रही थीं। जब वह अपनी पत्नी और बहू के साथ मौके पर गए तो अवतार सिंह के साथ दो लड़के अमनप्रीत, हर्षप्रीत झगड़ा और मारपीट कर रहे थे।

इसके बाद अमनप्रीत व हर्षप्रीत किसी के घर चले गए। मौके पर उसका बेटा शिव कुमार व कमलजीत भी आ गए। करीब आधे घंटे बाद आरोपी विमल कुमार, प्रिंस, अंकु व अन्य दो लोगों के साथ आया। आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर लड़ाई, झगड़ा और मारपीट की। मारपीट में उसके सिर पर चोट लगी। अवतार सिंह को मुंह में चोट लगी। उसकी बहू ज्योति को पेट में चोट आई। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से करीब 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के पास शिकायत घटना के कुछ दिन बाद आई। मामले की जांच जारी है।

# जल्द बनाएंगे आनी की 60 सड़कें : विक्रमादित्य

## देवी-देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ 136 वर्षों से आयोजित हो रहे आनी मेला का हुआ समापन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला कुल्लू के उपमंडल आनी में 136 वर्षों से आयोजित हो रहे 4 दिवसीय जिला स्तरीय आनी मेला देवी-देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ संपन्न हो गया।

समापन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। 7 मई से शुरू हुए इस प्राचीन एवं पारंपरिक मेले में क्षेत्र के आराध्य देव शमशरी महादेव, पनेउई नाग देवता, देवरी नाग देवता, बयुंगली नाग देवता, ओलवा के कुलक्षेत्र महादेव और कुंईर के ब्यास ऋषि ने शिरकत की। मेले में 4 दिनों तक खूब रौनक रही। मेले के दौरान जहां दिन भर महिलाओं और स्कूली बच्चों की नाटियां (लोक नृत्य ), महिलाओं की रस्साकशी, रंगोली और लोक गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं। वहीं, रात में आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचल के लोकप्रिय गायकों के अलावा स्थानीय कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने मेले में बेहतरीन प्रस्तुति देने के लिए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी के छात्रों को 11 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम के मौके पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सेस राम आजाद, यूपेंद्रकांत मिश्रा, बंसी लाल कौशल, परस राम, एसडीएम निरमंड एवं कार्यभारी एसडीएम आनी मनमोहन सिंह, एसई लोक निर्माण विभाग पासंग, एसई बिजली बोर्ड राकेश सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, मेला कमेटी के सदस्य, स्थानीय लोग और विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधि शामिल रहे। **( अनंत ज्ञान )**


आनी मेले के समापन मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे लोनिवि मंत्री जनता को संबोधित करते हुए।

### देश की सुरक्षा के लिए केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी सरकार

**इस** अवसर पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव को लेकर कहा कि जब देश की सुरक्षा की बात है, तो हिमाचल प्रदेश केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने हमलों में मारे गए शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सड़क मार्ग का किया लोकार्पण

**इससे** पूर्व विक्रमादित्य सिंह ने मुहान से मरैछ 4.375 किलोमीटर लंबे संपर्क सड़क मार्ग और शैलपुत्री माता मंदिर से शाई गांव तक 900 मीटर संपर्क सड़क मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र की 60 सड़कों को जल्द बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 के तहत इन सभी सड़कों को स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा आनी में लोक निर्माण विभाग का मंडल बनाने को लेकर भी विचार किया जाएगा। इस मामले को कैबिनेट में प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जलोड़ी जोत टनल की एलाइमेंट को स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण को लेकर करीब 3 हजार करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है। जल्द इस पर कार्य शुरू होगा।

### नगर पंचायत आनी के पुनर्गठन की मांग

इस दौरान आनी क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से नगर पंचायत आनी के पुनर्गठन की मांग को लेकर भी मुलाकात की, जिस पर अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि आनी को नगर पंचायत बनाने को लेकर सरकार प्रयासरत है और जल्द इसे घोषित कर दिया जाएगा।

# देवताओं की विदाई के साथ लारजी मेला संपन्न

## बंजार कांग्रेस के नेता घनश्याम शर्मा समापन समारोह में रहे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बंजार खंड की ग्राम पंचायत लारजी में तीन दिवसीय मेला रविवार को देवी-देवताओं की विदाई के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। पिछले तीन दिनों से मनाए जा रहे इस मेले में विभिन्न प्रकार की संस्कृति देखने को मिली।

रविवार को कुल्लवी नाटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बंजार कांग्रेस के नेता घनश्याम शर्मा समापन समारोह के मुख्यातिथि रहे। लारजी पहुंचने पर ग्राम पंचायत प्रधान गुड्डु राम व उनकी पूरी टीम ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता घनश्याम शर्मा ने कहा कि मेले हमारे संस्कृति के प्रतीक है, जो हमारी संस्कृति और धार्मिक संस्कृति को बचाए रखे हुए हैं। उन्होंने लारजी मेले की सभी को बधाई दी। वहीं, ग्राम पंचायत प्रधान गुड्डु राम ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेला पहले एक दिन का होता था, लेकिन पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से पिछले दो वर्षों से इस मेले को तीन दिवसीय शुरू किया गया है। इस मौके पर लारजी पंचायत के कई महिला मंडलों ने कुल्लवी नाटी पेश कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और देवता बड़ा छमाहूं के साथ आए हरिया ने कुल्लवी नाटी का आयोजन कर मेले की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डोला महंत, पूर्व खंड विकास अधिकारी लोतम राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


बंजार खंड की पंचायत लारजी में मेले के समापन मौके पर देवी-देवता व लोग।

# पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनाली एक्सपो का आयोजन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

### 20 कंपनियों के प्रतिनिधि उत्पादों सहित ले रहे भाग

पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाली एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य मनाली के साथ-साथ प्रदेश में अच्छे पर्यटन को बढ़ावा देना है।

एक्सपो से जुड़े व्यवसायी कमल ने बताया कि केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय और प्रदेश पर्यटन विभाग के सौजन्य से मनाली एक्सपो-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से जुड़े हुए 20 कंपनियों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों सहित भाग ले रहे हैं। मनाली के 15 मील स्थित देवलोक में आयोजित इस पर्यटन के संबंधित आयोजन से मनाली के व्यवसायी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों गजेंद्र ठाकुर, बुद्धि सिंह ठाकुर, देवराज शर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजनों से हिमाचल में पर्यटन को और बल मिलेगा। उन्होंने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार और प्रदेश पर्यटन विभाग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मनाली एक्सपो में देश की बड़ी कंपनियों के भाग लेने से मनाली के पर्यटन कारोबारियों को भी सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग को समय-समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे हिमाचल में पर्यटन बेहतर हो। एक्सपो के अंतिम दिन डीसी कुल्लू बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुई उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन समय-समय करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी-बड़ी कंपनियां इस एक्सपो में भाग ले रही हैं इससे हमारे पर्यटन कारोबारियों को पर्यटन पर बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और अच्छे ब्रांड का सामान भी उचित दाम पर मिलेगा।

## विधायक अनुराधा ने कोकसर से तिंदी तक सुनीं लोगों की समस्याएं, कहा-

# समय पर पूरे होंगे लाहौल घाटी में चल रहे विकास कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा ने चार मई से 10 मई तक लाहौल घाटी का दौरा किया।

इस दौरे के दौरान उन्होंने कोकसर से लेकर दारचा व तांदी से लेकर तिंदी तक लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर पंचायत में पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। केलांग व उदयपुर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की ओर जगह-जगह ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शनिवार को विधायक तिंदी पहुंची। कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव अनिल ठाकुर ने कहा कि शनिवार को पंचायत तिंदी के लौहणी, लिमटियाड, कैण, कुठाड, बरौड़, भुजुंड और आगाहर गांव पहुंची। जनता ने उनका स्वागत किया तथा विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना व उनका समाधान किया। इससे पहले उदयपुर व मायड़ घाटी में भी विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने उदयपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ जन समस्याओं को जाना। प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने की बात कही। पूर्व जिलाध्यक्ष गयल्सन ठाकुर ने कहा कि विधायक का लाहौल घाटी का दौरा सफल रहा है। विधायक ने इस दौरे के दौरान घाटी में चल रहे विकास कार्यों की जांच की व अधिकारियों के साथ समीक्षा की। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल घाटी में चल रहे विकास कार्य समय पर पूरे होंगे और विकास कार्यों को पूरा करने में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में समस्त लाहौल-स्पीती ने विकास की राह पकड़ी है।


लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा का लाहौल घाटी में स्वागत करते लोग, विकास कार्यों का लिया जायजा।


एक किलो 405 ग्राम चरस के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोप ।

# एक किलो 405 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

जिला कुल्लू के भुंतर में पुलिस टीम ने एक किलो 405 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार चरस तस्करी का मामला शनिवार बीती रात उस दौरान सामने आया, जब पुलिस टीम बामी नाला के समीप गश्त पर थी।

इस दौरान सामने से आ रहा युवक पुलिस को देख घबरा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर उस युवक को दबोच लिया, जिसके कब्जे से तलाशी के दौरान एक किलो 405 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कुबेर सिंह (20) पुत्र थैलू राम, निवासी गांव भलाण-दो, डाकघर भलाण, तहसील सैंज, जिला कुल्लू के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गौशाल में नाबालिग छात्रा लापता

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के गौशाल क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा लापता हो गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लड़की की माता ने मनाली थाना में आकर शिकायत पत्र दिया, जिसमें कहा है कि उनकी बेटी 8 मई को घर से स्कूल गई, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची। उसके बाद अभी तक घर भी नहीं लौटी है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि पुलिस ने लड़की की बरामदगी को लेकर प्रयास तेज कर दिए हैं।

# रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में हिमपात


पर्यटन नगरी मनाली में लगी रौनक, मौसम के बदलने से घाटी में पड़ रही कड़ाके की ठंड, मई माह में लोग गर्म कपड़े पहनने को मजबूर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले की चोटियों पर रविवार दोपहर से रुक-रुककर हिमपात हो रहा है, जबकि रिहायशी इलाकों में बारिश जारी है।

मौसम के बदलने से घाटी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मई महीने में लोग फिर से गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। रविवार सुबह धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदल ली और रोहतांग सहित कुंजम, बारालाचा व शिंकुला दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे।

लाहौल निवासी टशी, पलजोर, सोनम व जगदीश ने बताया कि बदले मौसम के मिजाज से घाटी में ठंड बढ़ गई है। मौसम कूल-कूल हो गया है। मनाली घाटी में भी रुक-रुककर बारिश होती रही। मनाली-जंस्कार मार्ग पर शिंकुला दर्रे में फाहों के बीच वाहनों की आवाजाही सुचारू रही। रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे। रोहतांग के उस पार जिंगजिंगबार सहित सीबी रेंज की चोटियों पर हिमपात हुआ।

# पेंटर पर तेजधार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की पार्वती वैली के छलाल में पेंटर के ऊपर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घायल व्यक्ति का पुलिस ने मेडिकल व उपचार कराया है। पुलिस के अनुसार गणित सोनी, पुत्र उपेंद्र सोनका, निवासी लाल चंद पट्टी, जिला सुपौल, बिहार की शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह छलाल व कसोल क्षेत्र में पेंटर का काम करता है। क्षेत्र में वह लोगों के घरों में पेंट आदि करता है। मनोज यादव ने छलाल गांव में बहसबाजी के बाद उस पर घूंसे बरसाए। इसके बाद आरोपी ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में उसे नाक और बाजू में चोटें आई हैं। मेडिकल रिपोर्ट में तेजधार हथियार से हमले की पुष्टि हुई है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने घटना को लेकर मामला दर्ज होने की पुष्टि की है।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के लाइफ मित्रों की कार्यशाला आयोजित

# परामर्श दाताओं का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के प्रवेश द्वार जेजे रिजॉर्ट शमशी (कुल्लू) में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के लाइफ मित्रों की कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वप्रथम एसबीआई लाइफ शास्त्रीनगर कुल्लू के शाखा प्रबंधक रोहित किंगोपा ने बैठक में उपस्थित सभी लाइफ मित्रों का स्वागत किया। एडमिन नमन कपूर ने अधिक से अधिक लोगों को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस प्लान से जोड़ने के लिए परामर्श दाताओं का मार्गदर्शन किया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर एलआर गुलशन ने कहा कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रति लोगों का विश्वास पैदा करने के लिए हमें कारगर कदम उठाने होंगे। उन्होंने लाइफ मित्रों को पेश आ रही समस्याओं से अवगत करवाया और उनके समाधान के लिए कुछ सुझाव भी रखे, जिन पर शाखा प्रबंधक ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यातिथि द्वारा निवेश के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लाइफ मित्रों को सम्मानित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में अधिक से अधिक पात्र निवेशकों को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के दायरे में लाया जाएगा और निवेश में पिछड़ रहे जिला कुल्लू को प्रथम पायदान पर लाने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे। बैठक में मुख्यातिथि शाखा प्रबंधक रोहित किंगोपा ने एसबीआई लाइफ निवेश के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले लाइफ मित्रों को पुरस्कृत किया।

हालांकि, शाखा प्रबंधक रोहित किंगोपा ने लाइफ मित्रों के नियमित रूप से कार्यालय में उनसे कार्य के सिलसिले में अनौपचारिक भेंट न करने पर तल्खी भी जाहिर की, जिसका सभी लाइफ मित्रों ने भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने का भरोसा दिलाया।


एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के लाइफ मित्रों की कार्यशाला के दौरान गणमान्य लोग।

# समर फेस्टिवल : कुल्लवी नाटी रही आकर्षण का केंद्र



**मोहन बोकटापा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली की मनुरंगशाला में आयोजित किए जा रहे समर फेस्टिवल के पहले दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर होटलियर ऐसोसिएशन से गजेंद्र ठाकुर, होटलियर हीरा लाल, इंटक के प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी, पर्यावरणविद किशन लाल, नगर परिषद की उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा और जाने-माने मंच संचालक सतीश सूद ने विशेषातिथि के रूप में शिरकत की। रुद्रा द अल्टिमेट ग्रूप कुल्लू के बैनर तले हो रहे इस समारोह में मिस कुल्लू का चयन मुख्य आकर्षण रहेगा। रुद्रा द अल्टीमेट ग्रुप 2011 से निरंतर कला के क्षेत्र में हर वर्ष कार्य करता आ रहा है। पहले दिन कैलाश बोधी स्कूल के बच्चों की कुल्लवी नाटी आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही हिमायलयन बुद्धिष्ट स्कूल 15 मील की छात्राओं ने लाहौली नृत्य से धमाल मचाया।

दूसरे दिन डेम ग्रेंड ग्रुप ने शानदार फैशन शो पेश कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। कान्हा डांस स्टूडियो बंजार के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से चिट्टा के नशे पर चोट की। इस अवसर पर कल्पना का फिल्म डांस भी आकर्षण का केंद्र रहा। ग्रुप के एमडी सूरज ने बताया कि मनाली कुल्लू समर फेस्टिवल में रंगारंग कार्यक्रम में कुल्लवी, लाहौली लद्दाखी, नेपाली लोकनृत्य का आयोजन हो रहा है। वहीं, कुछ महिला मंडल के कार्यक्रम भी दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। फैशन शो के दौरान मिस कुल्लू के 9वें सीजन में प्रदेश से आई सुंदरियों से मिस कुल्लू चयनित होगी। **( अनंत ज्ञान )**

**परेशानी** कुल्लू-मनाली के बीच रोजाना आवाजाही करने वालों को बहुत बड़ा झटका

# टोल प्लाजा को शुरू करने को लेकर सरगर्मियां तेज

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

विवादित डोहलूनाला टोल प्लाजा को शुरू करने की सरगर्मियां एक बार फिर तेज हो गई हैं।

फोरलेन पर रोजाना सफर करने वालों के साथ ही कुल्लू जिले के खास तौर पर कुल्लू-मनाली के बीच हर रोज आवाजाही करने वालों के लिए यह बहुत बड़ा झटका है, अब तक बैकफुट पर दिख रहा एनएचएआई पूरी तैयारी के साथ टोल प्लाजा शुरू करने की ओर अग्रसर है। एनएचएआई मंडी इकाई के परियोजना निदेशक वरुणचारी ने पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द ही किरतपुर-मनाली रोड पर चौथा टोल प्लाजा शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, संघर्ष समिति ने भी टोल प्लाजा शुरू होने पर उग्र संघर्ष की चेतावनी दी है । **( अनंत ज्ञान )**



डोहलूनाला टोल प्लाजा से गुजरते वाहन। ( फाइल फोटो)

### एक्ट के प्रावधानों के अनुसार लगा है टोल

**कुल्लू**-मनाली हाईवे पर डोहलूनाला में स्थापित टोल प्लाजा नहीं हटेगा, मंडी इकाई के परियोजना निदेशक के मुताबिक यह टोल प्लाजा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार विशेष अनुमति के तहत यहां लगाया गया है। उन्होंने बताया कि टकोली टोल प्लाजा और डोहलूनाला टोल प्लाजा के बीच की दूरी हालांकि, 60 किलोमीटर से कम है, मगर पहाड़ी इलाका होने के कारण विशेष परिस्थितियों को देखते हुए इसकी मंत्रालय से विशेष अनुमति ली गई है।

### संघर्ष समिति करती आ रही है विरोध

**डोहलूनाला** टोल प्लाजा संघर्ष समिति लगातार इस टोल प्लाजा का विरोध करती आ रही है। संघर्ष समिति के सदस्यों के अनुसार यह टोल प्लाजा एनएचएआई के नियमों पर भी खरा नहीं उतरता है। कायदे से एक टोल प्लाजा से दूसरे की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए, लेकिन टकोली में स्थापित टोल प्लाजा से डोहलूनाला की दूरी 38 किलोमीटर है। ऐसे में डोहलूनाला टोल प्लाजा नियमों पर खरा नहीं उतरता है। समिति के अनुसार ऐसे में डोहलूनाला टोल प्लाजा को हटाया जाना चाहिए। समिति कई बार इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर चुकी है।

### कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर 4 टोल प्लाजा

**कीरतपुर**-मनाली फोरलेन पर चार टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं, जिनमें से तीन टोल प्लाजा नियमित तौर पर चल रहे हैं, लेकिन कुल्लू जिले का टोल प्लाजा अभी चालू नहीं हो पाया है, इसे भी नियमित तौर पर चलाने के लिए एनएचआई औपचारिकताओं को पूरा कर रहा है। मनाली आते व जाते हुए फोरलेन पर गड़ामोडा, डैहर, टकोली में टोल प्लाजा स्थापित हैं, जिसमें सुचारु रूप से फास्ट टैग से टोल वसूला जा रहा है। अब कुल्लू जिले में स्थापित एकमात्र टोल प्लाजा से टोल वसूलने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : कश्यप


गुरुद्वारा साहिब भुंतर में भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी बैठक के दौरान।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

समिति के सदस्यों व ग्लोवल स्कूल हुरला के छात्रों द्वारा गत दिनों सफाई अभियान के साथ पर्यावरण व नशे के प्रति जागरूकता रैली निकाली थी। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने पर्यावरण बचाने व नशे के खिलाफ चलाए इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। बैठक में निर्णय लिया कि निकटतम भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम समिति करती रहेगी। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं। भुंतर सुधार समिति का हर सदस्य व्यापक भलाई के लिए कार्य करने मे प्रयासरत है।

पर्यावरण को नुकसान से बचाने व नशे से युवाओं को दूर रखने में भुंतर सुधार समिति अपनी सराहनीय भूमिका निभा रही है। वहीं, भारत-पाक के युद्ध विराम को लेकर भी इस निर्णय की सराहना की। वहीं, इंडियन आर्मी के जवानों के हौसले को सलाम किया। बैठक में भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, सहसचिव झावे राम, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, सहकोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, आजीवन सदस्य अनील धीमान, महिला विंग की अध्यक्ष नीना घई, प्रवक्ता नीलम घई आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से 5 लीटर अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लाभ सिंह, निवासी खोहसे वाला तहसील पांवटा साहिब को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लाभ सिंह की दुकान से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस संबंध में पुलिस थाना पुरुवाला में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। जिला सिरमौर के पुलिस कप्तान निश्चिंत सिंह नेगी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे के कारोबार और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस तरह के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### आर्य समाज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आर्य समाज द्वारा जनजागरण के लिए इस बार अपना 150वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ सोलन के कोठों स्थित ऑडिटोरियम में मनाया गया। सोलन जिले के कोठो में प्रदेश भर के आर्य समाज के कार्यकर्ता एक मंच पर उपस्थित हुए व आगामी समय में आर्य समाज किस तरह से जनहित में कार्य करेगा, उस पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के आर्य समाज के लोग भी इस मौके पर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय महाजन आर्य ने लोगों को अपनी संबोधन के माध्यम से विभिन्न जानकारियां प्रदान की व सदा ही समाज सेवा, सहित विभिन्न कार्य करने का आग्रह किया।

### विभिन्न संगठनों ने किया वर्तमान स्थिति पर मंथन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के पूर्व सैनिक सामुदायिक भवन में बीबीएन में कार्यरत विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इकट्ठे हुए। इस बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बाहरी शत्रुओं से बॉर्डर पर तो सेनाएं लड़ रही है, लेकिन कुछ देश विरोधी ताकतें हैं उनसे हमें लड़ना है। आज हम सभी की जिम्मेदारी है कि ऐसे लोगों की पहचान कर सरकार को सूचित करना चाहिए। गौरक्षा दल के डीडी राणा, कमांडो हेतराम ठाकुर, कॉटन सुरेश ठाकुर, शमशेर चौहान, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के रामजी सिंह, विहिप के जिला मंत्री राजेश शर्मा, टेक चंद चंदेल, जयप्रकाश, विनोद शर्मा, दीपिका शर्मा, लक्की आदि उपस्थित रहे।

### खेड़ा मंदिर समिति ने बड़ा चौक में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर के मुख्य बाजार बड़ा चौक में रविवार को खेड़ा महाराज समिति की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान दलिया का प्रसाद बांटा गया। करीब 250 लोगों ने खेड़ा महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि नगर खेड़ा मंदिर समिति छह साल से यहां भंडारे का आयोजन कर रही है। समिति पदाधिकारी एवं सदस्य सौरभ बत्रा ने बताया कि हर रविवार को समिति से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य यहां भंडारे का प्रसाद वितरित करते हैं। कभी यहां कड़ी चावल तो कभी हलवा, खीर, मीठे चावल, खिचड़ी श्रद्धालुओं को वितरित की जाती है।

### बाजार में पार्क दोपहिया वाहन बने परेशानी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर के बड़ा चौक बाजार में लोग अपने दोपहिया वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे मुख्य बाजार में खरीददारी करने आ रहे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन पार्क वाहनों के कारण दोनों ओर मार्ग बहुत संकरा हो गया। बेतरतीब पार्क वाहनों के कारण लोगों को चलने के लिए जगह तक नहीं बचती। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से अवैध रूप से पार्क दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि नाहन बाजार में दिन के समय दोपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां पर वाहन पार्क किए जा रहे हैं।

### बारिश से लहसुन की खोदाई का कार्य प्रभावित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देशभर में अपनी अलग पहचान रखने वाला सिरमौरी लहसुन की खोदाई का कार्य लगातार बारिश के चलते प्रभावित हो रहा है। भारी नमी के चलते किसानों को अपनी नकदी फसल के खराब होने की चिंता सता रही है। यदि इस सप्ताह भी बारिश रहती है, तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि, रविवार को धूप खिलने से किसानों ने राहत की सांस ली और लहसुन की खोदाई के बाद कंटाई और छंटाई का कार्य किया। बता दें कि सिरमौर जिले में इन दिनों लहसुन तैयार है, लेकिन लगातार बारिश के चलते इसकी खोदाई नहीं हो पा रही है। कई जगह किसान खोदाई कर भी रहे हैं, वहां पर गीला होने के चलते लहसुन इसके खराब (खिलने) होने की आशंका बनी हुई है।

# 500 उपभोक्ताओं ने नहीं चुकाए पानी के बिल

## नगर निगम ने डिफाल्टरों को नोटिस किए जारी, भुगतान न करने पर कटेगा कनेक्शन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम शहर के प्रभावशाली लोगों से पानी के एरियर बिल की रिकवरी नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि एरियर बिल डेढ़ करोड़ तक पहुंच चुका है। हालांकि, नगर निगम ने अब कड़ा रुख अपनाते हुए करीब 500 उपभोक्ताओं से बिल की रिकवरी के लिए नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। खास बात है कि नोटिस के बाद भी बिल जमा न करवाने की सूरत में पानी और बिजली का कनेक्शन काटा जाएगा। इसके लिए वाटर सुपरवाइजर को अधिकृत किया गया है। वहीं, नगर निगम के नोटिस से डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हडकंप मचा है। इसका असर यह हुआ कि उपभोक्ताओं ने एरियर बिल को चुकाना शुरू कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप अभी तक रीब 5 लाख रुपए की रिकवरी हो चुकी है। डिफाल्टर लिस्ट में सरकारी अधिकारियों से लेकर कर्मचारी और राजनीतिक पार्टियों से जुड़े प्रभावशाली लोग शामिल हैं। **( अनंत ज्ञान )**


नगर निगम सोलन का कार्यालय।

**पानी** का एरियर बिल जमा न करवाने वाले डिफाल्टरों की सूची तैयार की गई है, अब उन्हें रिकवरी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। बिल जमा न करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई होगी।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### वार्ड वाइज डिफाल्टर लिस्ट

**निगम** की मानें तो वार्ड नंबर 2 में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 39 है, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। वार्ड नंबर-3 में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 21 है। वार्ड नंबर-4 में 31, वार्ड नंबर-5 में 25, वार्ड नंबर-6 में 54, वार्ड नंबर 7 में सबसे अधिक 80, वार्ड नंबर 8 में 23, वार्ड नंबर 9 में 23, वार्ड नंबर 10 में 38, वार्ड नंबर 11 में 21, वार्ड नंबर 13 में 53, वार्ड नंबर 14 में डिफाल्टर उपभोक्ताओं की संख्या 10 हैं। हालांकि, सोलन में वाडर्टी की संख्या 17 है। इसमें कई ऐसे वार्ड हैं, जहां पर पानी की आपूर्ति जल शक्ति विभाग द्वारा की जाती है। इसमें वार्ड नंबर एक, वार्ड नंबर 16 व 17 के साथा वार्ड नंबर 2 व वार्ड नंबर 3 का भी कुछ हिस्सा है, जहां पर जल शक्ति विभाग द्वारा ही पानी की आपूर्ति की जाती है।

### निगम पर 107 करोड़ की देनदारी

**उपभोक्ताओं** से एरियर बिल की रिकवरी नहीं होने के कारण नगर निगम पर आईपीएच की देनदारी बढ़ती जा रही है, अभी तक करीब 107 करोड़ की देनदारी हो चुकी है। नगर निगम हर साल डेढ़ करोड़ रुपए की जमा करवा पा रही है। वहीं, बढ़ते बोझ को देखते हुए नगर निगम ने इस राशि को वेव ऑफ करने का प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजने का निर्णय लिया है। नगर निगम में हर महीने पानी के बिल के रूप में 15 से 20 लाख रुपए जमा होते हैं, लेकिन कुछ उपभोक्ता कई वर्षों से बिल जमा नहीं करवा पा रहे हैं। इस समय शहर के उपभोक्ताओं से 16 रुपए एक हजार लीटर पानी के हिसाब से बिल जारी किए जा रहे हैं, जबकि मीटर डेड वाले उपभोक्ताओं को एवरेज बिल दिए जा रहे हैं। जलशक्ति विभाग से पानी लेने के लिए नगर निगम को 27.50 रुपए प्रति एक हजार लीटर का खर्च आता है। इसकी रिकवरी के लिए उपभोक्ताओं को 16 रुपए प्रति एक हजार लीटर के हिसाब से बिल जारी किए जाते हैं। कई उपभोक्ताओं की पानी के बिल की पेंडिंग राशि करीब 1 लाख रुपए तक पहुंच गई है यदि इन उपभोक्ताओं ने पानी के बिलों का भुगतान नहीं किया, तो अब उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इसको लेकर संबंधित कर्मचारियों को कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

# जाबली में लकड़ी तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना धर्मपुर की टीम जब जाबली में नाकाबंदी पर मौजूद थी, तब एक ट्रक नंबर एचपी-64बी-0757 सोलन की तरफ से आया, जिसके चालक ने अपना नाम गुरूदेव सिंह बताया तथा चालक ने पूछने पर गाड़ी में लकड़ी/बालन होना बताया, जिसके संदर्भ में चालक ने एक प्रमाण पत्र जो जीत राम पुत्र नानक चंद निवासी समोहर डाकखाना सहरोल जिला सोलन ने जारी किया था।

इसके अतिरिक्त चालक ने वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्की द्वारा जारी एक पत्र भी पेश किया। इसमें प्राईवेट जमीन में पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी तथा उपरोक्त लकड़ी टिंबर मार्केट यमुनानगर हरियाणा भेजना दर्शाया था, लेकिन उक्त प्रमाणपत्र/पत्र पर वन विभाग की कोई मोहर न लगी थी। इस ट्रक के साथ ही एक अन्य ट्रक एचपी-24सी-0212 जिसमें भी लकड़ी/बालन लोड़ पाया गया, जिसे चालक मनोज कुमार चला रहा था, लेकिन गाड़ी में भरी लकड़ी के बारे में यह कोई भी कागजात पेश न कर पाया, जो उपरोक्त गाड़ियों में लदी लकड़िया रात के समय अवैध रूप से बाहरी राज्यों में जाना पाई गई, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में मामला पंजीकृत किया गया।

अभियोग के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि उपरोक्त चालक गुरुदेव व मनोज गांव समोहर डाकखाना सहरोल जिला सोलन निवासी, जीत राम की निजि भूमि से काटी गई लकड़ी अपने-2 ट्रकों में भर कर यमुनानगर ले जा रहे थे, लेकिन इन लकड़ियों/बालन को परिवहन करने के संदर्भ में हरि सिंह पुत्र खुशी राम निवासी दबोट तह. व जिला कांगड़ा उम्र 44 वर्ष हाल मुंशी ठेकेदार टिंबर ने एक जाली प्रमाण पत्र तैयार कर गुरुदेव सिंह के हवाले कर दिया तथा उपरोक्त लकड़ियों को गलत तरीके से परिवहन करने के लिए इन चालकों को प्रेरित किया, जिस पर इस अभियोग में आरोपी चालक गुरुदेव सिंह व मुंशी हरि सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिनके खिलाफ आरोपपत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया, जबकि अन्य चालाक मनोज कुमार की धोखाधड़ी में संलिप्तता न पाए जाने पर इसके खिलाफ अलग से रिपोर्ट तैयार कर वन विभाग को भेजी जा चुकी है।

# नालागढ़ में दुकान से लूटपाट के मामले में दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



तलवार और देसी कट्टा की नोक पर दुकान में लाखों की डकैती के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

24 मार्च, 2025 की रात के समय तीन नकाबपोशों ने दुकान में करीब 35 हजार की लूट की थी। मेमोरियल निवासी गांव सैनी माजरा, डाक मझौली, तहसील नालागढ़, जिला सोलन की याचिका पर नालागढ़ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में नालागढ़ पुलिस ने अपने कुशल और तकनीकी आधार पर 28 मार्च को सबसे पहले बोल्टेज फुटेज की जांच की, जिसमें गरीब जुझार सिंह (22) निवासी तेलीवाल को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए नालागढ़ पुलिस ने दूसरे दादरी के निवासी हर दादर सिंह (30) निवासी गांव व डाक टिब्बा टपरियां, तहसील आनंदपुर साहिब, थाना नूरपुर, जिला रूपनगर (पंजाब) और तीसरे सुख जमींदार तेलीवाल, रसोई मंझोली, जिला नालागढ़, जिला सोलन को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी बद्दी विनोद धीमन ने बताया कि इस मामले की विस्तृत जांच चल रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर को जेल में डाला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस ने कुख्यात नशा तस्करों जो बार-बार मुकदमे दर्ज होने पर भी जमानत पर बाहर आकर नशा तस्करी में संलिप्त हो रहे हैं, उन पर नकेल कसते हुए प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी निवारक हिरासत की कार्रवाई की है, जिसका मकसद मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को पुनः अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकना है।

इसके लिए जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस की धाराओं के प्रावधानों के अनुसार ऐसे आरोपियों को निवारक हिरासत में रखने की कार्रवाई की जा रही है, जिस संदर्भ में मादक पदार्थ तस्करी करने वाले ऐसे 13 आदतन अपराधियों को निवारक हिरासत में रखने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार/सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक आदतन अपराधी नीरज शर्मा पुत्र तारा दत्त निवासी गांव मलोग झागली डाक खाना तारा देवी तहसील व जिला शिमला हिमाचल प्रदेश उम्र 38 वर्ष हाल निवासी गांव रावली डाकखाना वाकनाघाट तहसील कंडाघाट जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश को पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत निवारणात्मक कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत हिरासत में लेकर 3 महीने के लिए जेल में भेजा गया है क्योंकि आरोपी नीरज शर्मा मादक पदार्थ की तस्करी का एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 4 मामले दर्ज हैं, जिनमें 3 मामले पुलिस थाना कंडाघाट तथा 1 मामला जिला शिमला के बालूगंज में पंजीकृत है।


सोलन पुलिस की टीम ने जेल भेजा कुख्यात नशा तस्कर।

इसमें 1 किलोग्राम से ज्यादा चरस व 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। यह आरोपी इन मामलों में न्यायालयों से जमानत पर था, लेकिन फिर भी यह आरोपी नशा तस्करी में लगातार सक्रिय था और जिला पुलिस द्वारा बार-बार पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर बाहर आकर फिर नशा तस्करी करने लग जाता था। नशा तस्करी को रोकने के लिए जिला पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों की निवारक हिरासत की प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। जिला सोलन पुलिस द्वारा नशे के खात्मे के लिए चलाए जा रहे कोंप्रेहेंसिवे अभियान के अंतर्गत नशा तस्करी के सभी पहलुओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें मादक पदार्थों के खात्मे के लिए इनकी सप्लाई साइड और डिमांड साइड दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए जिले में नशा तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोहों को चलाने वाले 134 नशा तस्करों को बाहरी राज्यों से गिरफ्तार करके लाना और इनके 56 अंतरराज्यीय नेटवर्कों को तोड़ना, जिले में पहली बार तस्करों की नशे से अर्जित 5 करोड़ 50 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्तियां जब्त करना आदि शामिल हैं।

# सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के प्रयासों की प्रशंसा करना व उनको समर्थन देना उद्देश्य


दाड़लाघाट उपतहसील में भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट उपतहसील में भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत रविवार को की गई। यह अभियान आगामी पांच दिनों तक चलेगा।

सैनिकों के अनुसार इसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के प्रयासों की प्रशंसा करना तथा उनको समर्थन देना है। इस अभियान की शुरुआत सेना मेडल से सम्मानित पूर्व कैप्टन रमेश कुमार ठाकुर ने की। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सेना के शौर्य और जनभागीदारी को सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों ने इस अभियान में अपना समर्थन देने और पांच दिनों तक चलने वाले इस हस्ताक्षर अभियान को सीडीएस के माध्यम से सुप्रीम कमांडर की मार्फत भारत के राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। पूर्व कैप्टन रमेश कुमार ठाकुर ने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सेना के प्रति अपना समर्थन तथा कृतज्ञता प्रकट करें। इस मौके पर कैप्टन हीरा लाल ठाकुर, रोशन ठाकुर, ललित गौतम, नंद लाल, सूबेदार मस्त राम, लेखराम, मनसा राम वर्मा, भवानी शर्मा, जयदेव ठाकुर, कश्मीरी ठाकुर, सुनील, अनिल ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# घंडूरी में 40 वर्षीय व्यक्ति पर भालू ने किया हमला, आईजीएमसी रैफर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

संगड़ाह उपमंडल की नोहराधार तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव घंडूरी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां भालू के हमले में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित लायक राम (उम्र 40 वर्ष) अपने खेत में काम के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया।

जानकारी के मुताबिक बीते कल भालू के इस हमले से लायकराम को सिर और पांव में काफी चोटें आई हैं और उसने नजदीकी गांव पहुंचकर अपनी जान बचाई। परिवार के लोगों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए निजी वाहन से नोहराधार अस्पताल पहुंचाया, जहां से व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया।

वहीं, वन विभाग के ब्लॉक अधिकारी श्याम लाल ने घटना की पुष्टि करते हुए पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा देने की बात कही। स्थानीय निवासी धर्मपाल, रणदीप और सहीराम ने बताया कि यह रास्ता आम तौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों में काम करने वालों द्वारा प्रयोग किया जाता है। लगातार हो रहे भालू के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि भालू को पकड़कर किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि आने वाले समय में किसी अन्य व्यक्ति के साथ इस प्रकार की घटना न हो।

# 16 खिलाड़ियों की हैंडबाल टीम को किट दी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** 32वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो कि सुंदर नगर में 11, 12 मई को होनी थी भारत-पाक युद्ध के कारण टूर्नामेंट डेट्स आगे स्थगित हो गई हैं। इसमें भाग लेने वाली 16 हैंडबाल टीम खिलाड़ी छात्राओं को समाजसेवी व स्पोर्ट्स के क्षेत्र में अलग ही पहचान रखने वाले राहुल रमोल ने ओनर आर आर स्पोर्ट्स पांवटा साहिब जिला सिरमौर ने 16 जिला सिरमौर टीम को किट भेंट की। इस उपलक्ष्य पर कांग्रेस के युवा नेता शांनबाज (शानु) ने भी अपनी गरीमामई उपस्थिति दर्ज करवाई और खिलाड़ियों की फाइनेंशियल व अन्य समस्याओं को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और उस पर पूर्ण आश्वासन दिया कि उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। हैंडबॉल संगठन के पदाधिकारी ने शानु को सम्मानित कर उनका धन्यवाद किया। धर्मेंद्र चौधरी ने विस्तार पूर्वक स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आ रही समस्याओं को सामने रखा और उनके समाधान की अपील की। वहीं, प्रेसिडेंट वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, डीपीई प्रभात कुमार व हैंडबॉल की सीनियर प्लेयर काजल, रूबी ने भी राहुल रामोल को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद किया।

# शंखनाद सामाजिक संगठन ने नवाजी प्रदेश की 16 हस्तियां

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेशस्तर पर लेखन, रंगमंच, साहित्य, संगीत, मीडिया और समाजसेवा के लिए विगत दस-पंद्रह वर्षों से उल्लेखनीय कार्य करने वालों को शंखनाद सामाजिक संगठन ने नाहन में एक भव्य सम्मान समारोह में प्रदेशस्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 16 विभूतियों को शंखनाद विशिष्ट सम्मान सिरमौर गौरव से नवाजा।

संस्था के निदेशक डॉ. श्रीकांत अकेला और राज्यअध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिमाचल कला, भाषा और संस्कृति अकादमी के सहयोग से शंखनाद सामाजिक संगठन ने 16 विशिष्टजनों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कला संगीत, लेखन, पत्रकारिता, साहित्य और रंगमंच में खूब नाम कमाया है। इस विशिष्ट सम्मान समारोह के मुख्यातिथि के रूप में पदमश्री विद्यानंद सरैक, प्रसिद्ध लोक संस्कृति कलाकार जिला सिरमौर थे, जबकि समारोह के अध्यक्ष प्रसिद्ध लेखक डॉ. अजय पाठक थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमेंद्र बाली (जिला उच्च शिक्षा निदेशक उच्चतर शिक्षा जिला सिरमौर, प्रसिद्ध इतिहासकार एवं प्रसिद्ध लेखक ,साहित्यकार) राकेश थापा ( प्रमुख समाजसेवी एवं सामाजिक चिंतक नाहन ) दया भारद्वाज ( प्रसिद्ध गीतकार और वारिष्ठ अधिकारी प्रदेश सरकार ), रंजोध सिंह ( प्रसिद्ध साहित्यकार नालागढ़ ) कवि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखिका शबनम शर्मा ने की। समारोह के आयोजकों के अनुसार यह भव्य कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। पहले सत्र में एक कवि सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश और जिलाभर से कवियों, लेखकों, साहित्यकारों ने भाग लिया, जबकि दूसरे सत्र में एक विशिष्ट सम्मान समारोह और रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश भर से विशिष्ट लोगों को सिरमौर गौरव सम्मान-2025 प्रदान किए गए।

**सुविधा** इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सोलन प्रशासन की पहल

# 3 जगह मिलेगी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। बाहरी राज्यों से भी प्रदेश में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन आने लगे हैं। ऐसे में अब चार्जिंग स्टेशन की मांग बढ़ने लगी है। यही कारण है कि अब लोगों को प्रोत्साहन देने के लिए भी प्रदेश सरकार लगातार काम में जुटी हुई है।

इसी कड़ी में अब जिला सोलन में 3 जगह पर चार्जिंग स्टेशन लगाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन आगे बढ़ रहा है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सोलन, दत्यार, वाकनाघाट में सबसे पहले चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए इन दिनों लगातार काम करने में विभाग जुटा हुआ है। संभवतः ये चार्जिंग स्टेशन लगने के बाद इलेक्ट्रिक वाहन चलाने वाले लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा, अब लोग डीजल-पेट्रोल के बजाए इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री सुक्खू भी कई बार सार्वजनिक मंच पर कह चुके हैं कि हिमाचल अब इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ आगे बढ़ रहा है। हालांकि, अभी तक इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर इलेक्ट्रिक वाहन चलाने वाले चालकों को खासी परेशानी सामने आ रही है।

चार्जिंग स्टेशन न होने से वाहन चालक परेशान हैं, ऐसे में अब सोलन जिले में 3 नए चार्जिंग स्टेशन लगने जा रहे हैं। बता दे कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि पेट्रोल और डीजल जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटेगी। इससे लोगों को ई-वाहनों को अपनाने में अधिक आत्मविश्वास मिलेगा और आने वाले समय में प्रदेश में हरित परिवहन को नई गति मिलेगी।


फाइल फोटो।

चार्जिंग स्टेशन खुलने से इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। जिले में 3 जगह पर चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए सहमति बनी है। जल्द ही यहां काम शुरू हो जाएगा। लोगों को उसकी फैसिलिटी मिलनी शुरू हो जाएगी।

**कविता ठाकुर, आरटीओ, सोलन।**

### चाय, कॉफी और वॉशरूम की सुविधा

**विभाग** से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जिन 3 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन लगने जा रहे है। वहां टी, कॉफी सहित वॉशरूम की फैसिलिटी भी वाहन चालकों को मिलेगी, ताकि जब वाहन चालक चार्जिंग करवा रहे हों, तो उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और यदि वह चाय या कॉफी का आनंद लेना चाहते हैं, तो वह भी वहां आसानी से उपलब्ध हो सके।

# बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त कर्मियों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा


जिला मुख्यालय नाहन में बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की बैठक में मौजूद सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की बोर्ड पर करोड़ों रुपए की देनदारी है, जिसकी बोर्ड अदायगी नहीं कर पा रहा है।

जिला मुख्यालय नाहन में बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया से बात करते हुए बिजली बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन नाहन यूनिट के महासचिव कमलेश पुंडीर ने बताया कि लंबे समय से बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभ नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में हजारों की संख्या में ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, जिनके करोड़ों रुपए के मेडिकल बिलों का भुकतान बिजली बोर्ड द्वारा नहीं किया जा रहा है। वहीं, बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड की वित्तीय नाजुक स्थिति के लिए बोर्ड के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों द्वारा फिजूल खर्ची की जाती है और करोड़ों रुपए के ऐसे उपकरण खरीदे जाते हैं, जिनकी कोई आवश्यकता नहीं रहती है और यही कारण है कि अक्सर बिजली बोर्ड घाटे में चला जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में डॉक्टरों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा है। यह निर्णय किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लिया गया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहें। विभाग ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इस कदम को एहतियाती बताया है, जिसका उद्देश्य जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बता दें कि पाकिस्तान ने बीते कल युद्ध विराम की घोषणा के बाद एक बार फिर से जम्मू में सीमा से सटे इलाकों में फायरिंग शुरू कर दी थी जिसके बाद हरियाणा के दो जिलों सीरसा और हिसार को ब्लैकआउट कर दिया गया था। वहीं, अंबाला में लोगों को एहतियात बरतने की अपील जिला प्रशासन ने की थी। घरों से निकलने की प्रशासन ने लोगों से अपील की थी।

### गउओं को तस्करी के लिए ले जा रहे चार आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** गोरक्षकों व गोतस्करों के बीच शनिवार की देररात जमकर बवाल हुआ। गोतस्करों के लिए मेवात जा रहे गौरक्षकों ने उनको पकड़ने के लिए पीछा किया। इस बीच गोतस्करों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। हिम्मत जुटाते हुए गोरक्षक आगे ही बढ़ते रहे। आखिरकार गोतस्करों को पकड़ने में कामयाब हो गए। हालांकि तीन तस्कर तो फरार हो गए, लेकिन चार तस्करों को काबू कर लिया गया। गो रक्षक चमन खटाना ने रविवार को जानकारी दी कि गोरक्षकों को सूचना मिली थी कि तस्कर वजीराबाद गांव के निकट खेल स्टेडियम के पास सर्विस लेन से कुछ गायों को चोरी कर रहे हैं। वे इन गायों को मेवात लेकर जाएंगे। इस सूचना पर गोरक्षकों की टीम सक्रिय हो गई। जब गोतस्कर गाड़ी लेकर वहां से रवाना हो गए तो गौतस्करों ने उनका पीछा किया। उनकी गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो गोतस्करों ने गाड़ी को तेज भगा लिया। साथ ही पीछा कर रहे गोरक्षा दल पर पत्थरों से हमला कर दिया। जब उनकी गाड़ी कादरपुर के पास पहुंची तो गाड़ी का टायर निकल गया और गोतस्करों की गाड़ी पलट गई। चार तस्कर तो काबू में आ गए, लेकिन तीन तस्कर मौके से फरार हो गए। इस घटना की सूचना भोंडसी थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी अजय वीर सिंह ने बताया कि जैसे ही उन्हें यह सूचना मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पलटी हुई गाड़ी को सीधा किया गया और घायल गोवंश को इलाज के लिए पास के गोशाला भेज दिया गया। इस दौरान मौके पर चार गौ तस्करों को भी काबू कर लिया गया है, जिनसे पुलिस पुलिस पूछताछ कर रही है। गो तस्करों की गाड़ी को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### निगम कमिश्नर ने की एसटीपी की जांच

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद में नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने रविवार को प्रतापगढ़ और बादशाहपुर स्थित एसटीपी प्लांट पहुंचकर निरीक्षण किया। कमिश्नर ने इस दौरान एसटीपी के रिकॉर्ड को भी चेक किया। नगर निगम कमिश्नर ने कहा कि एसटीपी प्लांट की मशीनरी में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। प्लांट की मशीनरी को लेकर अधिकारी समय-समय पर जाकर चेक करते रहें। कमिश्नर ने प्लांट के रिकॉर्ड को चेक किया। इस दौरान उन्होंने अमरुत प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए इस मिर्जापुर एसटीपी प्लांट की लैब का भी बारीकी से निरीक्षण किया। मिर्जापुर स्थित एसटीपी प्लांट में ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ एरिया का लगभग 80 एमएलडी सीवर का गंदा पानी पहुंचता है। इस पानी को प्लांट में ट्रीट करने के बाद सिंचाई के लिए रजवाहों में छोड़ दिया जाता है। कमिश्नर ने कहा कि जमीन की सिंचाई के लिए यह पानी पूरी तरह से सही है। इस पानी से सभी खतरनाक केमिकल पहले ही खत्म कर दिए जाते हैं। इसलिए इससे कोई नुकसान नहीं है। नगर निगम कमिश्नर ने एसटीपी प्लांट की प्रोसेस के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। टेक्निकल एडवाइजर अनिल मेहता ने प्लांट की पूरी वर्किंग की जानकारी के बारे में बताया। कमिश्नर ने कहा कि आगे आने वाले समय में एसटीपी प्लांट हमारे जीवन का एक जरूरी हिस्सा बनेंगें। इसलिए अभी से क्षमता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीवर के पानी को कृषि योग्य बनाकर किसानों की सिंचाई की समस्या को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है।

# मंत्री पंवार ने शहीद दिनेश कुमार को अर्पित की श्रद्धांजलि

## बोले-हरियाणा की सरकार शहीद के परिजनों को देगी हर संभव सहायता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



गत दिनों पाकिस्तानी सेना द्वारा पुंछ सीमा पर किए गए हमले में शहीद हुए जिला पलवल के गांव नगला मोहम्मदपुर के लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए हरियाणा के विकास एवं पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार रविवार को गांव नगला मोहम्मदपुर पहुंचे। मंत्री ने शहीद दिनेश कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शहीद के परिजनों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से भी शहीद के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पलवल की धरती के वीर सपूत शहीद दिनेश कुमार ने सीमा पर पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर मुकाबला करते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया, जिस पर सभी भारतवासियों को गर्व है।

### भारत की सेना ने दुश्मन की नापाक हरकतों का दिया करारा जवाब

**मुख्यमंत्री** ने देश की सेना के शौर्य का ज़िक्र करते हुए कहा कि सेना ने अदम्य साहस, पराक्रम और रणनीति से पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। हमारे सशस्त्र बलों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। भारत की सेना ने दुश्मन की नापाक हरकतों का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीति के कारण आतंकवाद के खिलाफ सशक्त कार्रवाई हुई है। प्रधानमंत्री ने हमेशा मानवता पर विशेष ध्यान दिया है।

### राज्य में सरकारी नौकरियां देने का सिलसिला रहेगा जारी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, उत्तराखंड के समग्र विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काम हो रहा है। राज्य में युवाओं को रोजगार देने में सारे रिकॉर्ड तोड़े गए हैं। बीते 3 सालों में 23 हजार से अधिक सरकारी नौकरियों में नियुक्तियां युवाओं को दी गई हैं, आगे भी अनवरत रूप से नौकरी देने का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। पूर्व की सरकारों की विफलताओं के कारण देवभूमि की डेमोग्राफी में गंभीर बदलाव देखने को मिल रहे थे। जिसके लिए राज्य सरकार ने देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए कठोर कदम उठाए हैं।

# सीएम से मिले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के नवचयनित सदस्य

- सीएम ने कहा-मान सरकार पानी जैसे मुद्दे पर न करें राजनीति
- पानी पर हरियाणा का भी अधिकार है, वह उसे दिया जाए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' पर मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कमेटी के नवचयनित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह सिख समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वर्तमान सरकार के तीसरी बार गठन के बाद पहली बार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुए हैं। यह समिति राज्य में सिख गुरुद्वारों के संचालन और प्रबंधन में अहम भूमिका निभाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले समिति के 40 सदस्य निर्वाचित हुए थे। अब अन्य 9 सदस्य सर्वसम्मति से चयनित किए गए हैं, जिनमें से कई सदस्य आज मुख्यमंत्री से भेंट करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री सैनी ने प्रतिनिधिमंडल से आशा व्यक्त कि वे 'गुरु घर' के कार्यों को पारदर्शिता एवं निष्काम भाव से करें। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार समिति को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि यह समाजहित में सशक्त कार्य कर सके और अपनी एक स्थायी पहचान स्थापित कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिति के माध्यम से सिख समाज के लिए जो भी कार्य किए जाएंगे, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने सिख समाज से संबंधित कुछ सुझाव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे, जिन पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया।

पानी के मुद्दे पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा आपस में भाईचारे के सूत्र में बंधे हैं। हम सब एक हैं। मान सरकार को पानी जैसे मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जिस पानी पर हरियाणा का अधिकार है, वह उसे दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं के अनुरूप पानी का समान वितरण होना चाहिए, ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर सिख समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि जगदीश सिंह झींडा, बलजीत सिंह दादूवाल, गुलाब सिंह मुनक, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जींद में पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर भड़के ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, जींद।** पीने के पानी की सप्लाई नियमित रूप से नहीं होने पर उचाना कलां के पार्क में स्थित जलघर के बूस्टिंग स्टेशन पर ग्रामीण रविवार को एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने कहा कि दो से तीन दिन में पीने के पानी की सप्लाई आती है। ग्रामीणों ने नियमित रूप से पानी की सप्लाई देने के साथ-साथ टैंक की सफाई करने की मांग की है। गांव वासी संतरो, कमला, कृष्ण ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ती है, लेकिन काफी दिनों से पानी की सप्लाई दो से तीन दिन में आती है, जो टैंक बने हैं, उनकी सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए। पानी की सप्लाई नियमित रूप से होनी चाहिए, जो बूस्टिंग स्टेशन से दूर घर है, वहां पानी की सबसे अधिक समस्या है। पानी की सप्लाई जिस समय आती है, उस समय बिजली चली जाती है। पानी की सप्लाई कम है। 2009 में बुस्टिंग स्टेशन बना था, तब से लेकर अब तक ये समस्या चली आ रही है, जो टैंक के पास ढक्कन लगे है उन पर लॉक सिस्टम लगाया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई पुनीत साहू ने बताया कि जब से पानी की कमी चल रही है, तब से एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। नहर में पानी पूरा होने के बाद नियमति रूप से पानी की सप्लाई कर दी जाएगी। लोगों को चाहिए कि वो पानी को व्यर्थ में न गवाएं। पानी की जो टूटी है, उनको खुला न छोड़े।

### प्रशासक यूटी चंडीगढ़ ने चंडीगढ़ परिवहन क्षेत्र, सेक्टर-26 का किया दौरा

## परिवहन क्षेत्र से संबंधित मद्दों से कराया अवगत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रविवार को पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ परिवहन क्षेत्र, सेक्टर-26, चंडीगढ़ का दौरा किया। प्रशासक यूटी ने चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (सीटीए) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की।



बैठक के दौरान, सीटीए प्रतिनिधियों ने प्रशासक को परिवहन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मद्दों से अवगत कराया, जिसमें बड़े वाहनों के लिए उच्च पार्किंग शुल्क, सड़क के नवीनीकरण की आवश्यकता और ड्राइवरों के लिए साफ-सुथरे रहने, भोजनालय और शेड की सुविधा की आवश्यकता शामिल है। राज्यपाल ने परिवहन क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी हितधारकों के परामर्श से इन सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया, जिसका उद्देश्य उनकी आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करना और कुशल उपयोग सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह, यूटी के उपायुक्त निशांत कुमार यादव, चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, चंडीगढ़ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग, चंडीगढ़ नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रेल की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के मतलौड़ा में रेलवे लाइन क्रॉस करते वक्त एक व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। वह काम से घर लौट रहा था। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने रेल की पटरी पर मृत पड़े व्यक्ति को देखा, जिसकी पहचान कर हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी, परिजनों के घटना स्थल पहुंचने के बाद रेलवे पुलिस को भी इसकी सूचना दी। रेलवे पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के भाई टिंकू ने बताया कि वह मतलौड़ा का रहने वाला है। सबसे बड़ा भाई 38 वर्षीय रिंकू था। वह रोजाना की तरह वह शनिवार को भी वह काम पर गया, लेकिन दिन में बारिश होने के चलते वह काम से वापस लौट रहा था।

### अमिताभ ने भारतीय सेना को किया सलाम



**एजेंसी, नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सेना के जवाबी ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की वीरता की गहरी प्रशंसा की है। इस मामले पर पहली बार सार्वजनिक रूप से बोलते हुए बच्चन ने भारत और पाकिस्तान द्वारा औपचारिक रूप से युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक संदेश साझा किया। पहलगाम में हुए भीषण हमले के तुरंत बाद बच्चन ने कोई टिप्पणी नहीं की थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। हालांकि, रविवार की सुबह उन्होंने एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि पोस्ट की, जिसमें न केवल क्रूरता की निंदा की गई, बल्कि भारतीय सेना को उनकी निर्णायक प्रतिक्रिया के लिए सम्मानित भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

### भारत-पाक संघर्ष में जिहाद जैसा कुछ नहीं



**एजेंसी, काबुल।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी पर अफगानिस्तान के मशहूर इस्लामिक विद्वान शेख अब्दुल समी गजनवी ने बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई को जिहाद से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इस लड़ाई को किसी भी तरह से जिहाद नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसका इस्लाम धर्म से कोई ताल्लुक नहीं है। शेख अब्दुल समी का बयान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत के साथ तनाव को पाकिस्तान की ओर से महजब की लड़ाई और जिहाद की तरह पेश करने की कोशिश की जाती रही है। खासतौर से कश्मीर पर बात करते हुए शहबाज शरीफ, असीम मुनीर और दूसरे पाकिस्तानी नेताओं की ओर से मुजाहिदीन और जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल लगातार होता रहा है। (अनंत ज्ञान)

### हायर स्मार्ट पर आया सुनील मित्तल का दिल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अरबपति सुनील मित्तल चीन की कंपनी हायर स्मार्ट में हिस्सेदारी खरीदने की सोच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मित्तल हायर की भारतीय यूनिट में 49 हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हायर होम अप्लायंसेज जैसे फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टीवी, एसी आदि घरेलू उपकरण बनाती है। ारती एयरटेल लिमिटेड के मालिक सुनील मित्तल, प्राइवेट इक्विटी फर्म वारबर्ग पिन्कस के साथ मिलकर हायर अप्लायंसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में ये हिस्सेदारी खरीदना चाहते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार यह सौदा करीब 2 बिलियन डॉलर (करीब 17,084 करोड़ रुपए) का हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि डील कुछ हफ्तों में साइन हो सकती है, लेकिन अभी कुछ सरकारी मंजूरी मिलना बाकी है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# पुतिन बिना शर्त यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार

## जेलेंस्की पर लगाया आरोप, बोले-2022 में वार्ता यूक्रेन ने रोकी, रूस ने नहीं

**एजेंसी, मास्को**

रूस और यूक्रेन के बीच कई सालों से जारी युद्ध खत्म हो सकता है। युद्धविराम को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। जहां अब रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध के बीच अब बिना शर्त सीधी बातचीत की संभावना एक बार फिर से सामने आई है। इसको लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि वे 15 मई को तुर्किये के इस्तांबुल में यूक्रेन से बिना किसी शर्त के बातचीत करने को तैयार हैं। हालांकि उन्होंने आरोप भी लगाया कि 2022 में वार्ता यूक्रेन ने रोकी, न कि रूस ने। (अनंत ज्ञान)

### पुतिन ने कहा-रूस ने बार-बार रखा संघर्षविराम का प्रस्ताव



**व्लादिमीर** पुतिन ने रूस ने संघर्षविराम पर रूस का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि रूस ने बार-बार संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया, लेकिन यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि एक बार तो दोनों देशों ने एक संयुक्त मसौदा भी तैयार किया था, जिसे कीव ने पश्चिमी दबाव में खारिज कर दिया। इस बीच रूस द्वारा घोषित 72 घंटे के एकतरफा युद्धविराम की अवधि रविवार को समाप्त हो गई, जिसके बाद पुतिन ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि इस दौरान कीव ने पांच बार रूस की सीमा पर हमला करने की कोशिश की।

### रूस नहीं माना तो ऊर्जा व वित्तीय क्षेत्र में लगेंगे कड़े प्रतिबंध : जेलेंस्की




इस मामले में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार से 30 दिन का बिना शर्त युद्धविराम लागू करने की अपील की है, ताकि शांति वार्ता की राह खोली जा सके। उन्होंने कहा कि यदि रूस नहीं मानता है तो ऊर्जा और वित्तीय क्षेत्रों में कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि जेलेंस्की ने यह प्रस्ताव फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जर्मन चांसलर मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टारमर, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से चर्चा के बाद रखा। सूत्रों की मानें तो ट्रंप ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। अब सबकी निगाहें 15 मई पर टिकी हैं।

# सर्वदलीय बैठक में पीएम के भाग लेने पर ही शामिल हों सभी दल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के बाद, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। हालांकि उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे तब तक इसमें शामिल न हों जब तक सरकार यह आश्वासन नहीं देती कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें खुद मौजूद रहेंगे।



- सिब्बल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी उठाई मांग

सिब्बल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की और कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यदि मनमोहन सिंह आज प्रधानमंत्री होते तो वे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित होते और विशेष सत्र भी बुलाया जाता। सिब्बल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का न आना उन्हें अच्छा नहीं लगा। सिब्बल ने सैन्य शत्रुता रोकने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्हें गर्व है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय तक पहुंचने में मदद करने में सक्षम था। ने हिस्सा नहीं लिया। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका के बिना भारत का सामना नहीं कर सकता पाकिस्तान : हक्कानी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान में सीजफायर हो चुका है, जिसके बाद माना जा रहा है कि एक बड़ा संघर्ष टल गया है। हालांकि इस सीजफायर पर कई सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने कहा है कि अगर अमेरिका का समर्थन नहीं होता तो पाकिस्तान पिछले 75 सालों से भारत का सामना नहीं कर पाता। इसके अलावा उन्होंने ये भी माना कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंधों में कई तरह की गलतफहमियां और गलत धारणाएं थीं, लेकिन अमेरिकी सहायता ने पाकिस्तान को भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया। (अनंत ज्ञान)

## अपने विदेश मंत्री को सूअर की औलाद कहने से ईरान नाराज

**तेहरान।** भारत ने पूर्व आर्मी अफसर और टीवी पर्सनैलिटी गौरव आर्य की ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के खिलाफ की गई टिप्पणी को गलत माना है। गौरव आर्य ने पाकिस्तान दौरे के लिए अराघची की आलोचना करते हुए उनको सूअर की औलाद कहा था। ईरान के दूतावास ने अराघची पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते गौरव की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और कड़ा ऐतराज जताया। वहीं, भारतीय दूतावास ने स्पष्ट किया कि गौरव आर्य की टिप्पणी का भारत सरकार से कोई संबंध नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# गहराता जा रहा चीन-ताइवान विवाद

## ताइवान ने कहा-सीमा में देखे गए चीनी लड़ाकू विमान

**एजेंसी, ताइपे**

चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के पांच सैन्य विमान, नौ नौसेना जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आसपास देखे गए, जिसके बाद ताइवान की सेना ने इन गतिविधियों पर नजर रखी और स्थिति के अनुसार कार्रवाई की। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को भी सात चीनी लड़ाकू विमान, आठ जहाज और एक सरकारी पोत ताइवान के आसपास ऑपरेट करते देखे गए थे। इनमें से चार विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी हवाई रक्षा क्षेत्र में दाखिल हुए और 'मीडियन लाइन' को पार गए थे। (अनंत ज्ञान)

# सौर ऊर्जा से चलने वाली देश की पहली विधानसभा बनेगी दिल्ली

## आज रखी जाएगी 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की नींव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। यहां 12 मई को 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे विधानसभा पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी। इसके बाद दिल्ली में भारत की पहली सौर ऊर्जा से चलने वाली विधानसभा होगी। दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार को सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी। एलजी वीके सक्सेना और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता इसकी आधारशिला रखेंगे। सीएम रेखा गुप्ता भी इसमें शामिल होंगी। समारोह में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद भी अतिथि होंगे। इस परियोजना पर किस तरह काम होना है, इस पर चर्चा के लिए विधानसभा में एक बैठक आयोजित की। इसमें बताया गया कि मौजूदा समय में विधानसभा में लगे 200 किलोवाट रूफटॉप प्रणाली को हटाकर नया सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। इस काम को 45 दिन में पूरा किया जाएगा, जबकि विधानसभा अध्यक्ष ने इसके लिए 60 दिन की समय सीमा तय की है। (अनंत ज्ञान)

### हर माह होगी 15 लाख की बिजली बचत : सीएम



**दिल्ली** की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना शासन को ग्रीन एनर्जी की ओर लेकर जाएगी। आने वाले दिनों में अन्य विभागों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। दिल्ली विधानसभा पूरी तरह से सौर ऊर्जा से चलेगी तो हर महीने करीब 15 लाख की बिजली बचत होगी। इससे कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी।

**हकीकत**

### मरते दम तक युद्ध लड़ने की धमकी देने वाले पाकिस्तान के झुकने की वजह

# क्या पाक के परमाणु ठिकाने थे भारत के निशाने पर ?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान पर ड्रोन अटैक, मिसाइल हमलों और फाइटर जेट्स द्वारा 4 दिनों तक दागे गए बमों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा हो गई, लेकिन चौथे दिन ऐसा क्या हुआ कि मरते दम तक युद्ध लड़ने की गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान ने पीछे हटने का फैसला ले लिया। सूत्रों की मानें तो भारत के सब्र का बांध टूटता देख पाकिस्तान खौफ में आ गया था।

पाकिस्तान को डर था कि भारत अब कुछ ऐसा करने जा रहा है, जिससे वहां तबाही आ सकती है। ऐसे में पाकिस्तान ने झुकने में अपनी भलाई समझी और सीधा



संयुक्त राष्ट्र की शरण में पहुंच गया। इसके बाद पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने भारत से सीधे हॉटलाइन पर बात की और फिर सीजफायर पर सहमति बनी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना के विमानों ने पाकिस्तान वायुसेना (पीएएफ) के प्रमुख ठिकानों को निशाना बनाकर ब्रह्मोस-ए (हवा से दागी जाने वाली) क्रूज मिसाइलें दागीं। पहले कंफर्म अटैक रावलपिंडी के पास चकलाला और पंजाब प्रांत के सरगोधा में हुए। ये दोनों ही आर्मी बेस पाकिस्तान सेना के लिए रणनीतिक विमानन और गोला-बारूद रखते हैं।

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के जैकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू में अतिरिक्त

### भारतीय खुफिया एजेंसियों ने देखा यह मैसेज

**हमलों** के तुरंत बाद, भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तानी डिफेंस नेटवर्क पर हाई अलर्ट मैसेज फ्लैश होते हुए देखा। यह मैसेज था कि भारत अगला निशाना पाकिस्तान के परमाणु कमांड और नियंत्रण ढांचे को बना सकता है। रावलपिंडी में रणनीतिक प्रतिष्ठानों, जिनमें पाकिस्तान के रणनीतिक योजना प्रभाग से जुड़े कार्यालय भी शामिल हैं। ऐसे में उन्होंने कथित तौर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल बढ़ा दिए। इसी समय पाकिस्तान ने तुरंत बीच-बचाव करने के लिए अमेरिका से संपर्क किया। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी तनाव बढ़ने की आशंका में पहले से ही दोनों पक्षों के संपर्क में थे, लेकिन रणनीतिक ठिकानों के बारे में अलर्ट के कारण वाशिंगटन को और अधिक निर्णायक कदम उठाना पड़ा।

### भारत अपने रुख पर कायम

**प्रोटोकॉल** के बाहर पाकिस्तान के साथ किसी भी औपचारिक कूटनीतिक या सैन्य वार्ता में शामिल न होने के अपने रुख पर कायम है। इसका मतलब यह है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद, नई दिल्ली ने मध्यस्थता में शामिल नहीं हुआ और इसके बजाय संकेत दिया कि भारतीय सशस्त्र बल अगले लेवल तक जाने के लिए तैयार हैं, जिसमें कथित तौर पर ऊर्जा और आर्थिक लक्ष्यों पर हमले, साथ ही साथ डीप स्ट्रैटेजिक स्ट्रक्चर शामिल होंगे।

ठिकानों पर हमलों की पुष्टि शाम को ही हुई, जब एजेंसियों ने खुफिया जानकारी के जरिए नुकसान का आकलन पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय ट्रैप निशानेबाज शॉटगन विश्व कप फाइनल में जगह बनाने से चूके



**एजेंसी, निकोसिया (साइप्रस)।** भारत के ट्रैप निशानेबाजों ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के व्यक्तिगत स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन में शनिवार को यहां निराशाजनक प्रदर्शन किया, जहां पुरुष और महिला वर्ग के छह निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह पक्की करने में सफल नहीं रहा। ओलंपियन काइनान चेनाई 17वें स्थान के साथ भारतीय निशानेबाजों में सर्वश्रेष्ठ रहे। उन्होंने आखिरी दो दौर में 24 और 23 के निशाने लगाकर कुल 117 अंक बनाए। चेनाई ने इससे पहले शुरुआती तीन दौर में 24, 24, 22 का निशाना साधा था। स्पेन के मैनुअल मर्सिया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) की लाडा डेनिसोवा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में शारदुल विहान और भवनीश मेंदीरत्ता क्रमशः 62वें और 65वें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पर्धा में कीर्ति गुप्ता, राजेश्वरी कुमारी और सबीरा हारिस की तिकड़ी भी फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं। ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा का आयोजन रविवार को होगा। (अनंत ज्ञान)

### टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब काउपर का निधन



**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पहला तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में अज्ञात बीमारी के कारण निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यह जानकारी दी। वह 84 साल के थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि काउपर के परिवार में उनकी पत्नी डेल तथा बेटियां ओलिविया और सेरा हैं। काउपर ने 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने पांच शतक और 46.84 की औसत से 2,061 रन बनाए। उन्होंने कामचलाऊ ऑफ स्पिन से 36 विकेट भी लिए हैं। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को स्ट्रोक लगाने की शानदार क्षमता के साथ संयमित बल्लेबाजी करने के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने अपनी सबसे यादगार पारी फरवरी 1966 में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी। उन्होंने लगभग 12 घंटे की मैराथन पारी में 589 गेंद में 307 रन बनाये थे। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट में पहला और 20वीं सदी का इकलौता तिहरा शतक था। उन्होंने 1968 में खेल को अलविदा कह दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा, ''बॉब काउपर के निधन की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक बेहद सम्मानित व्यक्ति थे।'' (अनंत ज्ञान)

### हरमनप्रीत का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह क्रिकेट फील्ड के अलावा निजी जीवन में भी काफी बोल्ड हैं। हरमनप्रीत की तस्वीरों पर फैंस खूब रिएक्ट करते हैं।



## क्रिकेट — फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 97 रन से हराया, मंधाना ने लगाया शतक

# भारत ने जीती महिला वनडे ट्राई सीरीज

**एजेंसी, कोलंबो**

भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोलंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली।

वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

**स्नेह राणा और अमनजोत ने लिए 3-3 विकेट**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाईं। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अटापट्टू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। इसके बाद संजीवनी और सुगंदिका ने कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। दोनों क्रमशः 28 और 27 रन बनाकर आउट हो गईं। भारत के लिए स्नेह राणा और अमनजोत कौर के अलावा चरणी ने एक विकेट हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

| | |
|---|---|
| रन | 116 |
| गेंद | 101 |
| चौके | 15 |
| छक्के | 02 |





शॉट खेलती भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना तथा (इनसेट) जेमिमा रोड्रिग्स।

# 16 मई से शुरू हो सकता है आईपीएल!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई अब टूर्नामेंट को 30 मई तक बढ़ाने की तैयारी में है। एक हफ्ते के ब्रेक के बाद आईपीएल फिर से शुरू होगा और इसके सभी बचे हुए मुकाबले चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में कराए जाएंगे। बीसीसीआई ने पंजाब किंग्स को छोड़कर बाकी सभी टीमों को मंगलवार तक अपने-अपने वेन्यू पर रिपोर्ट करने को कहा है, ताकि आईपीएल को 16 या 17 मई से दोबारा शुरू किया जा सके, चूंकि कई विदेशी खिलाड़ी और स्पोर्ट स्टाफ शुक्रवार तक अपने देश लौटने वाले हैं, इसलिए बोर्ड ने सभी फ्रेंचाइजियों से अपने खिलाड़ियों को ट्रैवल प्लान की जानकारी देने को कहा है।

**3 शहरों में हो सकते हैं बाकी मैच, मई में ही खत्म होगी लीग**



डबल हेडर से बाकी मैच पूरे करने की योजना बीसीसीआई अब प्लेऑफ और फाइनल समेत बचे हुए 16 मैचों को पूरा करने के लिए दो हफ्तों का समय लेना चाहती है। इसके लिए कई डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) प्लान किए जा रहे हैं। फ्रेंचाइजी भी बोर्ड के निर्देश के बाद अपने खिलाड़ियों की वापसी की तैयारी में जुट गई हैं। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में पुष्टि की कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद अब आईपीएल को जल्द से जल्द दोबारा शुरू करने की संभावना तलाशी जा रही है। इसके लिए हमें वेन्यू और तारीखें तय करनी होंगी। सभी स्टेकहोल्डर्स-टीम मालिक, ब्रॉडकास्टर्स, सरकार-से बातचीत करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

# लारा बोले-टेस्ट क्रिकेट को **कोहली** की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जब से भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की खबर आई है, दुनिया के सभी शीर्ष खिलाड़ी नहीं चाहते कि ऐसा हो। इस सूची में अब वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ब्रायन लारा का नाम भी शामिल हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बनाते हुए बीसीसीआई को भी सूचित कर दिया है।

हालांकि, बोर्ड ने इंग्लैंड के अहम दौरे को देखते हुए उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। हालांकि उन्होंने अभी तक इस अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया है। इस पर लारा ने कहा है कि कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने भविष्यवाणी की है कि अब वह शेष टेस्ट करियर में 60 से ऊपर से रन बनाएंगे। ब्रायन लारा ने लिखा कि टेस्ट क्रिकेट को विराट की जरूरत है। उन्हें मना लिया जाएगा। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। वह अपने बाकी बचे टेस्ट करियर में 60 से ऊपर का औसत रखेंगे। इस बीच बताया जा रहा है कि बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने विराट कोहली से उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले के बारे में बात की है। एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई उन्हें फिर से कप्तान बनाना चाहता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सच है कि चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड सीरीज के लिए कोहली को भारत का कप्तान बनाने के बारे में सोचा था, ताकि शुभमन गिल को नेतृत्व की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल सके, लेकिन 25 साल की उम्र में भी वह अभी अपने चरम पर नहीं पहुंच पाए हैं। (अनंत ज्ञान)



# खतरे में मोहम्मद शमी का टेस्ट करियर, सेलेक्टर्स के पाले में गेंद!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का सेलेक्शन 23 या 24 मई को हो सकता है। इस बार टीम कुछ बदली-बदली सी नजर आएगी, क्योंकि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई नए कप्तान की तलाश में जुट गया है।



इसके अलावा इस टीम में कई युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिल सकता है, जिन्होंने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत इंग्लैंड दौरे से ही होगी, ऐसे में बीसीसीआई कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है, इसलिए फॉर्म में नहीं चल रहे बड़े खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया जा सकता है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम इस कड़ी में सबसे आगे है। चोट से वापसी करने के बाद गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक अपनी पुरानी लय में नहीं लौट पाए हैं, ऐसे उनका चुना जाना मुश्किल लग रहा है। (अनंत ज्ञान)

## सप्तक तलवार संयुक्त 48वें स्थान पर खिसके



**एजेंसी, गिरोना ( स्पेन )।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार यहां फॉन्टानल्स गोल्फ क्लब में 'चैलेंज डी एस्पाना' के तीसरे दौर में दो ओवर 73 के निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर खिसक गए। शुरुआती दो दौर में 69 और 66 का कार्ड खेलने वाले तलवार का कुल स्कोर अब पांच अंडर है। वह पहले दो दौर की लय को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके। वह इसमें एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। फ्रांस के क्लेमेंट चार्मसन पांच अंडर 66 का कार्ड खेलने के बाद कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## कार्तिकेयन, राउत **एशियाई ब्लिट्ज शतरंज** में चौथे स्थान पर

**एजेंसी, अल ऐन ( यूएई )**

ग्रैंडमास्टर मुरली कार्तिकेयन एशियाई व्यक्तिगत ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे, जबकि पद्मिनी राउत महिला वर्ग में इसे परिणाम को दोहराते हुए शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरीं।

रूस के 15 साल के ग्रैंडमास्टर इवान जेमल्यान्स्कीया ने ओपन वर्ग का खिताब जीता। वह हालांकि, इस टूर्नामेंट में फिडे के झंडे तले खेल रहे थे। उन्होंने 9 में से 8 अंक हासिल किए। ईरान के 15 साल के सिना मोहवेद 7.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रूस के रुडिक मकरियन, कार्तिकेय और भारत के नीलाश साहा के नाम सात-सात अंक थे, लेकिन मकरियान ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के बूते तीसरा, जबकि कार्तिकेय ने चौथा और साहा ने पांचवां स्थान हासिल किया। पूर्व ब्लिट्ज विश्व चैंपियन अलेक्जेंडर ग्रिस्चुक और उनकी पत्नी तथा साथी ग्रैंडमास्टर कैटरीना लैग्नो को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता मिली थी। यह दोनों खिलाड़ी हालांकि, अपने-अपने वर्गों में पोडियम स्थान (शीर्ष तीन में स्थान) हासिल करने में विफल रहे। खेल के इस तेज प्रारूप में बेहतर खिलाड़ी माना जाने वाले ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन इस स्पर्धा में भाग नहीं लेने का फैसला किया। कजाकिस्तान की अलुआ नूरमन ने 7.5 अंकों के साथ रूस की वेलेंटिना गुनिना को पछाड़कर महिला वर्ग की चैंपियन बनी। चीन की युक्सिन सोंग ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के दम पर पद्मिनी से आगे रहते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



# सिनर ने **डोपिंग प्रतिबंध** के बाद इटालियन ओपन में जीत की दर्ज

**एजेंसी, रोम**

तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध पूरा करके लगभग 100 दिनों के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे यानिस सिनर ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में मारियानो नवोन को हराकर शानदार वापसी की। सिनर ने घरेलू सरजमीं पर लगभग 10,500 दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। सिनर का यह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से पहला मैच था।

उन्होंने कहा कि उन्हें खेले में वापसी का बेसब्री से इंतजार था। सिनर ने कहा, ''अद्भुत एहसास। मैंने इस पल का बहुत लंबे समय से इंतजार किया था।'' सिनर के खेल को देख कर लगा ही नहीं कि वह तीन महीने से अधिक समय तक कोर्ट से दूर थे। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने शानदार फोरहैंड और लाइन के करीब वाले ग्राउंड स्ट्रोक से नवोन पर दबदबा कायम करते हुए 3-1 की बढ़त बना ली।



सिनर की यह लगातार 22वीं जीत है। वह पिछले साल अक्टूबर से अजेय है। सिनर ने फरवरी में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ एक समझौते में तीन महीने के प्रतिबंध पर सहमति व्यक्त की। वह इससे एक भी ग्रैंड स्लैम खेलने से नहीं चूके और उन्हें अपने घरेलू टूर्नामेंट में वापसी का मौका मिल गया। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सिनर के साथ बहुत हल्का व्यवहार किया गया। सिनर के सामने अब विश्व रैंकिंग में 93 वें स्थान पर काबिज नीदरलैंड के क्वालीफायर जेस्पर डे जोंग की चुनौती होगी। जोंग ने 25वीं वरीयता प्राप्त पर काबिज एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-0, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में तीन बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को डेनियल कोलिंस ने 6-1, 7-5 से हराकर उलटफेर किया। (अनंत ज्ञान)

# हॉलैंड की वापसी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को कमजोर साउथेम्प्टन ने बराबरी पर रोका

**एजेंसी, लंदन**

एरलिंग हॉलैंड की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी भी मैनचेस्टर सिटी को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में जीत दिलाने में विफल रही जहां पहले ही रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी साउथेम्प्टन ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम के बाद मैनचेस्टर सिटी के लिए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करना भी अधर में लटक गया। टीम पिछले कई सत्रों से आसानी से चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर ले रही थी, लेकिन अब उसे अपने बचे हुए दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा।

सिटी की टीम 36 मैचों में 65 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के नाम 35 मैचों में 67 अंक है। खिताब पक्का कर चुकी लीवरपूल 82 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दूसरे और सातवें स्थान की टीमों के बीच छह अंक का फासला है ऐसे इन सभी टीमों के पास चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा।

इस ड्रा मुकाबले से साउथेम्प्टन की टीम एक निराशाजनक रिकॉर्ड को अपने नाम करने से बच गई। साउथेम्प्टन के नाम अब 36 मैचों में 12 अंक हो गए, जबकि ईपीएल में सबसे कम अंक का रिकॉर्ड 2007-08 में डर्बी काउंटी के नाम है जिसने महज 11 अंक हासिल किए थे। अन्य मैचों में एस्टन विला ने ओली वाटकिंस के पहले हाफ में किये गोल की बदौलत बोर्नमाउथ 1-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)



## सफलता — तीरंदाजी विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन, जीते सात पदक

# दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंखे ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, शंघाई**

भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही, जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनाई।

भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ। कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामणगांवकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया। दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया। इस 21 साल की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ने पिछले साल येचियोन विश्व कप में भी भारतीय तीरंदाज को अंतिम चार में शिकस्त दी थी।





भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि, सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली। पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि, वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया। चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली। वहीं, पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालिफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया। (अनंत ज्ञान)